धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
04.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी-सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 204



12 दक्षिण अफ्रीका को वित्तीय सहायता देना बंद करेंगे ट्रंप



## झामुमो ने सरकार के सामने रखा 50 सूत्री मांग पत्र

# झामुमो को आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों की है चिंता

### स्थापना दिवस समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 46वें झारखंड दिवस समारोह के जरिये हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के सामने 50 सूत्री मांग रखी है। इनमें आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के हित का ख्याल रखने पर जोर दिया गया है। इसमें ग्रामसभा को सशक्त बनाने, साहिबगंज से खासमहल व्यवस्था को खत्म करने और तृतीय/चतुर्थ वर्गीय पद को स्थानीय निवास करने वाले रैयत के वंशजों के लिए आरक्षित करने का जिक्र है। पार्टी का स्थापना दिवस समारोह रविवार की देर रात दुमका के गांधी मैदान में संपन्न हो गया। समारोह को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन समेत तमाम सांसदों, मंत्रियों और विधायकों ने संबोधित किया। ----------

**स्पष्ट विस्थापन और पुनर्वास नीति बने**

स्थापना दिवस समारोह में 50 सूत्री मांग पत्र राज्य सरकार को सौंपा। मांग पत्र के अनुसार रैयतों को खनिजों में मालिकाना हक मिले। राज्य में स्पष्ट विस्थापन और पुनर्वास नीति बने। एनआरसी, यूसीसी और सीएए को झारखंड में खारिज किया जाये। अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन हो। झारखंड में पूर्ण नशाबंदी लागू हो। दुमका में हाईकोर्ट के खंडपीठ गठित हो मिनी सचिवालय का भी निर्माण हो। जंगलों की सुरक्षा और संवर्द्धन में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित हो। पलायन को रोकने के लिए रोजगार मुहैया कराने पर जोर। झारखंड में वित्त रहित शिक्षा नीति लागू की जाये। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी स्थानीय निवासियों के वंशजों के लिए आरक्षित हो। सिद्धो-कान्हू विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिले। ग्राम शिक्षा समिति और ग्राम स्वास्थ्य समिति को सशक्त बनाने पर जोर। मदरसा बोर्ड का गठन कर आलिम-फाजिल डिग्री को सरकारी नियुक्तियों में बराबर की मान्यता मिले। झारखंड के आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा मिले।

सभी पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र को नियमित किया जाये। साहिबगंज में खासमहल की व्यवस्था समाप्त की जाये। सोहराय, बंदना और टुसू को राजकीय पर्व घोषित किया जाये। ग्रामसभा को सशक्त करने पर जोर। केंद्र सरकार राज्य सरकार को अलग-अलग मदों में बकाया 1.36 लाख करोड़ रु का भुगतान अविलंब सुनिश्चित करे। जिला स्तर पर गंभीर बीमारियों की जांच और ईलाज की सुविधा हो। उपराजधानी में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की जाये।





### बजट में झारखंड को कुछ नहीं

समारोह में इस दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि शिबू सोरेन के लंबे संघर्षों के बाद हमें झारखंड राज्य प्राप्त हुआ है। जनता ने लगातार दूसरी बार यहां महागठबंधन की सरकार बनायी। हम जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विकास की गति को आगे बढ़ायेंगे। वहीं, राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड राज्य की उपेक्षा कर रही है। इस बार के बजट में यहां के लिए कुछ भी नहीं है। जामा की विधायक लुइस मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। जबकि एनडीए ने महिला सम्मान को कोर्ट में चैलेंज किया। वे लोग समाज को बांटना चाहते हैं। कुछ लोग राज्य को और पूरे देश को नफरत की आग में झोंक रहे हैं। ऐसे दल, षडयंत्रकारियों से हमें बचना होगा। शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक सोरेन ने कहा कि यहां आदिवासियों का शोषण हो रहा था। जल, जंगल व जमीन की लूट हो रही थी, तब दिशोम गुरू शिबू सोरेन उम्मीद की किरण बनकर आये और अलग राज्य बनाया। हम सभी पर जिम्मेदारी झारखंड को संवारने की है।


**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
Fueling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## नॉन स्टेट सिविल सर्विस के 6 अफसरों को मिली भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति

### रांची एसएसपी की पत्नी कंचन सिंह बनीं आईएएस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के छह नॉन स्टेट सिविल सर्विस के अधिकारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा के तहत झारखंड कैडर में प्रोन्नति मिली है। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय अवर सचिव ने इस बाबत सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। साल 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध इन सभी को प्रोन्नति मिली है। इनमें कंचन सिंह, धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, बिजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद के नाम शामिल हैं। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरूद्ध इन्हें प्रमोशन मिला है। अधिसूचना में कहा गया है कि गैर-राज्य सिविल सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को राज्य सरकार के परामर्श से उक्त विनियमावली के विनियम 3 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2023 (गैर-एससीएस) की चयन सूची के लिए अगले आदेश तक परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं। इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 5(1) के अंतर्गत झारखंड संवर्ग को आवंटित करते हैं।



**रांची एसएसपी की पत्नी भी बनीं आईएएस :** बताते चलें कि आईएएस कैडर में प्रोन्नति पाने वाली कंचन सिंह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी हैं। उन्होंने सीडीपीओ पद से सेवा की शुरूआत कर इस मुकाम को हासिल किया है। फिलहाल समाज कल्याण विभाग में सहायक निदेशक के पद पदस्थापित हैं। वहीं प्रीति रानी और सीता पुष्पा भी सीडीपीओ हैं। इस लिस्ट में शामिल बिजय कुमार सिन्हा इंजीनियरिंग सेवा से हैं और ऊर्जा विभाग में मुख्य अभिंयता के पद पर पदस्थापित हैं। वहीं, राजेश प्रसाद और धनंजय कुमार सिंह राज्य श्रम सेवा के अधिकारी हैं और संयुक्त श्रमायुक्त के पद पर श्रम विभाग में पदस्थापित है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद संबंधित अधिकारियों को बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

## समाज में संवाद स्थापित करने की जरूरत: धर्मगुरु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। पुरूलिया रोड से स्थित एसडीसी सभागार हॉल में सदभावना संवाद सामाजिक सद्भावना और सामाजिक समरसता को लेकर सेमिनार आयोजित की गई। इसमें बौद्ध धर्म से भंते जितेन्द्र सिंह तथागत ,सिख धर्म से गुरु डां हरमिंद्र सिंह, ईसाई धर्म से फादर टोनी, हिंदू धर्म से रवि कुमार पिंकु शामिल थे। सभी ने प्रदेश में सद्भावना मंच बनाने पर जोर दिया, ताकि देश में फैलाया जा रही नफरत को दूर किया जा सके। इसके लिए सभी समाज के धर्मगुरुओं ने कहा कि समाज के बीच संवाद स्थापित करना होगा। सद्भावना संवाद समाज से सभी समुदाय को जोडने का प्रयास करता है।

कहा कि समाज में रहने वाले धर्म, जाति और लिंग पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी मानव जाति में इंसानियत होना चाहिए। सद्भावना स्थानीय मंच है। आज इसकी आवश्यकता पड़ गई है। नेताओं द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए समाज को बांटने का प्रयास होता है। इस पर सभी धर्म गुरुओं को इंसानियत दिखाने की जरूरत है। धार्मिक स्थल के नाम पर समाज बंट रहा है। ऐसे स्थान पर धर्मगुरु को रोल प्ले करना होगा। राज्य स्तर पर धार्मिक जन मोर्चो बनाने का प्रयास करना होगा। गांव, मुहल्लों और शहर में सद्भावना मंच तैयार करना होगा।

**सभी लोग एक ही ईश्वर की संतान हैं :** कहा कि राज्य में सभी धर्म के लोग रहते आ रहे हैं। सभी लोग मिलकर जुलकर रहते हैं। सभी लोग एक ही ईश्वर की संतान हैं। सभी को एक दूसरे से प्रेम करना चाहिए. देश में धर्म को लेकर नफरत फैलाया जा रहा है। हरेक इंसान को आदर पूर्वक और समानता लाने का प्रयास करना चाहिए। अपने धर्म में उच्च नीच का भावना को दूर करने की जरूरत है। समानता के लिए काम करने की जरूरत है। आज लोगों के धर्म के नाम पर दिल,मन में नफरत फैलाया जा रहा है। इसे दूर करने के लिए लोगो के बीच समाज संवाद करना होगा।

**भारतीयता ही धर्म है :** कहा कि साम्प्रदायिक एकता को बनाए रखने के लिए समाज के बीच संवाद स्थापित करना होगा। भारतीयता ही धर्म है। समाज में संवाद करना होगा। मौके पर सिख धर्म गुरू हरमिंदर सिंह, बौद्ध धर्म गुरू भंते जितेंद्र सिंह तथागत, ईसाई धर्म से फादर टॉनी, सामाजिक कार्यकार्ता रतन तिर्की, हिंदू धर्म से महावीर मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पिंकु, खालिद साजिद, मतलूब अहमद, मोहम्मद साजिद, जमात -ए-इस्लामी हिंद के नायब अमीर इंजिनियर सलीम, मुहम्मद सुफयाना समेत अन्य मौजूद थे।

# नयी झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के तहत आज से दे सकते हैं नये आईडिया

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति है गंभीर

### 7 दिसंबर 2023 की कैबिनेट में मिली थी नयी झारखंड स्टार्टअप नीति की स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर बीते 7 दिसंबर 2023 को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य की नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 को स्वीकृति मिली थी। अब झारखंड सरकार द्वारा राज्य में नई झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के अंतर्गत एबीवीआईएलडॉटझारखंडडॉटगॉभडॉटइन पोर्टल के माध्यम से नए स्टार्टअप आईडिया मंगलवार से प्रारंभ किया जा रहा है। अब, इस पोर्टल के माध्यम से एप्लिकेंट अपने आज से आइडियाज दे सकेंगे।

**राज्य में नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 है लागू :** राज्य में नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 लागू है। इसके सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए एबीवीआईएल का गठन कंपनीज एक्ट 2013 के तहत सेक्शन 8 के रूप में किया गया है।

इस एजेंसी का कार्य राज्य में स्टार्टअप का चयन करना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना तथा पॉलिसी में प्रावधानित फिस्कल एवं नॉन फिस्कल इंसेंटिव्स का कॉमन इंसेंटिव डिसबर्समेंट गाइडलाइन के तहत क्रियान्वयन करना है।

**ऑनलाइन आइडिया प्राप्त करने के लिए बनाया गया है डिजिटल प्लेटफॉर्म :** इस पॉलिसी के तहत ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है। इसका यूआरएल एबीवीआईएलडॉटझारखंडडॉटगॉभडॉटइन है। इसके माध्यम से नई स्टार्टअप आईडिया को एप्लीकेंट द्वारा ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा तथा विभाग द्वारा स्टेट इवैल्यूएशन बोर्ड की बैठक बुलाकर स्टार्टअप की चयन प्रक्रिया दिनांक 4 फरवरी 2025 से प्रारंभ की जाएगी।

### 2028 तक राज्य में 1 हजार स्टार्टअप विकसित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुरानी स्टार्टअप पॉलिसी 2016 को रद्द करते हुए 7 दिसंबर 2023 को नई पॉलिसी(नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023) को स्वीकृति दी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग ने इसे अधिसूचित कर दिया है। इसी के साथ 2016 में लागू नीति रद्द कर दी गई है। नई स्टार्टअप पालिसी अगले पांच साल के लिए लागू की गई है। इस दौरान (साल 2028 तक) राज्य में कम से कम एक हजार स्टार्टअप को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवधि तक राज्य में अनुकूल इकोसिस्टम तैयार कर अग्रणी 10 राज्यों में झारखंड को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### बार कौंसिल की रिपोर्ट का हाईकोर्ट के वकीलों को इंतजार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव पर वकीलों को झारखंड बार कौंसिल के निर्णय का इंतजार है। 23 जनवरी को मतगणना के दौरान भारी हंगामा के बाद चुनाव कमेटी ने मतदान रद्द कर दिया था। चुनाव कमेटी ने अपनी रिपोर्ट झारखंड बार कौंसिल को भेज दी थी। इस रिपोर्ट के बाद बार कौंसिल ने अपने पर्यवेक्षकों से भी रिपोर्ट मांगी थी। अब बार कौंसिल के निर्णय का इंतजार हो रहा है। झारखंड बार कौंसिल को मतदान दोबारा कराने या नये सिरे से मतगणना कराने पर अपना निर्णय देना है। झारखंड एसोसिएशन के मतदान के बाद जब मतगणना शुरू हुई तो कुल वोटिंग को लेकर विवाद हो गया था। कुल मत 1509 पड़े थे, लेकिन मतदान के बाद कुल मतदान की घोषणा में 1409 वोट बताए गए थे। इस कारण वकीलों और कुछ उम्मीदवारों ने हंगामा कर दिया था। इसके बाद चुनाव कमेटी ने चुनाव रद्द कर झारखंड बार कौंसिल को अपनी रिपोर्ट भेज दी। रिपोर्ट में सभी बिंदुओं की जानकारी देते हुए तीन वकीलों को हंगामा में मुख्य भूमिका निभाने के लिए दोषी बताया गया था और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा झारखंड बार कौंसिल से की गयी। रिपोर्ट मिलने के बाद बार कौंसिल ने तीन वकीलों को शोकॉज जारी किया था। इसके बाद बार कौंसिल के पर्यवेक्षकों ने पूरी घटनाक्रम की जांच शुरू की। इस दौरान सभी उम्मीदवारों और हंगामा करने वालों से बात की। अब पर्यवेक्षकों को अपनी रिपोर्ट बार कौंसिल को सौंपनी है।

### भाकपा माले नेता विनोद लहरी का निधन

**रांची।** भाकपा माले के पूर्व राज्य कार्यालय सचिव विनोद लहरी का रविवार देर रात निधन हो गया। उन्होंने रांची स्थित सरकारी अस्पताल रिम्स में अंतिम सांस ली। यह जानकारी पार्टी नेता त्रिलोकी नाथ ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि भाकपा-माले नेता के निधन से पूरी पार्टी आहत है। पार्टी राज्य कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इससे पहले सोमवार सुबह को उनका पार्थिव शरीर पार्टी कार्यालय लाया गया। यहां पार्टी के तमाम नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और लाल झंडे के साथ अंतिम विदाई दी। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉक्टरों के अनुसार बिनोद लहरी की मृत्यु डिसइलेक्ट्रोलाइटीमिया के कारण हुई।

### विधवा पुनर्विवाह योजना के लिए रांची में आया पहला आवेदन

**रांची।** राज्य सरकार की विधवा पुनर्विवाह योजना का लाभ लेने के लिए रांची में एक आवेदन आया है। कांके प्रखंड की एक महिला ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन मिलने के बाद जिला प्रशासन ने योजना का लाभ देने के लिए जरूरी प्रक्रियाएं शुरू कर दी है। इस योजना के तहत पुनर्विवाह करने पर सरकार दो लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देती है। पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस योजना की शुरूआत की थी। योजना का मुख्य उद्देश्य कई बार जीवन साथी के बिछड़ने के बाद कम उम्र में भी महिलाओं को काफी समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में झारखंड सरकार की इस योजना से समाज को प्रेरणा मिलेगी।

# डीजीपी के पद पर पदस्थापित किये गये अनुराग गुप्ता, अधिसूचना जारी

### सरकार ने किया डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, अब केंद्र को नहीं भेजी जायेगी पैनल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार की मंजूरी के बाद 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित किए गए। इसे लेकर सोमवार की दोपहर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले रविवार की रात सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियमित नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी थी। उनकी नियुक्ति दो साल के लिए होगी। उनका कार्यकाल 26 जुलाई 2024 से दो साल के लिए होगा। अनुराग गुप्ता अभी झारखंड के प्रभारी डीजीपी थे। साथ ही वह सीआईडी डीजी के पद पर पदस्थापित हैं और वह एसीबी के डीजी पद के अतिरिक्त प्रभार में हैं।



**2022 में मिली थी डीजी रैंक में प्रोन्नति :** बताते चलें कि साल 2022 में सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजी रैंक में प्रोन्नति दी थी। प्रोन्नति मिलने के बाद वह डीजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित रहें। 26 जुलाई 2024 को सरकार ने उन्हें झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया। विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें प्रभारी डीजीपी के पद से हटाने का आदेश जारी किया था और अजय सिंह को डीजीपी बनाया गया था। इसके बाद बीते 28 नवंबर को सरकार ने अनुराग गुप्ता को दुबारा झारखंड पुलिस का प्रभारी डीजीपी बनाया। अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। गढ़वा, गिरिडीह, हजारीबाग जैसे जिलों में एसपी और रांची के एसएसपी के पद पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये। एकीकृत बिहार में भी अनुराग गुप्ता ने बेहतर कार्य किये थे। तब उन्हें वीरता के लिए राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड मिला था। डीआईजी बनने के बाद उन्होंने बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर लंबे समय तक काम किया। आईजी रैंक में प्रोन्नति मिलने के बाद वह झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी प्रोविजन के पद पर रहे। उन्होंने सीआईडी के आईजी के पद पर भी काम किया। अनुराग गुप्ता को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद का लंबा अनुभव है। सीआईडी डीजी रहते हुए उन्होंने कई साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कराया।

**राज्य सरकार ने डीजीपी नियुक्ति में किया बदलाव :** मालूम हो कि यूपी, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना की तर्ज पर झारखंड सरकार राज्य में भी डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) नियुक्ति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड ( पुलिस बल प्रमुख) का चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 दिया गया है। सात जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया था। सरकार के इस फैसले से पहले डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार यूपीएससी को आईपीएस अधिकारियों के नामों का पैनल भेजती थी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: आरएसओ-सीकेपी-आरआर-बीएसपीएक्स-24-27-3, दिनांक 01.02.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए "दो पैकेट प्रणाली" (पैकेट-I: तकनीकी बोली तथा पैकेट-II: वित्तीय बोली) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** रनिंग रूम बांसपानी (बीएसपीएक्स) का 1095 दिनों के लिए अनुरक्षण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,16,52,746.40; **ईएमडी:** रु. 2,08,300; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 5,000; **ई-निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 24.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास **क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट** होना चाहिए तथा **आईआरईपीएस पोर्टल** के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-1095)


# हमें झारखंड में संगठन के मजबूतीकरण की दिशा में काम करना है : मीर

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में खुलकर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन के संबंध में अपने विचार रखें साथ ही साथ झारखंड की राजनीतिक परिस्थितियों पर भी खुलकर चर्चा की आने वाले नगर निकाय चुनाव की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख तथ्यों पर सदस्यों ने अपना मंतव्य दिया। सदस्यों के विचारों के पश्चात गुलाम अहमदम मीर ने कहा कि हमें झारखंड में संगठन के मजबूतीकरण की दिशा में काम करना है। आने वाले कुछ दिनों के अंदर में सभी के सुझावों के अनुसार अनुरूप प्रदेश कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। कमेटी में गणेश परिक्रमा करने वाले लोगों को जगह नहीं दिया जाएगा, बल्कि ऐसे लोगों को कमिटी में रखा जाएगा, जो पूर्व से ही संगठन के क्रियाकलापों में आंदोलन और कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी रहे हैं। अपनी मजबूत भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव से लेकर वर्तमान के विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहने वाले लोगों को संगठन में उचित स्थान और मान सम्मान दिया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए काम करने वाले लोगों की समीक्षा लोकसभा चुनाव के समय से ही लगातार जारी है। संगठन के आगामी कार्यक्रम और संगठन और सरकार के बीच समन्वय के लिए एक रोड मैप तैयार करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल देते हुए कहा कि एक मजबूत संगठन के लिए बेहतर कार्य योजना की आवश्यकता होती है। संगठन मजबूत रहेगा तभी हम विरोधी दलों से जीत सकते हैं। सभी के लिए यह चेतावनी है संगठन में खींचतान बंद करें और अपना हर कदम मजबूती के लिए बढ़ाएं।

संगठन हित में किया गया कोई भी काम राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूती प्रदान करता है आज हम जिन मुद्दों को लेकर देश में संघर्ष कर रहे हैं उन मुद्दों पर जीत के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है। विभाजनकारी शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हैं हमें उनके खिलाफ लड़ना है इसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2025 का वर्ष संगठन सशक्तिकरण का वर्ष है आने वाले कुछ दिनों में हम एक और चुनावी परीक्षा की घड़ी से गुजरेंगे इस परीक्षा मे पास करने के लिए हमें एक दूसरे का साथ देना होगा। नगर निकाय चुनाव में हमारी जीत होती है तो यह संगठन के लिए बेहतर होगा क्योंकि नगर निकाय चुनाव वार्ड स्तर से होते हैं और संगठन की पहली सीढ़ी ही वार्ड स्तर से शुरू होती है। सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमें नए लोगों की भर्तियां करनी होगी कांग्रेस के विचारों से लोगों को अवगत कराना होगा सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकार की और कांग्रेस की उपलब्धियों को जनता को बताना होगा ताकि हम जनता का भरोसा जीतने में कायम हो सके। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सभी मंत्री और विधायक अपने कार्यों से जनता का दिल जीते और कार्यकताओं को प्राथमिकता दें कार्यकर्ता मजबूत होंगे तो संगठन मजबूत होगा संगठन के नेताओं कार्यकताओं को चाहिए की जनता के पास जाएं उनकी समस्याओं को जाने और उसके निराकरण की दिशा में प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर पहल करें ताकि लोग हमसे जुड़ते चले। कांग्रेस की मजबूती के लिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना जरूरी है, सामाजिक समीकरणों के हिसाब से भी संगठन की मजबूती की दिशा में काम करना चाहिए।

बैठक में प्रमुख रूप से सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अनूप सिंह, ममता,देवी, सुरेश बैठा, नमन विक्सल कौनगाड़ी, सोनाराम सिंकू, रामचंद्र सिंह रविंद्र सिंह संजय लाल पासवान शहजादा अनवर केएन त्रिपाठी,मंजूर अहमद अंसारी,सतीश पाल मुजनी,बंधु तिर्की, बादल पत्रलेख,रियाज अंसारी,अभिलाष साहू जेपी भाई पटेल,बलजीत सिंह बेदी,बृजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद बन्ना गुप्ता अंबा प्रसाद अनवार अहमद अंसारी राम खलको भीम कुमार गजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

04.02.2025

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी-सप्तमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 204



राज्यभर में सरस्वती पूजा की धूम

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में थमा चुनावी शोर, पांच को मतदान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए करीब एक महीने तक चला चुनावी शोर थम गया। विधानसभा की 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान होगा। चुनाव नतीजे आठ फरवरी को आयेंगे। इस बार 699 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### मां शारदे की भक्ति में डूबा झारखंड

**रांची।** वसंत पंचमी पर सोमवार को झारखंड समेत राजधानी रांची मां शारदे के भक्ति में डूबी रही। रांची के विभिन्न गली मोहल्लों में सुबह से विद्यार्थियों का उत्साह देखते बन रहा है। बच्चे नहा धोकर मोहल्लों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना की तैयारी में जूट गये। पंडालों में आचार्य ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। मां सरस्वती का फूल, ऋतुफलं, धूप और दीप दिखाकर पूजा की गयी।

## तीसरी आंख




## केंद्र सरकार को सिर्फ पूंजीपतियों की चिंता, गरीबों की नहीं : हेमंत सोरेन

# केंद्र शीघ्र बकाया दे, नहीं तो होगा हूल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, दुमका।** मुखयमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र सरकार पर झारखंड की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि खनिज संपदा और रेल रेवेन्यू से इस राज्य से केंद्र सरकार को बड़ा राजस्व मिलता है, लेकिन हमें कुछ नहीं मिलता है। केंद्र सरकार को सिर्फ देश के पूंजीपतियों की चिंता है। बजट में भी यह दिखा। केंद्र सरकार सभी प्रदेशों के माई-बाप है, उन्हें तो सब पर बराबर नजर रखनी चाहिए। केंद्र सरकार के पास हमारा जो कुल 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का बकाया है, हमें वह भी नहीं मिल रहा। श्री सोरेन दुमका में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में रविवार की देर रात बोल



रहे थे। इस मौके पर पार्टी के तमाम नेताओं ने कहा, अब केंद्र से बकाया राशि लेने के लिए आंदोलन (हूल) होगा।

**केंद्र की नजर सिर्फ खनिज संपदा पर :** केंद्र सरकार की नजर यहां की खनिज संपदा पर है और वह इसे लूटना चाहती है। जब डबल इंजन की सरकार थी तब ना जाने कितना लूटा भी। कल्पना ने कहा कि आने वाले दिनों में हमलोग झारखंड से निकल कर देश के अन्य राज्यों में भी अपनी पार्टी का विस्तार करेंगे।

**खनिज भेजना रोक देंगे : बसंत सोरेन :** समारोह में दुमका विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड का बकाया देने में आनाकानी कर रही है। लेकिन हम अपना हक लेना जानते हैं। अगर केंद्र सरकार नहीं मानती है तो खनिज पदार्थ का एक टुकड़ा भी राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे।

**आदिवासी यहां आयें, हम बसायेंगे: सोरेन :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि असम में झारखंड के 20 प्रतिशत आदिवासी समाज के लोग रहते हैं लेकिन उन्हें वहां आदिवासी का दर्जा प्राप्त नहीं है। उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। संथाली भाषा में उन्होंने मंच से ऐलान किया कि देश के किसी कोने में जहां आदिवासी समाज के लोग रह रहे हैं आप यहां आयें, हम आपको बसायेंगे।

### हो जायें अब आंदोलन को तैयार: कल्पना

इस मौके पर सीएम की पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन और भाइ बसंत सोरेन समेत तमाम नेताओं ने बकाया राशि को ले कर आंदानन आंदोलन का एलान किया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार के पास झारखंड का जो करोड़ों रुपये बकाया है, उसे पाने के लिए आप सभी हूल (आंदोलन) के लिए तैयार रहें। झारखंड की यह धरती आंदोलन और संघर्ष की धरती है। गुरुजी शिबू सोरेन ने वर्षों पहले महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन कर हमें यह राह दिखायी है। झारखंड में अभी आंदोलन थमा नहीं है। हमारा आंदोलन अपने बकाया राशि की प्राप्ति को लेकर होगा।

### महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार : सीएम

सीएम श्री सोरेन से सोमवार को दुमका के खिजुरिया स्थित आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने भेंट की और कर अपनी समस्याएं सुनायी। सीएम ने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर उन्होंने कहा, यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में फिर मजबूत सरकार बनी है। आपकी समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने जो भी वादे किये हैं, उन सभी वादों को पूरा करते हुए राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का काम कार्य हो रहा है।

### सीबीआइ जांच में नैक की रेटिंग में घोटाले का खुलासा

## झारखंड व आंध्र में छापा वीसी समेत 10 गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीआइ की जांच में नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) की रेटिंग में बड़ा घोटाले सामने आया है। इस मामले को लेकर सीबीआइ की टीम ने लगातार दो दिनों तक झारखंड से लेकर आंध्रप्रदेश तक छापेमारी की। सीबीआई ने आंध्रप्रदेश के गुंटूर में स्थित कोनेरु लक्ष्मैया एजुकेशन फाउंडेशन के पदाधिकारियों और नैक निरीक्षण टीम के अध्यक्ष, समन्वयक व सदस्यों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पलामू स्थित निजी शिक्षण संस्थान रामचंद्र चंद्रवंशी युनिवर्सिटी के कुलपति भी शामिल हैं। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति समरेन्द्र नाथ साहा नैक निरीक्षण समिति के अध्यक्ष हैं।

**घूस के बल पर रेटिंग बढ़ाना की साजिश :** सीबीआई की जांच में पता चला है कि आंध्र प्रदेश का शिक्षण संस्थान केएलईएफ रिश्वत देकर ए प्लस प्लस रेटिंग हासिल करने की कोशिश कर रहा था।

(शेष पेज 11 पर)

### रांची-टाटा रोड पर हादसा, दो की मौत

**रांची।** टाटा मुख्य मार्ग पर कार और ट्रेलर की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गयी। यह भीषण हादसा तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव के पास हुआ। मृतकों में जमशेदपुर के गोलमुरी निवासी रितु राज कुमार (25) और जान्हवी कुमारी (20) शामिल हैं। रितु राज की बहन रोहिणी सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। ये लोग एक कार रांची में एक शादी समारोह में भाग ले कर जमशेदपुर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गयी। कार में सवार तीनों लोग कार में फंस गये।

## अमृत स्नान पर नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन

### संगम में डुबकी लगाने पांच को आयेंगे पीएम मोदी

**प्रयागराज(एजेंसी)।** महाकुंभ में सोमवार को बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर करीब ढाई करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। सरकार को देर रात तक पांच करोड़ लोगों के डुबकी लगाने का अनुमान है। सोमवार को 13 अखाड़ों का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इन नागा



साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवार लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।


**कल आयेंगे मोदी, सिर्फ डुबकी लगायेंगे :** महाकुंभ में स्नान के लिए बुधवार पांच फरवरी को पीएम मोदी प्रयागराज आ रहे हैं। उनके प्रोटोकॉल में बदलाव हो गया है। उनका कार्यक्रम बेहद छोटा कर दिया गया है। पीएम मोदी अब केवल एक घंटा ही प्रयागराज में रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)




## स्पीड न्यूज

### प्रखंड क्षेत्र में विद्या दात्री मां सरस्वती की आराधना में लीन रहे भक्त



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना में लोग लीन रहे। शहर के मेन बाजार, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित कई स्थानों पर पूजा समितियों द्वारा निर्मित पंडाल में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। वहीं सभी सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी विद्या दायिनी का पूजन किया गया। इस दौरान देर शाम तक पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की भीड़ रही।

### झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री से मिलेगा

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से झारखण्ड आन्दोलनकारियो के समस्याओं के निराकरण के लिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान महासचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में केंद्रीय प्रतिनिधि मंडल 7 फरवरी 25 को रांची के आवासीय कार्यालय में मिल कर ज्ञापन सौपेगा। 16 फरवरी धुर्वा डैम पर आयोजित मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि मंत्री जी से मिलने का समय निर्धारित हो गया है। झारखंड राज्य स्वभाविक राज्य नहीं है बडी कुबार्नी और बलिदान के बदौलत बनी है। उन्होंने मंत्री जी से आन्दोलनकारियो को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी झारखण्ड आन्दोलनकारियो को समान्य पेन्शन व झारखण्ड सेनानी का दर्जा देकर स्वतंत्रता सेनानियों के जैसा तमाम सुविधा प्रदान करने की मांग की है। व बर्तमान वजट सत्र मे आन्दोलनकारी के हितों मे प्रावधान करने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आन्दोलनकारियो के हितों की रक्षा के लिए सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी।

### पलामू के खिलाड़ियों के लिए लाभप्रद होगा डेडीकेटेड स्पोर्टस एकेडमी



मेदिनीनगर। पोखराहा खुर्द मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के कैंपस में एक भव्य समारोह में डेडीकेटेड सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड साइंस के तहत डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी का उदघाटन किया गया। मौके पर मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर श्वेता कुमारी ने पूजा अर्चना के साथ की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के प्रमुख सदस्य एवं पंचायती राज्य परिषद के अध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने डेडीकेटेड स्पोर्ट्स एकेडमी का उदघाटन किया। उन्होंने कहा पलामू प्रमंडल के खिलाड़ी और खेल प्रेमियों के लिए डेडीकेटेड सोसाइटी के संस्थापक आईआईटी गुरु इंजीनियर विनय कुमार मेहता के द्वारा शैक्षिक क्षेत्र में किए गए अनेकानेक अभिनव प्रयोगो की श्रृंखला में एक और माइलस्टोन की ओर बढ़ता कदम डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकैडमी का प्रारंभ होना वाकई पूरे पलामू प्रमंडल के लिए बेहद गौरवशाली होने का क्षण है। विशिष्ट अतिथि पलामू क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि डेडिकेटड एकेडमी स्पोर्ट खुलना पलामू के खिलाड़ियों के लिए लाभदायक होगा। अकादमी में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल इत्यादि समेत विभिन्न खेलों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। डेडीकेटेड सोसाइटी के अध्यक्ष इंजीनियर विनय मेहता ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर अपना नाम रोशन कर सकें। मौके पर डेडीकेटेड स्पोर्ट्स अकादमी के क्रिकेट कोच एसके सिंह उर्फ राजा बाबू भी मौजूद थे। मौके पर डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल, मानवदेवी डेडीकेटेडइंटर कॉलेज एवं डेडीकेटेड अकादमी के सभी शिक्षक साथ ही रेडियो सम्राट के सदस्य मौजूद थे।

### मनातू : 10 एकड़ केदल वनभूमि में लगाये गये पोस्ते की फसल नष्ट



मेदिनीनगर। जिला के एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर मनातू थाना अंतर्गत ग्राम केदल स्थित वन भूमि में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। मनातू पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर एवं रोटावेटर की सहायता से करीब 10 एकड़ में लगी इस अवैध फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समाज को नशा मुक्त बनाया जा सके।

### शिवघाट मेला समिति की बैठक संपन्न दिवाकर अध्यक्ष और विकास बने महामंत्री



चैनपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत गांधीपुर शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला को सफल बनाने निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख सुनील सिंह ने की तथा संचालन श्यामलाल चौरसिया ने किया। बैठक में मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का भी निर्णय लिया गया। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विधि विधान से पूजन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मेला की सफलता के लिए कमिटी का गठन किया गया जिसमें अधिवक्ता दिवाकर दूबे को अध्यक्ष, श्यामलाल चौरसिया को उपाध्यक्ष, विकास दूबे व सूरज पाण्डेय महामंत्री, राहुल चौरसिया कोषाध्यक्ष, जितेंद्र चौरसिया को सह कोषाध्यक्ष, रामलाल चौरसिया और अमित कुमार मंत्री, संदीप चौरसिया मीडिया प्रभारी, प्रदीप दूबे तथा सुनील सिंह जी को संरक्षक का दायित्व दिया गया है। जबकि मेला के दिन मंच संचालन का कार्य अशोक द्विवेदी करेंगे। मेला को सफल बनाने के लिए अनुज चौरसिया, दीपक चौरसिया, प्रदीप शर्मा, पंकज दूबे तथा आसपास के लोग तन मन धन से मदद करने का संकल्प लिया।

### कम्प्यूटर का ज्ञान युवा पीढ़ी के लिए वरदान है : अजय राय



हरिहरगंज पलामू। शहर के मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर के समीप सोमवार को शिखा कम्प्यूटर सेंटर प्रारंभ किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य अजय राय तथा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्व ज्यादा है। कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान युवा पीढ़ी के लिए वरदान है। वहीं संचालक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यहां डीसीए, एडीसीए, टेली सहित अन्य सभी कोर्स की पढ़ाई की जाएगी। इस अवसर पर शिक्षक मृत्यंजय सिंह, चिक्कू सिंह, गोल्डेन, आदर्श, राम बल्लभ सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### श्रीरामचरितमानस यज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के गंगतुआ ग्राम में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, इंदल महतो, कामता सिंह ने किया।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा, वर दे वीणावादिनी वर दे..



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। ज्ञान की देवी मां शारदे की वंदना में जिलेवासी लीन देखे गये। शिक्षण संस्थानों, विभिन्न चौराहों, गलियों व मुहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सजावट व धार्मिक गीतों वर दे वीणावादिनी, मां शारदे भवानी तू कहां बीणा बजा रही है जैसे गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया। शहर के कई स्कूलों व चौक चौराहों पर लोगों ने मूर्ति स्थापित कर मां सरस्वती की आराधना करते देखे गये। पूजा को लेकर खासकर बच्चों व युवाओं में उत्साह देखा गया।

### अघोर आश्रम में बाल विकास संघ ने की मां सरस्वती की अराधना



अघोर आश्रम स्थित बाल विकास संघ द्वारा माघ महीना की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर अराधना की गई। श्रद्धालुओं ने माता सरस्वती से विद्या बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद लिये। मां सरस्वती की कृपा से बुद्धि और धन की प्राप्ति होते हैं। पुरोहित आचार्य दिलीप पाठक ने बताया कि मां सरस्वती को पीला रंग काफी पसंद होता है। हमारे जीवन में मां सरस्वती के बिना उनके आशीर्वाद की जीवन अंधकार में होता है। हम सभी व्यक्ति को प्रत्येक दिन सुबह 5:00 बजे उठकर स्नान दान कर मां सरस्वती की वंदना कर हमारे बच्चे मां का आराधना करके विद्यालय जाना चाहिए। मौके पर श्रद्धालु विराट धर दुबे, उज्जवल, पिंटू, बबलू तिवारी, डॉ धनंजय पांडेय, समाजसेवी प्रकाश, शांति देवी, विद्या देवी, पुनीता देवी, मधु देवी, प्रभा देवी समेत लोग उपस्थित थे।

### तीनकोनिया टोला में मनी सरस्वती पूजा



मेदिनीनगर। सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत कौड़िया के तीनकोनिया टोला में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। पूजा को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। पूजा स्थल को बच्चों व युवाओं ने आकर्षक ढंग से सजाया था। यंग जागृति संघ के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा व महामंत्री अनुप सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच बुंदिया प्रसाद का वितरण किया। संघ के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा ने कहा कि वे लगातार पांच वर्षों में सरस्वती पूजा कर प्रसाद का वितरण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा आस्था व श्रद्धा का पर्व है। पूजा समिति के अध्यक्ष जय विश्वकर्मा ने कहा कि सरस्वती पूजा हर्षोल्लास व शांति के साथ मनाया जा रहा है। पूजा को लेकर विद्यार्थियों में उमंग देखा जा रहा है। मां सरस्वती बच्चों को अज्ञानता मिटाकर शिक्षा प्रदान करें। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष आनंद सिंह, सचिव सुधीर कुमार, रोहित कुमार, किशन सिंह, चंदन रजक, सचिन कुमार, शेखर रजक, नीतेश रजक समेत कई लोगों ने भूमिका निभाये।

# जपला में खुला संस्कार प्ले एण्ड पब्लिक स्कूल

**बुनियादी व नर्सरी शिक्षा पौधा के समान होते हैं, इसे बेहतर सींचना ही है उद्देश्य : डॉ विनय कुमार**





गौतम पटेल

**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती पूजा के शुभावसर पर जपला छतरपुर मुख्य सड़क ऊपरी कला मोड़ पर संस्कार प्ले एण्ड पब्लिक स्कूल खोला गया जिसका उदघाटन न्यू वनांचल अस्पताल के डॉक्टर विनय कुमार, डॉ पूनम कुमारी, यूएमएस ऊपरी के प्रधानाध्यापक उमेश चन्द्र कुमार, नागेंद्र सिंह, जनेश्वर प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर डॉ विनय कुमार स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सरी स्कूल एक संरचित वातावरण प्रदान करता है जहां बच्चे साथियों और व्यस्कों के साथ बातचीत करना सीखते हैं। वे साझा करने, सहयोग और सहानुभूति जैसे आवश्यक सामाजिक कौशल विकसित करते हैं। वे बिल्कुल उन पौधों की तरह होते है जिन्हें बागवानी के तैयार की जाती हैं शिक्षा का यही उद्देश्य भी हैं। डॉ पूनम कुमारी ने कही नर्सरी स्कूल की शिक्षा बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ये शुरूआती वर्ष बच्चे के समग्र विकास के लिए आधार प्रदान करते हैं। यह संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताएं सिखाता है। नर्सरी स्कूल एक प्रेमपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं जहां बच्चे खेल, खोज और बातचीत के माध्यम से सीख सकते हैं। मौके पर स्कूल के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि यह स्कूल अन्य स्कूलों के अपेक्षा सरल व साधारण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दृष्टिकोण से खोला गया हैं। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सोनू कुमार, अजित कुमार, विकास कुमार रवि, गीता कुमारी, सुम्मा प्रवीण, आफरीन खातून, पिंटू मौर्या, रानी परवीन, दीना कुमार आदि सैकड़ो के संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

## सिस्टम के तहत करें कार्य वरना कार्रवाई के लिए रहें तैयार : सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार

मामला तरहसी स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित गलत प्रचार प्रसार कराने का



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/तरहसी।** तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछेक स्वास्थ्यकर्मियों के आपसी मनमुटाव के कारण स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई भ्रामक खबरें प्रसारित की जा रही थी। जिस कारण स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। कर्मचारियों से पूछताछ कर स्थिति से अवगत हुए। इसके बाद सभी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक कर विवाद से घिरे स्वास्थ्यकर्मियों से अपना अपना पक्ष रखने को कहा तो स्वास्थ्यकर्मी एक दूसरे के उपर लांछन लगाते रहे। साथ ही अपनी अपनी गलतियों को स्वीकार कर माफी मांगा। जिस पर सिविल सर्जन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सभी कर्मी अपने पद व गरिमा को बनाये रखते हुए नीति संगत काम करें वरना कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग की कोई भी खबरे बिना वरीय अधिकारी के संज्ञान में दिये हुए प्रसारित नहीं करें। ऐसा करने पर उस कर्मी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को स्वास्थ्य शिविर के तहत बंध्याकरण में जो दवा दी गई थी उसे लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ था उस मामले में रशियन हेल्थ केयर से स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। उन्होंने कहा कि जितनी खबरें प्रसारित की गई थी वह जांच के दौरान उतना सही नहीं पाया गया। सिविल सर्जन ने निर्देश देते हुए कहा कि एएनएम प्रभा देवी से स्पष्टीकरण पूछा गया और दवा भंडारण का भौतिक सत्यापन अवश्य करें।

## पूर्व मुखिया ने चाणक्या एकडेमी कोचिंग का किया उदघाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के दुगार्बाड़ी के समीप सोमवार को वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बडेपुर के पूर्व मुखिया सुनील कुमार सिंह ने फीता काट कर चाणक्या एकेडमी के हिंदी मीडियम ब्रांच का उदघाटन किया। मौके पर सिंह ने कहा कि आज प्रतियोगिता व कॉम्पटीशन की दौर में एक्स्ट्रा क्लासेज व कोचिंग की महत्व बढ़ गयी हैं। जहां बच्चों को सफल प्रतियोगिता लायक बनाया जाता हैं। सुनील ने कहा कि अब हिंदी माध्यम के बच्चों को भी उच्च स्तर की शिक्षा अब जपला शहर में दी जाएगी। चाणक्या कोचिंग जपला के पुराने संस्थान में एक हैं जहां के विद्यार्थियों ने प्रति वर्ष एक बेहतर प्रदर्शन कर देश के कई सेक्टरों में कार्यरत हैं। मौके पर कोचिंग संस्थापक डीके सर, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय अभिषेक कुमार, नंदकिशोर, सूरज, विवेक सर, मुन्ना श्रीवास्तव, मनीष सर आदि सैकड़ो बच्चे थे।

## थर्ड रेल लाईन के कारण बच्चों को आवागमन में होती है परेशानी, मोहम्मदगंज प्रखंड प्रतिनिधि ने लिया जायजा



अनूप कुमार

**मोहम्मदगंज पलामू।** कादलकुर्मी गांव में लोगों खासकर, स्कूली बच्चों को थर्ड रेल लाइन की वजह से आवागमन में परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर सांसद बीडी राम को दिए ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के आलोक में प्रखंड प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गांव में थर्ड रेल लाइन को लेकर अंडरपास ब्रिज बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर उनकी जरूरत को देखते हुए बगल में कच्ची सड़क तो बना दिया गया। मगर अब समस्या यह है कि इसमें कुछ जगह से ग्रामीणों को गुजरने में मुश्किल खड़ी हो गई। ऐसी स्थिति में रेलवे अंडरपास के बगल में 12 फीट की पीसीसी सड़क नहीं बनाई जाती है, तो करीब 200 घरों के ग्रामीणों को थर्ड रेल लाइन से होकर ही आवागमन करना पड़ेगा। खासकर, स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचना आसान नहीं होगा। इनके लिए अंडरपास ब्रिज का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद को इस समस्या से अवगत करा दिया गया। समाधान कराने की बात सांसद ने कही है।

### समता स्कूल में की गयी मां शारदे की पूजा अर्चना



हुसैनाबाद पलामू। शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में मां सरस्वती जी का पूजन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना के समय विद्यालय के सभी बच्चों ने उमंग के साथ भाग लिया। वही सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर बच्चों को घर भेजा गया। इसके पश्चात संध्या समय में महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, मुकेश, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं विमला कुंवर एवं छात्र-छात्राओं भी उपस्थित थे।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनाई गयी सरस्वती पूजा, बच्चों ने किया विशेष आराधना



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा धुमधाम से मनाई गई। सरस्वती पूजा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। जगह जगह पर बच्चों ने पंडाल बनाकर मां सरस्वती की पुजा अर्चना करते देखे गये। पाटन नावा जयपुर किशुनपुर क्षेत्र में सरस्वती पूजा की धुम मची रही। धार्मिक गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। पाटन क्षेत्र के सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं ने मुतियां रख कर पुजा अर्चना किया। हिसरा बरवाडीह चौक पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाध्यापक बहादुर मेहता, शिक्षक अभिमन्यु कुमार, मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, मीकु कुमार, अक्षय कुमार, सीमा कुमारी, वर्षा कुमारी, सिमरन कुमारी, छोटी कुमारी तथा स्कुल के छात्र छात्राओं ने धुमधाम से मां सरस्वती का पुजा अर्चना किया।

### चामा में चोरों ने 75 हजार नगद व आभूषण चुराये

सतबरवा पलामू। थाना क्षेत्र के पोलपोल के चामा गांव में रविवार को देर रात्रि चोरों ने भीषण चोरी की घटना का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार चोरों के हाथ लगभग पांच लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात तथा 75000 रुपए नगद हाथ लगी। भुक्तभोगी उपेंद्र सिंह की पत्नी इंदु देवी ने सतबरवा थाना पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि चार में से एक चोर को पहचानती है। सोमवार सुबह में पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करने में जुट गई है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, 75000 रुपए नगद तथा करीब पांच लाख रुपए के सोने, चांदी के जेवर चोरी होने की बात आवेदन में शामिल है। इधर उपेंद्र सिंह ने बताया कि चोर छत के रास्ते से घर में प्रवेश किया और सभी कमरे के दरवाजे के कुंडी को रस्सी से बांधकर करीब एक घंटे तक कैद करके बेधड़क चोरी की घटना को अंजाम देते रहे। इसी दौरान मेरे छोटे भाई की पत्नी घर में खटपट की आवाज सुनकर जाग गई और उसने अपने कमरा का दरवाजा खोलने पर बाहर से बंद पाए जाने पर हल्ला मचाया। ग्रामीणों के जुटने के बाद काफी खोजबीन की गई।

## एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र का मुख्य प्रबंधक ने किया उदघाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बगल में सोमवार को एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अमित करकेटा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को पैसे की जमा व निकासी करने में सुविधा मिलेगी। मौके पर ग्राहक सेवा के संचालक कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की तरफ से जो भी स्कीम अप्लाइड है उसकी सारी सुविधा दी जाएगी। जिसमें सामाजिक सुरक्षा एक्सीडेंटल बीमा अटल पेंशन योजना का बीमा कराया जाएगा। इसके अलावा वृद्धा, विधवा, दिव्यांगता पेंशन योजना सहित कई योजना का खाता खोला जाएगा। मौके पर मंदन विश्वकर्मा, डी एस पूर्ति, विकास सिंह, सुरेश सिंह, सतीश सिंह, अभिषेक सिंह, दिलीप सिंह, मो नसीम, जितेंद्र सिंह, कल्लू सिंह, मो सरफराज, सुधीर सिंह के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया गया। रेहला ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल, विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, रेड रोज पब्लिक स्कूल व आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा की धूम रही। सभी पूजा पंडाल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रों चरणों के बीच पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## ताली में अखंड कीर्तन व हनुमत पूजा के साथ श्रीरामचरितमानस यज्ञ प्रारंभ





खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम ताली में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का 16वां अधिवेशन श्री हनुमत पूजा एवं श्री राम नाम अखंड संकीर्तन के साथ प्रारंभ हुआ। यज्ञाचार्य पंडित बृजराज मिश्रा के सानिध्य में यज्ञ यजमान पंडित राघवेंद्र कुमार तिवारी पूजा अर्चना किया। आचार्य पंडित बृजराज मिश्रा एवं यजमान राघवेंद्र कुमार तिवारी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी श्री राम नाम अखंड संकीर्तन का प्रारंभ किया जो 12 घंटे तक चला।

चार फरवरी दिन मंगलवार को सुबह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, देव प्रतिष्ठा कलश स्थापना के साथ श्री रामचरितमानस का पाठ प्रारंभ होगा और रात्रि में बाहर आए हुए विद्वानों के द्वारा कथा प्रवचन किया जाएगा।

इस अवसर पर अक्षय तिवारी, अविनाश कुमार तिवारी, गोलू बाबू, विशाल तिवारी, प्रदीप तिवारी, अंकित तिवारी, उमेन्द्र तिवारी, प्रमोद चौरसिया, लव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## दुबा को हराकर पोलपोल ने मेदिनीराय क्रिकेट टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

**खेल में बेहतर प्रदर्शन कर कैरियर बनायें युवा खिलाड़ी : भरदुल सिंह**



विजेता व उप विजेता टीम को शिल्ड देते भरदूल सिंह व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** खेल में हार जीत लगी रहती है पर हार हमें एक नई सीख देती है। हार जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है।

खेल में भी युवा खिलाड़ी कैरियर बना सकते हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। उक्त बातें शिक्षक सह समाज सेवी भरदुल कुमार सिंह ने कही। वे रविवार को पोलपोल कला पंचायत के दुबा में आयोजित मेदिनीराय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। फाइनल मुकाबला पोलपोल व दूबा टीम के बीच खेला गया। पोलपोल टीम ने दुबा को हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया।

उन्होंने अपने हाथों दोनों टीम को कप प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि हार से हताश होने की जरूरत नही है क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है। इस मौके पर अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि खेल से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे मानसिक, शारिरिक, व बौद्धिक विकास होता हैं। मौके पर बारी पंचायत के पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ने कहा कि खेल में अनुशासन का होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। मौके पर पोलपोल व दूबा टीम के बीच 10 -10 ओवर का फाइनल मैच खेला गया। दूबा के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 94 रन बनाए। पोलपोल के टीम ने पाँच ओवर चार गेंद में 95 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

पोलपोल टीम के कप्तान शुभम सिंह ने 65 रन, अनिकेत ने 17 रन अभिषेक दो रन व सोनू ने छह रन बनाए। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज शुभम सिंह को दिया गया। इस मौके पर राम राज सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।


# पुलिस ने किया स्वर्ण व्यवसायी लूटकांड का खुलासा

## लूटे गये जेवरात एवं हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने जिले के रंका थाना क्षेत्र के रंका खुर्द मोड़ पर रंका कला गांव के स्वर्ण व्यवसायी शिव साव सोनी के साथ हुए लूटकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूटे गये सोना-चांदी को अपराधियों के बीच बंटवारे से पूर्व ही बरामद कर लिया। साथ ही इस कांड में संलिप्त चारों अपराधियों को भी एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधी तेनुडीह जंगल में लूट के जेवरात बांटने के लिए इकट्ठा हुए थे। इसकी जानकारी एसपी दीपक पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होनें कहा कि 29 जनवरी को स्वर्ण व्यवसायी शिव साह सोनी को रंका खुर्द मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने चाकू का भय दिखाकर सोने-चांदी के गहने लूट लिये थे। जिसकी प्राथमिकी थाना में दर्ज करायी गई थी। एसपी दीपक पांडेय ने रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में इस कांड के अनुसंधान के लिए एसआइटी का गठन किया था। एसआइटी ने इस केस का अनुसंधान करते हुए कुल चार अपराधियों रांची नामकुम थाना के खटाल टोला यदुवंशी नगर के मनीष कुमार भुईयां उर्फ कुजुर, मिथुन कुमार महतो, पलामू जिले के डालटनगंज कुंड मुहल्ला के विषाल कुमार चौधरी एवं रंका थाना के रंका हॉस्पिटल समीप के अभिषेक कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मनीष कुमार भुईयां के पास से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। जिसका प्रयोग लूटकांड में किया गया था। पकड़े गये अपराधियों ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अपराधियों ने बताया कि रंका के अभिषेक कुमार चौधरी ने इस लूटकांड की षडयंत्र रची थी। उसने ही तीनों अपराधियों को रंका बुलाया था। दो फरवरी को सभी अपराध कर्मी लूटे गये सोना-चांदी को आपस में बांटने के लिए तेनुडीह जंगल में इकट्ठा हुए थे। जहां से वे गिरफ्तार किये गये।





प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी, बरामद जेवरात

**बरामद सामान :** देशी कट्टा, दो 315 का जिन्दा कारतुस, एक खाली खोखा, लूट में प्रयोग यमहा एफ जेड मोटरसाईकिल, व्यवसायी की लूटी गई मोबाईल, चांदी का कड़ी 6 पिस, सोने का उप्पर काना, सोने का नथ 6 पिस, चांदी का लकेट 03 पीस, चांदी का पंजा 01 पीस, चांदी का बिछिया 08 पीस, चांदी का ताबीज 12 पीस, सोने का मंगलसूत्र 02 पीस, सोने का जितिया लकेट 01 पीस, सोने का लकेट 03 पीस, चांदी का सिरजना 12 पीस, चांदी हसूली 01 पीस, चांदी का पायल 06 जोड़ा, चांदी का बाल चोटी 01 पीस, सोने का पुराना टप्स 01 पीस, छुछिया 08 पीस, पुराना नथिया टूटा हुआ 01 पीस, पुराना छुछिया 01 पीस, चांदी का बेरा 04 पीस वनज, चांदी का कंगन 04 पीस, चांदी का माला 19 पीस, सोने का कानबाली 02 पीस, सोने टप्स 02 पीस, चांदी का कर्ण फूल 30 पीस, चांदी का कमरानी 01 पीस, चांदी का बाली दो पीस। छापामारी दल में रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, सुभाष कुमार पासवान, रंका थाना प्रभारी अनिमेश शांतिकारी, प्रभात कुमार, अनिल हेम्ब्रम, राजेश कुमार झा, विनय कुमार पाण्डेय, डोमन मोची, कौशल किशोर तिवारी आदि शामिल थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों को अपराधिक इतिहास :** अपराधी मनिष कुमार भुईयां उर्फ कुजुर - इस अपराधी के खिलाफ पलामू जिला के चैनपुर थाना में दो, रांची जिला के नामकुम थाना में एक, अरगोरा थाना में दो, लातेहार जिला के बरवाडीह थाना में एक सहित कुल छह मामले दर्ज हैं। अपराधी मिथुन कुमार महतो - इसके खिलाफ रांची सदर थाना एवं नामकुम थाना में दो मामले दर्ज हैं। अपराधी विशाल कुमार चौधरी - इसके खिलाफ पलामू जिला के टाउन थाना में एक मामला दर्ज है।

## एक नजर में

### हॉर्न मारने पर चालक की जमकर धुलाई, घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड में सड़क पर एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा हॉर्न मारकर साइड मांगने पर दूसरे मोटरसाइकिल चालक ने गुस्से में आकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसे मकरी निवासी मोटरसाइकिल चालक कर्ण राज भारती घायल हो गया। पुलिस ने उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया। वही दोनों मोटरसाइकिल चालकों ने स्थानीय स्थान में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जहां पुलिस दोनों की आवेदनों की जांच कर रही है। कर्ण राज भारती ने बताया कि वह कोचिंग सेंटर से मकरी घर जा रहे थे की मकरी मोड़ पर आगे आगे चल रहा है मोटरसाइकिल से साइड लेने के लिए हर्न बजाया, तो मेरे गांव के ही मोटरसाइकिल चालक मंगल पासवान नें गाड़ी रोककर पहले तो बहस की और फिर बाद में मारपीट कर मारपीट पर सर फाड़ दिया। वही जय मंगल पासवान ने थाने थाने में आवेदन कर लिखा है की मैं अपने मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ मकरी घर जा रहा था कि पीछे से आ रहे हैं मेरे गांव के ही कर्ण राज भारती ने जानबूझकर हॉर्न मारकर छेड़छाड़ कर रहा था। घायल चालक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान दर्ज किए और घटना की पूरी जांच शुरू कर दी है।

### सरस्वती पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**केतार।** पीएम श्री राज्यकीय मय विद्यालय केतार प्रांगण में सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, केतार उपमुखिया संजय पाल आदि ने ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और एक से बढ़कर एक कला प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की विद्यालय में ऐसे आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चे को अपना हुनर दिखाने का मौका मिले। यही बच्चे अगर आगे चलकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो अपना सहित विद्यालय, गांव और प्रखंड का भी नाम रौशन कर पाएंगे। वही प्रमुख ने विद्यालय के सास्कृतिक मंच बनवाने का घोषणा भी किया। साथ ही कही कि विद्यालय प्रबंधन ऐसे आयोजन करवाता रहे इसमें जो भी सहयोग होगा हम अवश्य करेंगे। मौके पर उपमुखिया संजय पाल, प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, प्रेम कुमार, धनंजय कुमार, मनोरंजन कुमार, अजय कुमार, सुधा कुमारी, समाजसेवी सुरेंद्र कमलापुरी, उदय प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हड़िया एवं देसी शराब की खुलेआम बिक्री

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में रंका पुरानी हॉस्पिटल के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने सब्जी मार्केट में शराब पीकर कचरे में गिरे व्यक्ति को बाहर निकालकर उसका प्राथमिक उपचार कराया। राजेश ने बताया कि रंका अनुमंडल मुख्यालय के रिहायशी इलाकों में इन दिनों महुआ शराब की बिक्री जमकर हो रही है। रंका अनुमंडल मुख्यालय के रंका मुख्य बाजार सब्जी मंडी, चौधरी मोहल्ला, शिवनाला व भुईयां टोली आदि इलाकों में काफी मात्रा में महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। जिस कारण लोग शराब पीकर अक्सर सड़कों एवं खेतों में बेसुध पड़े मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन इलाकों में शराब पीकर अक्सर लोग आपस में लड़ाई झगड़ा करने के साथ-साथ भद्दी भद्दी गाली गलौज भी किया करते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार एवं मंगलवार के दिन सब्जी बाजार में ग्रामीण इलाकों से आने वाली महिलाओं के द्वारा हड़िया एवं देसी शराब की खुलेआम बिक्री की जाती है।

### वाहन चेकिंग में भाग रहा युवक पुलिस से टकराया

**मझिआंव।** ब्लक मोड़, अंबेडकर चौक के समीप रविवार देर शाम को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल से गिरने और पुलिस की पिटाई से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक घुरुआ गांव निवासी एहराम खां के पुत्र दादुलाह खां उर्फ लाडले उम्र 25 वर्ष को पुलिस द्वारा रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. कुलदेव चौधरी ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना की पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल आते देख पुलिस रास्ते पर खड़ी हो गई और मोटरसाइकिल चालक को रुकने के लिए कहा। लेकिन मोटरसाइकिल चालक भागने के लिए मोटरसाइकिल तेज किया और पुलिस से टकरा गया। इसके बाद पुलिस का राइफल जमीन पर गिर गया और मोटरसाइकिल चालक और सवार अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ सड़क पर गिर गया। इसके बाद पुलिस के द्वारा उसकी पिटाई की गई और वाहन के साथ युवक को पुलिस थाने ले गई। इस संबा में परिजनों ने बताया कि पुलिस ने लाठी डंडों से बर्बरता से मारपीट की है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह पुलिस की ज्यादती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस निरंतर वाहन चेकिंग कर रही है और लोगों से जांच के नाम पर परेशान कर रही है। इस संबा में घायल के परिजनों के द्वारा थाना में पुलिस के खिलाफ मारपीट के मामले में आवेदन भी दिया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है इसकी जांच की जा रही है।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि कार्य में विकास करने वाला बजट : रामलाला

**कांडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ देश के किसान मजदूर, युवा, महिला व्यवसायों ने भी सराहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाला दुबे ने बताया कि यह 2025-26 का आम बजट से गरीब, युवा, महिला, व्यवसाईयों और किसानों को राहत देने की दिशा में पहल की गई है। किसानों के लिए तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई जिसमें झारखंड के 215 से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सहायता मिलने पर कृषि से आय में बढ़ोतरी होगी, जिससे किसान आत्म निर्भर होने के साथ साथ सीधे तौर पर आय में बढ़ोतरी यह बजट वरदान साबित होगा। कृषि धन धान्य योजना के तहत बंजर भूमि को चयन कर उसको खेती करने के लिए अनुदान और सरकारी टेक्नोलॉजी के माध्यम से प्रगतिशील कृषक संपोषित अनुदानित योजना चलाई जाएंगी जिसने किसानों के आय में वृद्धि होगी। मध्यम वर्ग के किसान मजदूर, महिला व्यवसायों और नौकरी पेशा वाले को टैक्स की दायरा बढ़ाने से बहुत बड़ी राहत दी है। सभी वर्ग के लोगों ने आम बजट 2025-26 को सराहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय वितमंत्री को बधाई दी है।

### कांडी में विद्या की देवी की पूजा की धूम

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की धूम रही। प्रखण्ड के अधिकांश शिक्षण संस्थान के साथ कोचिंग सेंटरों के साथ गांव व टोलों में मां शारदे की पूजा अर्चना की गयी। मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर विद्यार्थियों ने अहले सुबह से पूजा सम्पन्न कराने को लेकर बेफुरसत दिखे। वुनियादी विद्यालय सेमौरा, कुशहा, मीडिल स्कूल देवडीह, अधौरा सहित अधिकांश स्कूलों में और कोचिंग सेंटरों में भी सरस्वती पूजा की अर्चना सम्पन्न हुआ। इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहने के कारण डीजे की शोर सुनने को नही मिला। हालांकि लाउडस्पीकर से गीत संगीत बज रहे थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों की ओर जाते देखा गया।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित बाईक हुई दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल, एक रिम्स रेफर

**चंदवा।** चंदवा में इनदिनों एकाएक सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि दर्ज की जा रही है। सोमवार की दोपहर बाद थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत हुटाप-तुरवा ग्रामीण पथ पर एक तेज रफ्तार आर-15 बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में बाइक सवार निरंजन सिंह पिता महेंद्र सिंह व पवन कुमार सिंह पिता दिनेश सिंह (दोनो हुटाप) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के पहल पर 108 एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां डॉ. कंचन बाड़ा की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद घायल निरंजन सिंह की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिये रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### टला बड़ा हादसा

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार के पास एक बड़ी घटना होते होते टल गई। बताते चले कि सोमवार की सुबह 10 बजे लगभग कुम्भ से लौट रही एक यात्री बस बीआर-26-पीए-1616 पथ निर्माण विश्रामागार के चहार दिवारी के समीप खड़ी हुई। उक्त बस में लगभग 70 यात्री सवार थे। घटना उस वक्त घटी जब 11 हजार का तार उक्त बस में स्पर्श की। बिजली का प्रवाह पूरे बस में दौड़ पड़ी। बस में सवार सभी यात्रियों को करेंट का झटका लगा। गनिमत रही कि शॉर्ट सर्किट से बिजली कट गई, अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी। बिजली कट जाने से यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस बीच बस को ऐसे जगह में खड़ा करने को लेकर यात्रियों व बस ड्राइवर के बीच तू तू मैं मैं भी हुई। विदित हो कि इंदिरा चौक के समीप पोल का तार नीचे तक झुक चुका है जिससे आये दिन ऐसी घटना होती रहती है।

### एसबीआई शाखा में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बरवाटोली स्थित भारतीय स्टेट बैंक के शाखा में रविवार की रात्रि बैंक परिसर के पिछले भाग स्थित खड़की के दिवाल पर सेंधमारी कर अज्ञात चोर बैंक के अंदर घुसने में सफल रहे। बैंक में घुंसने के बाद चोर लगे सीसीटीवी कैमरे के ऊपर स्प्रे मार कर उसे खराब करने का भी प्रयास किया है, इसके अलावे बैंक में ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन लाकर के ताला तोड़ने में असफल रहे। बैंक से रुपए की चोरी करने में असफल होने के बाद चोरो ने सामानों को क्षति पहुचने की कोशिश की। गौरतलब हो कि प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह भारतीय स्टेट बैंक की इस शाखा में सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं है।

# हर्षोल्लास के साथ की गयी मां सरस्वती की आराधना

## पिपराही स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में निकाली गयी कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड समेत ग्रामीण इलाको में वसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। प्रखंड के ग्रीन फील्ड एकेडमी, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही, ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सासंग समेत शहर समेत गांव तक विभिन्न गली मुहल्ले एवं टोलों के अलावे सरकारी गैर सरकारी विद्यालय, शिक्षण संस्थान, कोचिंग समेत अन्य क्लबों द्वारा भी मां सरस्वती की आराधना की गई थी। सुबह से ही बच्चों में पूजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा था। नहा धोकर व नए वस्त्र पहन कर बच्चे सुबह से ही पूजन में लग गए थे। विभिन्न पंडालों में मां शारदे की पूजा विधि विधान से संपन्न की गई। लोगों ने विद्या की देवी मां सरस्वती से मन्नत एवं आशीर्वाद मांगी। इसके पश्चात देर रात तक प्रसाद का वितरण किया गया। इधर सरस्वती पूजा के मौके पर प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत पिपराही स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में जल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत पिपराही स्थित विद्यालय प्रांगण से हुए जो नगर भ्रमण करते हुए रोल स्थित देवनद दामोदर तट पहुंची जहां पंडित गणपत मिश्रा के सानिध्य में विधिवत पूजन एवं वैदिक मंत्रोचार के बीच मुख्य यजमान कुश कुमार यादव व सैकड़ों माताओं बहनों ने कलश में जल भरा, इसके उपरांत कलश यात्रा विद्यालय प्रांगण पहुंची, जहां कलश स्थापित मां सरस्वती की विधिवत पूजन की गई। इस मौके पर मनोज यादव, सत्येंद्र यादव, शंकर उरांव, देवेंद्र प्रजापति समेत कई अन्य मौजूद थे। इसके अलावे थाना टोली स्थित माँ सरस्वती कोचिंग सेंटर में भी माँ की पूजन के उपरांत पटना से आये भक्ति मंडल टीम के द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ जो देर रात सम्पन्न होगा। कोचिंग के संस्थापक शशिकांत मिश्र के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन जारी थी। देर शाम तक शहर में भी लोग प्रतिमा के दर्शन करने के लिए सपरिवार निकले, माता के दर्शन कर नमन किया। पूजा को लेकर शहर में भीड़ भाड़ का माहौल दिखा। मां सरस्वती की पूजा की तैयारी को लेकर लोग बाजार में खरीदारी करते दिखे। प्रशासन भी पूजा में शांति व्यवस्था बहाल करने एवं विसर्जन में शांति माहौल बरकरार रखने को लेकर मुस्तैद दिखी। विभिन्न चौक चौराहे पर पुलिस मौजूद थी। प्रखंड भर में मंगलवार की सुबह हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद मातेश्वरी की पूजा प्रतिमा विसर्जित की जाएगी।



कलश यात्रा में उपस्थित बच्चे

## माता सबरी जयंती को लेकर अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने की बैठक



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी के पति सह सामाजिक कार्यकर्ता शिव बालक राम ने की। बैठक में आगामी 24 फरवरी को मनाई जाने वाली माता सबरी की जयंती सह भुइयां समाज मिलन समारोह को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया व सर्वसम्मति से सिकनी स्थित फुटबॉल मैदान में 24 फरवरी को माता सबरी जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मेला कार्यक्रम भी आयोजित करने पर सहमति बनाई गई। आहूत मेला व कार्यक्रमों के सफल संचालन के निमित्त कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिव बालक राम, उपाध्यक्ष अमित भुइयां, कोषाध्यक्ष मोती भुइयां, सचिन सिकन्दर भुइयां व संरक्षक जिला परिषद सदस्य सरोज देवी बनाई गई है। इसके अलावे 10 सदस्यीय निगरानी समिति भी बनाई गई है, जिसमें बाबूलाल भुइयां, उदय भुइयां, मिथिलेश भुइयां, रंजीत भुइयां, अजय भुइयां व अन्य शामिल है।

## मनिका प्रखंड में धूमधाम से मनायी गयी मां सरस्वती की पूजा

### प्रसाद पाने के लिए सैकड़ो श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धालुओं के द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है, माता सरस्वती की पूजा-अर्चना को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र स्थित ब्लॉक गेट के समीप न्यू लाइंस क्लब, शिव मंदिर पचफेड़ी, देवी मंडप मंदिर बाजारटांड़, समेत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पंडाल बनाकर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालु पूरे भक्ति-भाव से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते देखे गए, साथ ही क्षेत्र में स्थित सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों में भी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है, पूजा को लेकर पुरोहित के मंत्र उच्चारण व भक्ति संगीत से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं माता सरस्वती की पूजा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जहां पर प्रसाद पाने के लिए सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं पूजा कमेटी के सदस्यों के द्वारा श्रद्धालुओं के आने-जाने, माता के दर्शन एवं प्रसाद वितरण को लेकर पूरे सुविधा का ध्यान रखा गया था।

इस अवसर पर विद्यालय, मंदिर एवं विभिन्न स्थान पर स्थित पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं माता सरस्वती के पूजा के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार के निदेर्शानुसार सभी पूजा पंडालों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।



मां सरस्वती की प्रतिमा

### धुम-धाम से मनायी गयी सरस्वती पूजा

**लातेहार।** पानी टंकी स्थित महाबोधि कप्यूटर एजुकेशन में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पुजा अर्चना गई। वहीं निर्देशक कौशल्या कुमारी के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। जिसमे सेंटर संचालक रविन्द्र यादव, पुरोहित पंडित अभिषेक पाण्डेय के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चान किया गया। जिसमे टीचर सेजल कुमारी गुप्ता, विवेक कुमार, प्रभात कुमार साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एसजेएमएम संगठन का सुप्रीमो राजेश सिंह खरवार चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

## नौ एमएम का पिस्टल, जिंदा गोली समेत कई समान हुई बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** फरवरी माह का प्रथम सप्ताह लातेहार पुलिस के लिए सफलताएं लेकर आई है। लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव के कुशल नेतृत्व में पुलिस की टीम ने 3 दिनों के अंदर दो बड़ी सफलताएं अर्जित कर कई बड़ी घटनाओं को घटित होने से रोक दिया है। कुख्यात अमन साहु व राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करने वाले पांच अपराधियों को दबोचने के बाद पुलिस की टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा संगठन के सुप्रीमो राजेश सिंह खरवार उर्फ राजेश जी, उर्फ टूला सिंह उर्फ शैतान उर्फ टोपी पिता स्व. जतन सिंह (चिरो चंदवा) को धर दबोचने में सफल रही है। पुलिस की टीम ने इनके पास से एक 9 एमएम का पिस्टल, 2 जिंदा गोली, धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल व सिम कार्ड बरामद किया है। सोमवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि टीटीआईपीएल कम्पनी द्वारा थर्ड लाइन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें संवेदक विकास तिवारी पिता रामराज तिवारी (अम्बाकोठी लातेहार) को लगातार वाट्सअप पर वीडियो व ऑडियो कॉल पर घमकी दी जा रही थी, बीते 27 जनवरी को भी राजेश सिंह द्वारा वाट्सएप कॉल पर धमकी दी गयी थी, जिसके आलोक में लातेहार थाना में कांड संख्या 26/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान की जा रही थी, इसी क्रम में एसडीपीओ लातेहार अरविंद कुमार एवं पुनि सह थाना प्रभारी दुलर चौड़े की अगुवाई में गठित टीम ने छापामारी अभियान के दौरान राजेश सिंह खरवार को पकड़ने में सफल रही। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर 9 एमएम पिस्टल एवं जिंदा गोली समेत अन्य सामान बरामद करने में सफल रही। पूछताछ के क्रम में राजेश सिंह ने कई कांडों में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। एसपी श्री कुमार ने आगे बताया कि एसजेएमएम संगठन लातेहार एवं गुमला जिले में सक्रिय है। गिरफ्त में आये सुप्रीमो राजेश सिंह के विरुद्ध लातेहार व गुमला जिले के विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं। लातेहार पुलिस द्वारा नक्सल मुक्ति अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिसमे लगातार सफलतायें मिल रही है। अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी दुलर चौड़े, पुअनि मनोज कुमार, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, सअनि कुबेर प्रसाद देव समेत दल बल के जवान शामिल थे।



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार. 04 फरवरी 2025

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## आयकर छूट की सीमा

केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों-अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का बजट एक प्रयोग ही होता है जिसका परिणाम हमें आगे आने वाले वित्त सर्वेक्षणों में मिलता है। लेकिन दिशा सही हो तब देश में सामाजिक समरसता के साथ खुशहाली बढ़ती है गिग ईकोनॉमी की समस्या कम होती है।

### कार्टून वर्ल्ड



### आज का राशिफल

मेष - कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

वृष - मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-3-4-6

मिथुन - स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

कर्क - पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

सिंह - कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

कन्या - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

तुला - शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

धनु - मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

मकर - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

कुंभ - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

मीन - व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढने.में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यो में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का एक हिस्सा क्यों है?



**सात** वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्?योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्?वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्?पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले।

आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्?तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी ?व्यवस्?था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है।खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक ?व्यवस्थित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस ?व्यवस्?था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं।

खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नए आयाम पेश किए हैं।

स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत?साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है।

खेलो इंडिया सिर्फ. एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं।



\- मनसुख मंडाविया

> खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गई है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है। खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए।

निजी क्षेत्र की भूमिका काफी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्?यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के जरिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए ₹एक कॉर्पोरेट, एक खेल₹ पहल शुंभारभ कर रही है। राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय जरूरतों के अनुरूप हो।

इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे।

समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है, और ह्यअचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शनह्व (एएसएमआईटीए) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2021 में अपनी शुरूआत के बाद से, एएसएमआईटीए ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है जिससे मीराबाई चानू जैसी ओलंपिक पदक विजेता सहित 1,00,000 से अधिक महिला एथलीटों को लाभ मिला है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ग्रामीण भारत और छोटे शहरों के एथलीटों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया है, जिन्हें अक्सर अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है।

खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गई है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है।

पैरा-एथलीटों के लिए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स ने एक समावेशी मंच प्रदान किया है, जिसके तहत अब कई एथलीट पैरालिंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इस पहल ने योगासन, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, थांग-ता और गतका जैसे स्वदेशी खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है तथा उन्हें खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में एकीकृत करके उनके संरक्षण और विकास को सुनिश्चित किया है। स्वदेशी खेलों को और बढ़ावा देने के लिए कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के लिए भारत-आधारित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना करने का प्रयास किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करना और अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में उनके समावेशन की दिशा में कार्य करना है। (केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)

### लेटर टू एडिटर

#### उत्पादकता पर असर

**विश्व** में बड़े संघर्ष के बाद कामकाजी लोगों ने सप्ताह में 48 घंटे का काम और एक दिन विश्राम का हक हासिल किया है। भारत में फैक्टरी एक्ट 1948 के तहत ऐसे नियमों को लागू किया गया। विकसित देशों में तो सप्ताह में केवल 40 घंटे ही काम किया जाता है। आज कुछ उद्योगपति काम के घंटों को बढ़ाकर 70 और 90 घंटे करना चाहते हैं। इससे काम की गुणवत्ता और श्रमिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**-देवी दयाल, हजारीबाग**

#### चुनौतियां और समाधान

**कुछ** उद्योगपतियों ने सप्ताह में 70 या 90 घंटे काम करने की सलाह दी। हालांकि, काम के घंटे और गुणवत्ता दोनों महत्वपूर्ण हैं। अधिक काम के घंटे उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गुणवत्ता के नुकसान पर नहीं होना चाहिए। लंबे समय तक काम करने से थकान और एकाग्रता में कमी हो सकती है।

**- पूनम कश्यप, रांची**

### ट्वीट

**कोविड** के कठिन दौर में भी झारखण्ड में किसी ने भूख से दम नहीं तोड़ा, क्योंकि अबुआ सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी रही। लेकिन डबल इंजन सरकार के दौर में गरीब-गुरबों की कोई सुनवाई नहीं थी, उस वक़्त भूख से हुई मौतें दर्दनाक गवाही हैं।

इन्होंने विकास की गाड़ी नहीं चलाई, बल्कि डबल इंजन की ताकत से झारखण्ड को लूटा। लेकिन आप सभी के प्यार और भरोसे ने हेमन्त जी को झारखण्ड की सेवा करने का अवसर दिया, जिसे हमने दिल से निभाया और झारखण्ड हित में काम किया!

\- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक

## भाप से बिजली तक का सफर: भारतीय रेल में विद्युतीकरण के 100 साल

**डॉ. जयदीप गुप्ता**

### विकास

**भारतीय** रेल के विद्युतीकरण की शुरूआत को 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं, 3 फरवरी, 1925 को भारत ने महत्वपूर्ण घटना देखी- तत्कालीन भारतीय रेल नेटवर्क पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरूआत। विक्टोरिया टर्मिनस को कुर्ला से जोड़ने वाली यह पहली यात्रा मील का पत्थर साबित हुई। भाप से डीजल तक: भारतीय रेल की कहानी 1853 में एक ऐतिहासिक क्षण से शुरू हुई। बोरीबंदर (अब मुंबई) और ठाणे के बीच 34 किलोमीटर की पहली यात्रा। आयातित भाप इंजनों द्वारा संचालित इन शुरूआती ट्रेनों ने कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरूआत की। हालाँकि, यह 1895 में हुआ था जब भारत ने एफ-क्लास स्टीम लोकोमोटिव के साथ अपनी औद्योगिक क्षमता का प्रदर्शन किया, जो अजमेर में निर्मित होने वाला पहला स्वदेशी इंजन था। 38 टन वजनी और 15,869 की लागत से निर्मित यह एक नवोदित राष्ट्र की इंजीनियरिंग महत्वाकांक्षाओं का प्रतीक था। शुरूआती वर्षों में इनका महत्व होने के बावजूद भाप इंजन ने चुनौतियां पेश कीं।

20वीं सदी के मध्य में डीजल इंजनों का उदय हुआ, जिसने रेल परिवहन में क्रांति ला दी। वाईडीएम क्लास जैसे अधिक शक्तिशाली, विश्वसनीय और लागत प्रभावी डीजल इंजनों ने रेल को ऊबड़-खाबड़ इलाकों में जाने और दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ने में सक्षम बनाया, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।

विद्युतीकरण: एक आदर्श बदलाव भारतीय रेल का विद्युतीकरण 1925 में शुरू हुआ, जब विक्टोरिया टर्मिनस (अब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) और कुर्ला के बीच 1.5 केवी डीसी सिस्टम पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली। यह परिवर्तनकारी कदम गति, दक्षता और पर्यावरण पर कम नकारात?मक प्रभाव का अग्रदूत था। इस प्रणाली ने अपने पूर्ववर्तियों की कई अक्षमताओं को समाप्?त किया, जिससे एक टिकाऊ भविष्य की नींव रखी गई। 1957 में 25 केवी एसी ट्रैक्शन को अपनाने के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जो फ्रांसीसी विशेषज्ञता से प्रेरित एक तकनीक थी। इस उन्नत तकनीक ने ऊर्जा संचरण घाटे को नाटकीय रूप से कम किया, बिजली उत्पादन में वृद्धि की तथा लंबी और तेज ट्रेनों के परिचालन को सक्षम बनाया। बर्द्धमान-मुगलसराय और टाटानगर-राउरकेला खंड इस प्रणाली को अपनाने वाले शुरूआती खंड बन गए, जिससे विद्युतीकृत रेल के विस्तार में तेजी आई। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदलाव करके, भारतीय रेल ने न केवल अपने संचालन को आधुनिक बनाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए।

तकनीकी उपलब्धियां: एबीबी और उससे आगे भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण क्षण 23 जुलाई, 1993 को आया, जब एबीबी ट्रांसपोर्टेशन (स्विट्जरलैंड) के साथ एक अनुबंध के तहत भारत में अत्याधुनिक लोकोमोटिव तकनीक की शुरूआत हुई। इस समझौते के तहत, उन्नत माल और यात्री इंजनों का आयात किया गया, साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से स्वदेशी विनिर्माण संभव हुआ। 5,400 एचपी की पावर आउटपुट और 180 किमी/घंटा तक की गति वाला डब्ल्यूएपी 5, 1995-96 में शुरू हुआ, जिसने अपनी ऊर्जा दक्षता और माइक्रोप्रोसेसर-आधारित नियंत्रणों के साथ रेल परिवहन में क्रांति ला दी। इसी तरह, 1996 में आए डब्ल्यूएजी 9 फ्रेट लोकोमोटिव, अपनी 6,000 एचपी क्षमता के साथ भारी भार ढोने के लिए एक बेंचमार्क बन गया। इन नवपरिवर्तनों के बाद किए गए विकास कार्यों के लिए आधार तैयार किया, जिसमें डब्ल्यूएपी7 (यात्री सेवाओं के लिए) और डब्लूएजी12बी, भारी माल परिवहन के लिए डिजाइन किया गया 12,000 एचपी फ्रेट लोकोमोटिव शामिल है।

वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत ने भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। सेल्फ-प्रोपेल्ड इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू) की सुविधा वाली यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन उन्नत प्रपल्शन सिस्टम, हल्के वजन वाली सामग्री और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ 180 किमी/घंटा तक की गति प्रदान करती है। यह सिर्फ. एक ट्रेन नहीं है, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता की भी प्रतीक है।

आगे की राह : उत्प्रेरक के रूप में विद्युतीकरण भारतीय रेल विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, अतीत की उपलब्धियाँ एक महत्वाकांक्षी भविष्य के लिए खाका तैयार करती हैं। 2025 तक 97% से ज्यादा नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ, अब सभी मार्गों पर विद्युतीकरण को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। तकनीकी छलांग ने देश के परिवहन ढांचे को मजबूत किया है, पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम किया है और वैश्विक स्तर पर इसकी स्थिति को बढ़ाया है। विद्युतीकरण के फलस्वरूप भारत की रेल पटरियाँ रोशन होने के साथ एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्?त करती है।

(लेखक, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन,

## 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बजट, झारखंड की उपेक्षा



**रानी राज**

### बजट

वित्त मंत्री द्वारा केन्दीय सदन में 2025-26 का बजट सशक्त रणनीति के द्वारा समृद्ध भारत बनाने हेतु लोकसभा में पेश किया गया। इस बजट पर बिहार-झारखंड की आकांक्षा भी जुड़ी होती है। राज्य के साथ जनता भी प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष लाभों पर आँख लगाए रहती है। बजट की नजर 2047 तक विकसित भारत पर टिकी हुई है।पक्ष - विपक्ष में प्रशंसा- आलोचना के न्यूज बाइट्स आ रहे है। झारखंड - बिहार के सन्दर्भ में भी बजट का मतलब अलग - अलग है। विपक्ष का आरोप है बजट में बिहार के लिए सबकुछ है। क्योकि वहाँ इस वर्ष चुनाव है जबकि झारखंड केंद्रीय सत्ता पक्ष को शिकस्त दिया तो केंद्र ने मुँह ही फेर लिया । बजट में सरकार ने चुनाव , मध्यम वर्ग , कृषि और निर्यात - निवेश पर ध्यान केंद्रित किया है। 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया है। 12 लाख रुपये की आदमनी पर स्लैब के हिसाब से 60 हजार रुपये का टैक्स बनेगा जो कि रिबेट के तौर पर माफ हो जाएगा। बिहार के प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 49,470 रुपए प्रति वर्ष था जबकि झारखंड का इसी वित्तीय वर्ष में 78,660 रुपए प्रति वर्ष रहा। बिहार - झारखंड जैसे कम आय वाले राज्यों की जनता अब अधिक खर्च कर पाएगी। तथापि इसका विशेष लाभ नहीं मिल सकेगा। अभी दोनों राज्य बेरोजगारी और कम आय की समस्या से जूझ रहे है। दोनों राज्यों में रोजगार एक बड़ी समस्या है। नौकरी देने वाली एजेंसिया विवादों में है। भूमि मानव और खनिज संसाधनों का उचित दोहन नहीं है इस मुद्दे पर केंद्र उदासीन रहा है। कृषि क्षेत्र के लिए शुरू की जाने वाली प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम , राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन, , 6-वर्षीय ह्नदलहनों में आत्मनिर्भरता मिशनह्व और सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम का लाभ झारखण्ड और बिहार दोनों राज्यों के कृषको को मिल पायेगा।

झारखण्ड - बिहार के कृषक ऋण तक पहुंच नहीं पाते , न ही उनके पास उन्नत तकनीकों की पहुंच है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को आकांछी जिला योजना की तरह क्रियान्वित किया जायेगा। चुनिंदा 100 जिलों को इसका लाभ शुरू में मिलेगा। झारखंड - बिहार के जिले इसमें चयनित हो सकते है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सीमा 3 लाख से 5 लाख कर दिया गया है। इसका लाभ दोनों राज्यों के लगभग 7 किसान इसका लाभ ले पाएंगे। इसका प्रभाव कृषि , मत्स्य और पशुपालन क्षेत्र को मिलेगा। देश के कैंसर पीड़ितों के लिए सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्र की स्थापना का लाभ झारखंड - बिहार के कैंसर पीड़ित मरीजों को मिलेगा। महंगे देखभाल और राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी कारण बड़ी संख्या में कैंसर से मौते होती है। धनबाद को झारखंड का कैंसर राजधानी कहा जाता है। राष्ट्रीय रजिस्ट्री कार्यक्रम में अनुसार बिहार में वर्ष 2023 में भयावह लगभग 76 हजार लोगों की कैंसर के कारण मौत हुई है। साल 2022 में बिहार कैंसर से मौतों के मामले में देश के राज्यों में चौथे स्थान पर था। दोनों राज्यों में हर वर्ष 80 हजार से अधिक कैंसर मरीज मिल रहे है। जिला अस्पतालों में कैंसर केंद्र, कैंसर से होने वाली मौतों को कम कर सकती है। जिला अस्पतालों को और अधिक सुविधाएं देने का प्रयास किया जाना चाहिए था। हर कोई गावो से पटना या रांची नहीं जा सकता मगर जिला स्वास्थ्य अस्पतालों तक पहुंच होती है। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ डॉक्टर्स और स्टाफ की समस्या हल की जानी चाहिए थी। उभरते हुए टियर 2 शहरों में वैश्विक क्षमता केन्द्रों को बढ़ावा देने में राज्यों का मार्गदर्शन करने के लिए एक राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। झारखंड के धनबाद , रांची , जमशेदपुर और बिहार के पटना में वैश्विक क्षमता केन्द्र के विकास में सहायता मिल पायेगी।

चुनावी वर्ष होने के कारण इस बजट में मध्यम वर्ग के साथ बिहार का खास ख्याल रखा गया है।बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा की गई है।नवीनतम मखाना बोर्ड बिहार को वैश्विक पहचान दिला सकता है। इससे रोजगार के अवसर के साथ बिहार की आय में इजाफा हो सकता है। बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाएगी। इस संस्थान से पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण कार्यकलापों को पुरजोर बढ़ावा मिलेगा एवम किसानों के उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी आमदनी बढ़ेगी, और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, उद्यमशीलता और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होगा। बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्टों की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि राज्य की भावी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना से 50,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बड़ी संख्या में खेती करने वाले किसानों को लाभ होगा।

बिहार में बीजेपी सहयोगी सरकार और इस वर्ष चुनाव होने की संभावना ने विशेष लाभ दिया'है। जबकि झारखंड को इस बजट से कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाया। इस बजट से बिहार - झारखंड के युवाओ को रोजगार की विशेष उम्मीद थी। झारखंड - बिहार में परिवहन आज भी समस्या है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था एवं बारहमासी सडकों की व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए। शिक्षा , रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दोनों राज्य आज भी अन्य राज्यों पर आश्रित हैं। देश मे मात्र लागभग साढ़े तीन करोड़ लोग ही इनकम टैक्स भरते हैं तो बारह लाख तक की आय पर टैक्स न लगने से किसे लाभ होगा? 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य तब तक अधूरा होगा जब तक देश के पिछड़े राज्य आगे नहीं बढ़ते और ये दोनों राज्य राष्ट्रीय सूचकांकों में सामाजिक आर्थिक तौर पर नीचे से प्रथम दो हैं।बजट समावेशी विकाश का आधार है ।आवश्यक है दोनों राज्यों को विशेष हिस्सेदारी मिले ताकि भारत का समतुल्य विकास हो।

## स्पीड न्यूज

### चोरों के अंदर पुलिस का डर खत्म, लगातार दे रहे चोरी की घटना को अंजाम

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र में इन दिनो चोरों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। जिस तरह से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है इससे लगता है कि चोरों के अंदर पुलिस का डर ही खत्म हो गया है। चोरों ने अब तो ओपी से महज कुछ दूरी पर मेन रोड स्थित कुछ दिन पूर्व ही खुला श्री कृष्णा स्वीट्स एंड ड्राई फ्रूट्स दुकान में चोरी कर ली। चोरों ने शीट तोड़कर रविवार की रात नगद 3 हजार रुपए व करीब 8 हजार रुपए मूल्य के ड्राई फ्रूट्स की चोरी कर ली। भुक्तभोगी संचालक विनोद प्रसाद को घटना की जानकारी सोमवार की सुबह दुकान खोलने पर हुई। उन्होंने तत्काल कुजू ओपी पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर छानबीन की। भुक्तभोगी ने विनोद प्रसाद ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रविवार की रात दुकान बंद कर चले गए। सोमवार की सुबह दुकान आने पर उन्होंने देखा कि शीट टूटी हुई है। साथ ही गल्ले में रखे नगद 3 हजार रुपए व करीब 8 हजार रुपए मूल्य के ड्राई फ्रूट्स गायब हैं।

### शिक्षा बिना मानव जीवन पशु के समान है : अशोक

**रजरप्पा।** छोटकीपोना स्थित आदर्श ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा के समारोह पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि ग्राम विकास समिति अध्यक्ष अशोक राम बेदिया, विशिष्ट अथिति युगेश महतो, बढ़न राम दांगी, मोती राम, बासुदेव महतो, संजय नायक, मनोहर कुमार, वरुण महतो, संचालक महेश प्रसाद, संस्थापक बालेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश कुमार, प्रीतम महतो ने संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं दीप जलाकर शुरूआत किया। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि शिक्षा बिना मानव जीवन पशु के समान है। साथ ही नाटक और संगीत लोगों को मानसिक रूप से मनोरंजन करता है। इससे प्रेरणा लेकर लोगों को जीवन में आने वाले नाटक का सामना करनी चाहिए. कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के निदेशक ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत कर मंचासीन कराया। स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत गाए। इसके साथ ही बेहतर नृत्य, नाटक, गीत आदि कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार मेडल प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक बेबी कुमारी, भारती, रेशमी, मोहनी, रोशन कुमार, नवीन कुमार, विकास कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित ब्यूटीशियन कार्यशाला संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित तीन महीने की ब्यूटीशियन कार्यशाला सोमवार को समारोह पूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें से 4 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बाद कार्यक्षेत्र में कदम रखा और अपनी सेवाएं देना शुरू कर दिया। कहा गया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करना था। समापन समारोह के अवसर पर स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही रीता सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के अवसर देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती हैं। प्रतिभागियों ने समिति को उनके इस प्रेरणादायक कदम के लिए धन्यवाद दिया।

### सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गयी

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल सहित चितरपुर आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को विद्या की देवी मां वीणावादिनी का पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व साथ मनायी गयी। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। पूजा को लेकर एवं युवाओं में खासा रहा। यहां के विभिन्न स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों के अलावे क्लबों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान सुबह माता सरस्वती को पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा पंडालों में लगे आकर्षक लाइट और भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया है। आयोजन समिति के सदस्यों के विभिन्न स्कूल कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा सोमवार को प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। इधर, चितरपुर विद्यालय चितरपुर, बीएड कॉलेज लारी में भी मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


### प्रयागराज में मृत्यु होने वाले व्यक्तियों को दी गई श्रद्धांजलि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना मैदान स्थित श्रीश्री 108 खेपा बाबा आश्रम में रविवार की शाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रयागराज में मृत्यु होने वाले व्यक्तियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अगरबत्ती जलाकर मौन रखा गया। श्रद्धांजलि देने वालो में श्रीश्री 108 खेपा बाबा, बृजनंदन उर्फ बाबू भुंइया, सतीश कुमार, मिथिलेश पासवान, अजय यादव, रोहित मिश्रा, सत्यनारायण महतो, आनंद महतो, कारण पासवान, रंजीत कुमार, कुंती देवी, गीता देवी, रीना देवी, मेघा कुमारी, प्रमिला देवी, सोनाली, लीला देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।



# हजारीबाग जिले में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा





पूजा करते श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में सरस्वती पूजा बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाई गई। स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां शारदे से ज्ञान, बुद्धि और समृद्धि की कामना की।

पूजा पंडालों को आकर्षक फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया, जिससे पूरे जिले में उत्सवी माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की आराधना की और प्रसाद ग्रहण किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे ताकि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों,विद्यालयों और संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। दारू पुराना दुर्गा मंडप, अल्फा कॉर्नर, सनराइज पब्लिक प्लस 2हाई स्कूल, छत्रपति शिवाजी प्लस 2 हाई स्कूल, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, बिरसा स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल, मेडकुरी, दारू, खरिका, जिनगा और झुमरा समेत कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने भव्य तरीके से पूजन किया। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर सुंदर मंडप सजाए और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। पूजा के दौरान हवन, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति की प्रार्थना की। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु उत्साह के साथ पूजा में शामिल हुए।

## टाटीझरिया में बहुत ही धूमधाम से मना सरस्वती पूजा

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भाराजो, खैरा, डूमर, टाटीझरिया, डहरभंगा पंचायत के विभिन्न गांवों मुहल्ले के पूजा समिति क्लबों में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना आराधना किया गया गया। वही टाटीझरिया के एडिशन पब्लिक स्कूल, डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल,रामानुजन डिग्री कॉलेज, झरपो मध्य विद्यालय,अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल झरपो टाटीझरिया, उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो समेत अन्य विद्यालय कोचिंग शिक्षा संस्थानों में विधिवत छात्र छात्राए शिक्षकों के साथ आचार्य पुरोहितों द्वारा सरस्वती महा भाग्ये विद्या कमल लोचनि ,विश्व रुपे विशालाक्षी विद्या देही नमोस्तुते। अन्य वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा माता सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना आराधना किया गया। बताते चले कि एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने छात्र छात्राओं को सरस्वती पूजा के महत्व की जानकारी देते हुए सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दिया एवं उन्होंने कहा कि वेद की जननी माता सरस्वती आप सबों पर अपनी कृपा हमेशा बनाए रखें। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं संग कई छात्र छात्राए शामिल थे।

## माता सरस्वती की भक्तिभाव से हुई पूजा

**रामगढ़।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 3 फरवरी को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में धूमधाम से हुई। पूजा का शुभारंभ विद्यारंभम करिस्यामि सिद्धिर भवतु में सदा अर्थात यह सब की कामना पूर्ण करने वाले माता सरस्वती आपको नमस्कार करता हूं मैं अपने विद्याज्ञान करना आरंभ कर रहा हूं मुझे इस कार्य में सिद्धि मिले दूसरा मंत्र या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता नमस्ते नमस्ते नमो नमः तीसरा मंत्र पढ़ाई में तेज होने वाला मंत्र ओम त्र्यंबकम यजामहे सुगंधिम पुष्टिवर्धनम उवार्रुकमेव वंधनान मृत्यो मोक्षीय मामृत्ता मंत्र का उच्चारण के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप, सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों संपन्न किया । विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पूर्ण मनोयोग के साथ पूजा में भाग लिया।

# इचाक में बिहार किंग फैमिली रेस्टोरेंट और निर्मल फर्नीचर का भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन में शामिल लोग

**इचाक।** क्षेत्र में व्यापार और सुविधाओं के विस्तार के तहत बिहार किंग फैमिली रेस्टोरेंट और निर्मल फर्नीचर का शुभारंभ किया गया। बिहार किंग फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन नेशनल हाईवे 33 स्थित बोंगा पेट्रोल पंप के पास हुआ, जबकि निर्मल फर्नीचर का शुभारंभ पुराना इचाक स्थित टावर के समीप किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पूर्व मुखिया निर्मल कुमार, पूर्व विश्व सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुखिया अशोक राम, सिकंदर कुमार दास और कांग्रेसी नेता कैलाश प्रसाद मेहता ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर उद्घाटन किया।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नेशनल हाईवे पर एक अच्छे फैमिली रेस्टोरेंट के खुलने से यात्रियों को किफायती और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। वहीं, निर्मल फर्नीचर के शुभारंभ से स्थानीय लोगों को शादी-विवाह और अन्य आवश्यकताओं के लिए टिकाऊ और किफायती फर्नीचर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में राजू कुमार, फुलवा देवी, कौशल्या देवी, आरती देवी, रामप्रवेश सिंह, पूर्व विश्व सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व प्रमुख सरिता देवी, पप्पू प्रसाद मेहता, रामफल मेहता, दिगंबर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, जगदीश मेहता, नरेश प्रसाद मेहता, बंगाली प्रसाद मेहता, अंजू यादव, बबीता यादव, पिंटू कुमार, अशोक कसेरा, किशोर सिंह, राजेंद्र रवि, उमेश रवानी, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, गीता देवी, प्रकाश राम, संतोष कुमार रजक, किरण देवी, संदीप कुमार, आशीष कुमार, चंद्रिका सिंह, रोहन कुमार, सजल कुमार, पंकज कुमार, नूतन सिंह, कृष्ण प्रसाद और नारायण प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। स्थानीय जनता और अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुविधा विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बाबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन



कलश के साथ शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** बाबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर 3 फरवरी को दामोदर नद स्थित मुक्तिधाम परिसर गांधी घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हजारों महिलाओं बच्चों और पुरुषों ने इस कलश यात्रा में भाग लिया।

पीले फूलों और खूबसूरत रंगों से कलश को सजाया गया था जिसमें दामोदर नदी से पवित्र जल को पूर्ण किया गया। बाबा की सेवा में समर्पण करने

## बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

के लिए श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट एवं श्री श्याम महिला परिवार की सभी समस्याएं उपस्थित थी। पांच मुख्य यजमान ने सबसे पहले सपत्नीक कलश की पूजा की। जिसे वैदिक मंत्रो के साथ बनारस से आए हुए विद्वान पंडितों ने कराया। सुबह 7रू00 से लेकर 10रू00 बजे तक गांधी घाट मुक्तिधाम परिसर में ओम नमः शिवाय और ओम श्री श्याम देवाय का जाप लगातार चलता रहा।

लोग भक्ति में डूबे रहे और कलश यात्रा के प्रस्थान करने का इंतजार करते रहेत्र पश्चात जुलूस प्रस्थान किया ।आगे आगे बैंड पार्टी छात्रधारी लोग और श्याम प्रभु की तस्वीरकी एक गाड़ी फूलों से लदी हुई सजी थी। यह भव्य शोभायात्रा शहर के थाना चौक, झंडा चौक ,चट्टी बाजार एवं नेहरू रोड होते हुए बाबा श्याम के मंदिर में प्रवेश की। सभी भक्त महिलाओं से कलश मंदिर में रखवाया गया एवं मंदिर के ठीक सामने प्रसाद भोजन की व्यवस्था की गई जिसमें हजारों हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस प्रशासन की टीम थाना इंचार्ज कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एवं ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गजेंद्र पांडे के निर्देशन में पूरी तरह सेवा में पुरुष एवं महिला टीम के साथ जुटे रहे। उनके चेहरे पर भी भक्ति की खुशबू नजर आ रही थी और बाबा श्याम का जयकारे भी लगा रहे थे। बाबा श्याम के दरबार में ध्रुव सिंह, विष्णु शर्मा निखिल गोयल, एवं कमल बगड़िया एवं अनेक भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे। रांची से इन गोलू एंड पार्टी म्यूजिक में अपना पूरा साथ दे रही थी। इन भजनों के पीछे धमाल गर जोर मेरो चाले हीरा मोतियों से नजर उतार दूं ,मतलब कि इस दुनिया से हमको तो नफरत है, तू लग रया सोना सोना, बाबा सीन दे निशान मन खाटू जाना स ,इस तरह के भजनों पर लोग लगातार झूमते रहे। श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष, सावर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल ,कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल इस भव्य निशान के आगे आगे चल रहे थे। पांच मुखी जजमान ओमप्रकाश अग्रवाल और राधेश्याम अग्रवाल ऋषभ पटवारी विष्णु पोद्दार ऋषभ संजय जी मथुरा वाले शपतनीक कलश उठाकर आगे आगे चल रहे थे।



पूजा में शामिल

आगे आगे बैंड पार्टी उसके पीछे भजन बजाते हुए, उसके पीछे कलाकार गाते हुए चल रहे थे। पूरा रामगढ़ श्याम मय नजर आ रहा था पीली परिधानों में महिलाएं एवं पुरुष आज सरस्वती पूजा के इस पावन पर्व पर अपनी अलग छटा बिखेर रहे थे। पूरे रास्ते फूलों की वर्षा हो रही थी एवं गुलाल से सड़क को पाट दिया गया था। सड़क के किनारे हर कोई अपने मोबाइल से इस शुभ घड़ियों को कैद करने में लगा हुआ था। श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट ने रामगढ़ वासियों को इस भक्ति मय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया है।

## एक नजर में

### मजबूत इच्छाशक्ति सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है : प्रवीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने पूजा संपन्न कराई। सरस्वती पूजा के उपरांत बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन में भाग लिया। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जीवन के हर इम्तिहान में सफल होने का संकल्प लेते हुए स्वयं को उसके लिए तैयार करें। मजबूत इच्छा शक्ति सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि स्कूली परीक्षा में प्राप्त अच्छा अंक करियर को सही आकार देने में मदद करता है। इसके अलावा अपने व्यक्तित्व और संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को स्थान देकर आप आगे बढ़ सकते हैं। विद्यालय परिवार को यकीन है कि आप इस विद्यालय का मान अवश्य बढ़ाएंगे। प्राचार्य विवेक प्रधान ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यालय ने जो मूल्य आपमें गढ़े हैं, वह आपको भावी जीवन में आगे बढ़ने और व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। अपनी सभ्यता और संस्कृति का साथ कभी न छोड़ें। जीवन में आगे ढ़ेरों चुनौतियाँ सामने आयेगी। लेकिन हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे द्वारा दी गयी शिक्षा व संस्कार उन तमाम चुनौतियों को छोटा साबित कर देगी। अपने लक्ष्य पर हमेशा फोकस रखें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने स्कूली अनुभव को साझा किया।

### धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा, प्रसाद का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर अवस्थित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी में सोमवार को पूरे धुमधाम व भक्तिभाव के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। इस अवसर पर पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा लाइब्रेरी गूंजता रहा। पूजा के बाद विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के निदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने कहा की परिश्रही सफलता की कुंजी है। परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है।

### भव्य भंडारा के साथ 5 फरवरी को नम आंखों से मां को दी जायेगी विदाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री सरस्वती पूजा समिति गायत्री नगर के तत्वावधान में सोमवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा-अर्चना के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पूजा समिति के सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज में माता सरस्वती साहित्य, संगीत, कला तथा विद्या की देवी के रुप में प्रतिष्ठित हैं। मां सरस्वती को वीणापुस्तक धारिणी कहा गया है। उनमें भाव, विचार एवं संवेदना का त्रिविध संगम है। जहां वीणा संगीत की वहीं पुस्तक विचारों की और मयूर वाहन कला की अभिव्यक्ति है। श्री सिंह ने बताया कि बुधवार को हवन-पूणार्हुति के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में जलसा-ए-दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में रविवार की रात्रि जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन हुआ। जलसे की सदारत प्राचार्य मौलाना अनवर हुसैन ने की। जलसे में हिंदुस्तान के कई नामवर उलेमा व शायर शामिल हुए। इसमें पूर्णिया के मुफ्ती डॉ मुसब्बिर रजा, हजारीबाग के मौलाना गुलाम वारिस, शायर अख्तर कासिफ, शम्स तबरेज शामिल थे। अपनी तकरीर में उलेमाओं ने मुस्लिम समाज से शिक्षा, राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने व अपने अधिकार के लिए संगठित होने की बात कही। दीनी मामलों पर कहा कि जिस दिल में कुरान की आयतें मौजूद न हो वह दिल वीरान की तरह होता है। जिस घर में कुरान की तिलावत न हो वह घर जंगल की तरह है। कुरान घर की अलमारी में रखने के लिए नहीं बल्कि पढ़ने के लिए है। लेकिन आज लोग कुरान की तिलावत के लिए रमजान का इंतजार करते हैं।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना मैदान स्थित श्रीश्री 108 खेपा बाबा आश्रम में रविवार की शाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रयागराज में मृत्यु होने वाले व्यक्तियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अगरबत्ती जलाकर मौन रखा गया। श्रद्धांजलि देने वालो में श्रीश्री 108 खेपा बाबा, बृजनंदन उर्फ बाबू भुंइया, सतीश कुमार, मिथिलेश पासवान, अजय यादव, रोहित मिश्रा, सत्यनारायण महतो, आनंद महतो, कारण पासवान, रंजीत कुमार, कुंती देवी, गीता देवी, रीना देवी, मेघा कुमारी, प्रमिला देवी, सोनाली, लीला देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### कुजू कोयलांचल में धूमधाम से हुआ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा

**कुजू।** कुजू कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया। क्षेत्र के कुजू, मुरपा, श्री राम चौक, डटमा मोड़, पोस्ट ऑफिस कुजू, नया बाजार टांड़, जय हिंद युवा क्लब कुजू बस्ती के अलावे ओरला, तोपा, कुजू कोलियरी, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, बोंगावार, दिगवार, सेवटा, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी के गांवों सहित शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा की गयी। इस बीच पूजा कमिटि द्वारा प्रसाद के अलावे खीर एवं खिचड़ी का वितरण किया।

### जान माल की सुरक्षा को लेकर पीड़ित ने डीसी और एसपी को दिया आवेदन

**कुजू।** अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को उजागर करने पर ओरला पंचायत मुखिया पति द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ओरला निवासी टारजन मुंडा पिता स्व रामधन मुंडा ने एसपी और डीसी को आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़ित टारजन मुंडा ने कहा है कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को लेकर गत 14 दिसंबर को प्रेस वालों को दिए गए बयान से नाराज ओरला पंचायत के मुखिया पति निर्मल करमाली पिता स्व हरि करमाली ने मुझे तीन जनवरी को अपने घर पर बुलाया। जहां उनकी उपस्थिति में लखदेव करमाली पिता वंशी करमाली और विकास करमाली पिता स्व विनोद करमाली एवं अन्य 8 से 10 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और मुझे प्रेस में दिए गए बयान को वापस लेने की धमकी दी गई। अन्यथा सर काट कर ले जाने की चेतावनी दी। बाद में 4 जनवरी को मुखिया पति अपने साथ अन्य 60 लोगों को लेकर मेरे घर पर आकर मुझे फिर से वही बात को लेकर धमकाया गया। उन्होंने डीसी और एसपी से जान माल की सुरक्षा करते हुए मारपीट करने और धमकाने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि उन्होंने कुजू ओपी पुलिस को भी दिया है।

## जीएस.पब्लिक स्कूल, डोमचांच के प्रांगण में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई



**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल डोमचांच में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनायी गयी। इस अवसर पर बच्चों सहित अभिभावकों ने मां शारदे का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किये। इस अवसर पर विद्यालय में भारी संख्या में नए बच्चों का नामांकन हुआ, साथ ही साथ उन सभी बच्चों का अक्षर अभ्यास कराया गया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बच्चों को ढेर सारे शुभकामनाएं दी तथा अतिथिगणों का स्वागत करते नजर आए, साथ ही उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा माता सरस्वती को समर्पित है, जो ज्ञान, बुद्धि, कला और विद्या की देवी हैं। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा का सांस्कृतिक और आयात्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। यह पर्व जीवन में शिक्षा, ज्ञान और कला के महत्व का प्रतीक है। वहीं प्राचार्य प्रतिमा कुमारी के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन दिए गए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा एक सुंदर त्योहार है, जो हमें जीवन में ज्ञान और कला के महत्व की याद दिलाता है। सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित हुए।

## ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हमारे पौराणिक संस्कृति को मजबूत बनाता है : अनिल



**कोडरमा।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में विद्यारंभ दिवस, बसंत पंचमी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्या व सद्बुद्धि की कामना की। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि भारत के पौराणिक संस्कृति में से एक विद्यारंभ दिवस भी है, जिसे आज बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा के रूप में मनाते हैं। बच्चों को विद्यालय भेजकर विद्या अर्जन कि शुरुआत आज ही के दिन होता रहा है। सनातन संस्कृति के सोलह संस्कारों में एक विद्यारंभ संस्कार भी है, जो आज के दिन ही शुभ माना जाता है। मां शारदे सभी को अपने ज्ञान की ज्योत से प्रकाशित करें। इस अवसर पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, खुशबु गुप्ता, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों अभिभावक व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा, संध्या में भजन संध्या आयोजित



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई। विद्यालय सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर भव्य रूप से सजाया गया, जहां छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं पुरोहित कमलाकांत पांडेय के द्वारा श्रद्धा भाव से मां सरस्वती की पूजा एवं आराधना की। वहीं पूजा के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया और विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और ज्ञान की प्रार्थना की, पूरे विद्यालय में भक्तिमय वातावरण बना रहा। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा की आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत शुभ और पावन है। मां सरस्वती, जो विद्या, बुद्धि और कला की देवी हैं, उनकी कृपा से ही हमें ज्ञान प्राप्त होता है और हम उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। वहीं शाम को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और विशेष आमंत्रित कलाकारों ने सु-मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्तिरस से सराबोर इस संध्या में उपस्थित सभी लोगों ने भजनों का आनंद लिया और मां सरस्वती के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## डोमचांच में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा, न्यू आजाद क्लब की 75वीं वर्षगांठ मनी



**डोमचांच (कोडरमा)।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरे डोमचांच व आस-पास के क्षेत्रों में धूम-धाम से मनाई जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के अलावे कोचिंग और शैक्षणिक संस्थानों में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सरस्वती पूजा को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर डोमचांच नगर पंचायत स्थित ढाब रोड महथाडीह में सोमवार को सरस्वती पूजा को लेकर न्यू आजाद क्लब का 75वां वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भव्य पंडाल के साथ आकर्षक सरस्वती मां की प्रतिमा स्थापित की गई। बता दें कि न्यू आजाद क्लब महथाडीह में सरस्वती पूजा की शुरूआत सन् 1951 से शुरू किया गया था, जो आजाद पुस्तकालय के नाम से प्रचलित था। क्लब के अध्यक्ष वीर कुमार गुप्ता ने बताया कि आने वाले समय में यहां फिर से छात्रों के लिए पुस्तकालय खोला जाएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। मौके पर सचिव प्रवीण साव, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार साव, शंकर साव, सरोज कुमार, मोनू सिंह, सुनील साहू, संतोष पासवान, सोनू पासवान, दीपक प्रजापति, गोलू राणा, सोनू पंडित, दीपक, बिट्टू, सुधीर, सागर, अंशु गुप्ता, अनुप कुमार, अभिषेक कुमार, संरक्षक में महेंद्र कपूर, रोश्याम साव, कृष्णा साव, राजू साव, वैंकुठ पासवान, सुनील राम, बाबूलाल साव, राजकुमार साव, राजेन्द्र साव, मनोज साव, बासुदेव राणा, दिनेश राणा, सुरेश पंडित, अशोक पंडित आदि लगे हुए हैं।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख विजय सिंह, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, विजय बर्णवाल, भीष्म साव, प्रकाश साव समेत अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों ने कहा कि विद्यालय में उच्च शिक्षा के साथ साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने की आवश्यकता है, जो प्राानाध्यापक विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा देने का काम किया गया। शिक्षा पद्धति में सुधार होने से अंतिम व्यक्ति भी शिक्षा के प्रति जागरूक होता है। कार्यक्रम का संचालन कुंवर प्रजापति व दिनेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विद्यालय की छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया, वहीं दूसरी ओर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिन्हा के 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए वे अपना प्रभार विद्यालय के शिक्षक मुन्ना कुमार सिंह को सौंपा। सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गयी। इस मौके पर आए हुए अतिथियों के द्वारा सेवानिवृत्ति हुए प्रधानाध्यापक को रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुओं को देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों को उनके द्वारा सींचे गये बाग को हरा भरा व बेहतर बनाने को कहा। इससे पूर्व विद्यालय परिवार ने अतिथियों का माला व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर दु:खहरण साव, किशोर रविदास, मो. जहांगीर, नूनमन विश्वकर्मा, मो. फैयाज अहमद अंसारी, एनुल हक, विद्यासागर पासवान, रामकृपाल सिंह, जनार्दन यादव, शूकर साव, सहदेव यादव समेत विद्यालय की छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

# फायरिंग की घटना में संलिप्त दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड स्थित शीतला माता मंदिर के पास रविवार की देर रात फायरिंग की गई। जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष यादव और मिस्टी मरांडी शामिल है।

**आरोपियों ने मोहल्ले के युवक पर चलाई गोली :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीयूष यादव और मिस्टी मरांडी ने रविवार की देर रात मोहल्ले के एक युवक पर बंदूक तान कर फायरिंग का प्रयास किया गया, हालांकि युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

**घटना में संलिप्त दोनों आरोपी गिरफ्तार :** इधर, सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पीयूष यादव को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही फायरिंग की घटना में संलिप्त मिस्टी मरांडी नामक युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने बताया कि पीयूष यादव हाल ही में जेल से रिहा हुआ है।

**हाल में ही जेल से बाहर आए थे दोनों आरोपी :** इस मामले के प्रत्यक्षदर्शी रोहित कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले दोनों आरोपियों ने उसके घर में चोरी की थी, उक्त मामले में दोनों जेल भी गए थे। जेल से बाहर निकलने के बाद दोनों आरोपी लगातार उसके भाई को जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। इसी दौरान रविवार की रात उसके भाई पर आरोपियों ने पहले तलवार से हमला किया और बाद में पिस्तौल से गोली मारने का प्रयास किया।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, युवती घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाइक सवार होकर घूमने निकली एक प्रेमी युगल जोड़ी रेसिंग के क्रम दुर्घटना ग्रस्त हो गई, जिसमें बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई एवं प्रेमिका को हलकी चोटें आई हैं। वहीं मृतक की पहचान असनाबाद टीओपी गली निवासी मो. सद्दाम पिता नौशाद हुसैन के रूप में हुई। घटना अपराह्न 3:30 बजे तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास रिलाईनस पेट्रोल पंप के निकट घटी। मिली जानकारी के अनुसार मो. सद्दाम चंदवारा निवासी एक युवती के साथ कोडरमा की ओर घूमने गया था, उक्त युवती को उसके घर चंदवारा अपने बाइक जेएच12के-4206 से छोड़ने जा रहा था। इसी बीच बाईपास रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट सड़क किनारे खड़ी एक स्कॉर्पियो जेएच02बीसी-0555 में पीछे से जोरदार टक्कर मारी। घटना के बाद आसपास के स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवती को किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची तिलैया पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पिता मो. नौशाद दुबई में काम करते हैं, जबकि मृतक मुम्बई में किसी निजी कपड़ा की कंपनी में कपड़ा सिलाई का काम करता था। मृतक तीन भाई हैं, जिसमें यह सबसे बड़ा था। बताते चलें कि अभी कुछ दिन पूर्व ही वह मुम्बई से अपने घर झुमरीतिलैया आया हुआ था और जब से वह तिलैया आया था, प्रायः युवती को घूमाने के लिए ले जाता था। इधर घटना की सूचना के पश्चात् मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## खड़ी ऑटो से टकराई बाइक, युवक की मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत चरकी पहरी रोड स्थित एचपी गैस गोदाम के निकट सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक युवक की पहचान 25 वर्षीय विकास यादव पिता डोमन यादव तिलैया बस्ती निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चरकी पहरी से तिलैया लौट रहा था। इसी दौरान एचपी गोदाम के पास खड़ी एक ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य युवकों को एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## ग्रिजली विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में पूरे श्रद्धाभाव के साथ ज्ञान, कला, संगीत और साहित्य की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित पूजा में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, शिक्षक संजीव कुमार जायसवाल, रवि दत्त पांडेय, अनुपमा पाठक एवं छात्र-छात्राएं ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा में शामिल हुए। जिन्हें पुरोहित नारायण पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया। पूजा के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं विद्यालय में संध्या आरती का आयोजन किया गया। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मां सरस्वती से हम सबको ज्ञान और समझ का आशीर्वाद प्राप्त हो, ताकि हम अपने जीवन में सफलता और शांति की ओर अग्रसर हो सकें। यह दिन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा सरस्वती पूजा का आयोजन हमारे जीवन में शिक्षा की महत्ता को पुनः स्थापित करता है। यह दिन हमारे छात्र-छात्राओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता है, ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन, अमित दास, शिक्षक रवि दत्त पांडेय, अनुपमा पाठक, संजीव जायसवाल, मनोज सिन्हा, कुमार राजीव, संजय कुमार सिन्हा आदि का सराहनीय योगदान था।

## मां शारदे की अराधना में लीन रहे विद्यार्थी

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में भी कला, ज्ञान, विद्या व आष्ठिात्री देवी मां सरस्वती की पूजा धूम-धाम से मनाई गई। पूजा को लेकर पूरे प्रखंड का वातावरण भक्तिमय बना रहा। निर्धारित समय पर विद्यालय में पूजा-अर्चना शुरू की गई, जहां छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती के समक्ष किताब, कॉपी और कलम रखकर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात् उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रखंड के सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, परियोजना बालिका विद्यालय, उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय मरकच्चो, भारती उच्च विद्यालय नावाडीह 1, परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामू, प्राथमिक मध्य विद्यालय पपहरा, प्राथमिक विद्यालय महुआडांड़ समेत कई जगहों पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूम-धाम से की गई। वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में विभिन्न क्लबों के सदस्यों द्वारा भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूम-धाम से की गई। वहीं सतगावां प्रखंड में भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूम-धाम से की गई। यहां सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों व गांवों छात्रों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समीप पुस्तकें रखकर आरती की, पूजा को लेकर काफी चहलपहल रही।

## चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र में चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताते चलें कि गांधी स्कूल रोड और बजरंग नगर स्थित मकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। वहीं गांधी स्कूल रोड स्थित मकान के मालिक अरुण मोदी ने अपना घर गैस पाइपलाइन कंपनी के कर्मचारियों को किराए पर दिया है। घटना उस समय हुई, जब किराएदार सुबह 10 बजे काम पर गए थे। शाम 5 बजे जब वे वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। मकान मालिक की बहन मनोरमा देवी को सूचना दी गई। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया, अंदर का नजारा देख सभी हैरान रह गए। मकान मालिक का बंद कमरा खुला मिला और सारा सामान बिखरा हुआ था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे थे। फिलहाल मकान मालिक के आने के बाद ही चोरी हुई वस्तुओं और नुकसान का सटीक आकलन हो पाएगा। सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि पिछले एक महीने में क्षेत्र में यह छठी चोरी की वारदात है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।

**बजरंग नगर में भी हुई चोरी :** इधर, दूसरी ओर चोरी की घटना तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर की है। घर के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि उनकी मां बजरंग नगर के पास स्थित पानी टंकी के पास एक क्वार्टर में रहती हैं, वह शनिवार को अपनी मां के पास गए हुए थे। रविवार को वापस घर लौटने पर उन्होंने घर के भीतर सभी सामान को बिखरा पाया। इस दौरान उन्होंने देखा कि घर के एसबेस्टस शीट को चोरों द्वारा तोड़कर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसमें करीब 3 लाख रुपए के जेवर और 10 हजार नगदी की चोरी की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना तिलैया पुलिस को दी गई है।

## पेट्रोल पंपों की जांच में अनियमितता उजागर

**सिमरिया।** सोमवार को भ्रमण पर निकले सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के द्वारा अंचल अधिकारी गौरव कुमार रॉय के साथ विभिन्न पेट्रोल पंपों की जांच की गई। जांच के दौरान डिस्पेंसिंग यूनिट और मापने वाली फ्लास्क में पेट्रोल एवं डीजल की मापी की गई। जांच किये गये सभी पेट्रोल पम्प में अनियमितता पाई गई। एसडीओ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अनियमितता पाए गए पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें बिलसी पेट्रोल पम्प, बाबा पेट्रोल पम्प, ईश्वर दयाल पेट्रोल पम्प, जियो पेट्रोल पम्प और शिवकरण लाल पेट्रोल पम्प, बन्हें, सिमरिया (संजय जैन) शामिल हैं। मौके पर अंचल कर्मी और पुलिस जवान

## शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनी। प्रखंड के बीएसबी उच्च विद्यालय परसाबाद, आदर्श जमा दो उच्च विद्यालय मावाटांड़, एसपी राजकमल पब्लिक स्कूल मधवाटांड़, आइडियल प्रोग्रेसिव स्कूल डंडाडीह, सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय पावर हाउस, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा, न्यू मिलेनियम क्लब मुसौवा, अंबेदकर क्लब भुइयां टोला कटिया, आदर्श बाल युवा क्लब सांथ, तुफान क्लब जयनगर, हीरोडीह समेत कई स्कूलों और क्लबों में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनायी गयी। छात्र-छात्राएं सुबह से ही स्कूलों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे और मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। जबकि अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता स्कूलों व क्लबों में माता के दर्शन के लिए लगा रहा।

# टंडवा में 5 फरवरी को शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव का शहादत दिवस मनाया जाएगा

- कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में चतरा सांसद काली चरण सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल होंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड के कामता में 5 फरवरी 2025 को शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव की 168वां शहादत दिवस के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में चतरा सांसद काली चरण सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, और मनोज चंद्रा शामिल होंगे। इसके अलावा ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें सईद अंसारी अध्यक्ष, मोबीन अंसारी उपाध्यक्ष, जियाउल हक अंसारी कोषाध्यक्ष, मो. गुलाम सरवर सचिव और मो. महमूद अंसारी उप सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। कार्यक्रम के संरक्षकों ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार होगा, जिसमें राजनीतिक मतभेद और जाति-पाति की दीवारें तोड़ते हुए सभी लोग एकजुट होकर देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। समिति ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है, ताकि इस पवित्र अवसर को एक सफल और सार्थक आयोजन बनाया जा सके।

## एक नजर में

### इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**इटखोरी।** आगामी 19, 20 और 21 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को इटखोरी प्रखंड कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने की। जिसमें एसडीओ जहूर आलम, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, सीओ सविता सिंह, बीडीओ सोमनाथ बांकीरा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, प्रमुख प्रिया देवी, उपप्रमुख संजय साव, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, न्यास समिति के सदस्य, रैयत समेत अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान महोत्सव की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने महोत्सव को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं की पुख्ता व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक नृत्य, भजन संध्या और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के बाद अधिकारियों ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

### प्रखंड में धूमधाम से मनायी गयी सरस्वती पूजा



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा धूमधाम से सोमवार को मनाई गई। सरस्वती पूजा धार्मिक परंपराओं के अनुसार बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि पूर्वक पूजा करने से ज्ञान और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन पीले वस्त्र पहनना और पीले रंग का भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। क्योंकि पीला रंग देवी को अत्यंत प्रिय है। इस अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मां की उपासना में विद्यालय परिवार ने सभी देशवासियों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस उल्लास पूर्ण अवसर तथा विद्या और ज्ञान से जुड़े इस त्योहार पर हम सभी देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि तथा विद्या-विवेक की कामना करते हैं। मां सरस्वती से हमारी प्रार्थना है कि वे भारत को विश्व के ज्ञान-केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित करें। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

### 120 श्रद्धालु कुंभ मेला के लिए हुए रवाना




**सिमरिया।** प्रखंड के सबानों गांव से सोमवार को कुंभ मेला के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। जत्था में 120 श्रद्धालु शामिल है। सभी श्रद्धालु तीन सुरक्षित वाहन से रवाना हुए है। रवाना होने के पहले श्रद्धालुओं का जत्था संकटमोचन हनुमान मंदिर में माथा टेका और हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए निकले। साथ ही पंचायत वासियों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। काँवरिया का नेतृत्व कर रहे शिक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्रयाग राज पहुंचेंगे। इसके बाद स्नान व पूजा करके अयोध्या, विंध्याचल और बनारस आदि धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। इसके बाद घर लौटेंगे। श्रद्धालुओं में कई लोग शामिल थे।

### गिद्धौर में जीपीएल प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन



गिद्धौर। जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में सोमवार को जीपीएल प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया निर्मला देवी, टूनार्मेंट अध्यक्ष निरंजन दांगी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पहला मुकाबला पैंथर इलेवन बनाम मुकेश वारियर्स के बीच खेला गया। पैंथर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन बनाए, जबकि मुकेश वारियर्स 12 ओवर में 108 रन ही बना सकी। इस तरह पैंथर इलेवन ने 10 रनों से जीत दर्ज की। लखन कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका आकिद खान और चंदन कुमार, जबकि स्कोरर की भूमिका सुमित कुमार ने निभाई। इस मौके पर कई गणमान्य लोग और खेल प्रेमी मौजूद रहे। विधायक कुमार उज्जवल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

### गिद्धौर थाने में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर का उद्घाटन



**गिद्धौर।** थाना परिसर में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को कलशयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल शामिल हुए। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर रामसागर तालाब तक गई, जहां पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलशयात्रा वापस थाने के मंदिर परिसर में पहुंची। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय भी गिद्धौर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने नारियल फोड़कर और फीता काटकर मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना भी की गई, जिसका आयोजन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने विधिपूर्वक किया। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। उद्घाटन समारोह में मुखिया निर्मला देवी, भा.ज.पा. मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, सतेंद्र दांगी, कुशवाहा समाज जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, बंशी दांगी, बिनोद ठाकुर, ब्रजेश सिंहा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सिमरिया एसडीओ ने गैरमजरूआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश

**सिमरिया।** एसडीओ सन्नी राज ने सोमवार को चिन्हित गैरमजरूआ भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय शामिल थे। एसडीओ ने निरीक्षण के क्रम में सिमरिया अंचल अंतर्गत विभिन्न गांवों में गैरमजरूआ भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही अतिक्रमण किए गए भूमि पर अंचल कार्यालय के द्वारा बोर्ड भी लगाया गया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि यदि किसी के द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जाता है, तो अतिक्रमण करने वाले के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकरी और अंचल अधिकारी, सिमरिया को निर्देशित किया गया है कि अब तक कराये गये अतिक्रमण मुक्त भूमि पर घेरा बन्दी कराना सुनिश्चित करेंगें। मौके पर अंचल कर्मी और पुलिस बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांव और शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांव और शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शैक्षणिक संस्थानों सार्वजनिक स्थल और पूजा पंडालो में मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। भक्ति गीतों और मंत्र उच्चारण के साथ पूरा क्षेत्र भक्ति मय माहौल सा हो गया। खासकर बच्चों में काफी उत्साह पूजा को लेकर देखा गया। बच्चों ने पीले वस्त्र पहन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और विद्या व बुद्धि की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। कई समिति द्वारा कई स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पूजन के उपरांत भोग प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ प्रसाद ग्रहण और मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने को लेकर लगी रही। मौके पर कई शिक्षण संस्थान,पूजा समिति,के लोग उपस्थित थे।

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पुरोहित शेखर मिश्रा के द्वारा मंत्रोचार कर मां माता सरस्वती की पूजा अर्चना करायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक संजय कुमार गुप्ता, विद्यालय विभागाध्यक्ष गायत्री गुप्ता, शिक्षका मैत्री अधिकारी, पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, सिमरन गुप्ता, विनीता गुप्ता, शोभा तिर्की, प्रिंसी गुप्ता, संजू दास, सोनम चौहान, निहारिका सिंह, उषा रानी, कीर्ति कुमारी, कविता कुमारी, पायल साहू, सुमन कुमारी, सुनीता कपिल सुरीन, सीमा खाखा, जय किशोर कुमार, विपुल कुमार केसरी, कृष्ण नंदन कुमार, राजेश खत्री, संदीप उरांव, सूर्यनाथ सिंह व विद्यार्थी गण मौजूद थे।

### जिले में जनसंदेश कार्यक्रम आयोजित कर आंदोलन की होगी तैयारी

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा गुमला जिला में शहीदों को याद करते हुए जिले के सभी तीनों अनुमंडल क्षेत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व विभिन्न जन समस्याओं को लेकर आंदोलन की तैयारी की जाएगी। इस बाबत 7 फरवरी 2025 को चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में तथा 8 फरवरी 2025 को बसिया अनुमंडल क्षेत्र और वीर तेलंगा खड़िया के जयंती के अवसर पर 9 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में जनसंदेश कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। विदित हो कि गुमला जिला में विकास के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च होने के बावजूद पिछड़ा जिला के श्रेणी में है। कारण विकास के नाम पर मची लूट है । कोई भी विभाग व योजना भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है । आम जनता से भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा जन समस्याओं को लेकर हर स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की अपील किया जाएगा। आने वाला समय में जोरदार आंदोलन का सामना लूटतंत्र को करना होगा। इस योजना के तहत जनसंदेश कार्यक्रम के द्वारा जनता से एकजुट होने की अपील की जाएगी ।

### गुमला मुख्य डाकघर में पोस्टल आर्डर की किल्लत पर सूचना आयोग के सचिव को शिकायत

**गुमला।** गुमला के मुख्य डाकघर में पांच और दस रूपए का पोस्टल आर्डर काफी लम्बे समय से नहीं रखा जा रहा है। जिसके कारण आम जनता को विभिन्न लोक प्राधिकरण के कार्यालयों में सूचना का अधिकार आवेदन देने में परेशानी उत्पन्न हो रही है और इस मामले पर आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने एक लिखित शिकायत झारखण्ड राज्य सूचना आयोग के सचिव के पास किया है। आयोग के सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रयोग हेतु निर्धारित सूचना आवेदन शुल्क के रूप में डाक विभाग द्वारा जारी भारतीय पोस्टल आर्डर सर्वमान्य एवं सर्वसुलभ माध्यम के रुप में नागरिकों के द्वारा सूचना कानून के लिए उपयोग किया जाता है। परन्तु गुमला जिला के मुख्य डाकघर पिछले कई महीनों से पांच एवं दस रूपए का पोस्टल आर्डर की बिक्री नहीं की जा रही है। इस हेतु आमजनो के साथ ही हमारे द्वारा मुख्य डाकघर के डाकपाल को मौखिक रूप से कई बार शिकायत की गई। लेकिन उनके द्वारा पोस्टल आर्डर की उपलब्धतता कराने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं होने से आज गुमला जिले के लोग बिना पोस्टल आर्डर के सूचना कानून के प्रयोग कर पाने में असमर्थ हैं।

### डॉ अनिल 8 को गुमला में

**गुमला।** रीढ़ की हड्डी, नस रोग व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार 8 फरवरी को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच व परामर्श देंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

# सिरसीता नाले को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा : मंत्री चमरा लिंडा

## सिरसीता नाले में राजकीय समारोह का हुआ आयोजन, विभिन्न क्षेत्रों के विधायक सहित भारी संख्या में लोग हुए शामिल




राजकीय मेला का उदघाटन करते मंत्री चमरा लिंडा व अन्य, धार्मिक प्रार्थना करते अतिथि व अन्य तथा कार्यक्रम में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी पंचायत में सोमवार को सिरसीता नाले (दोन) कंकड़ों लता में राजकीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिण्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत सभी मुख्य अतिथियों ने सिरसीता नाले में पूजा-अर्चना कर सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि पहली बार गुमला जिले में इस प्रकार के राजकीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इसे और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कुड़ुख भाषा में भी जनसमुदाय को संबोधित किया और आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री चमरा लिण्डा ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक अधिकारों और उनके उत्थान पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने आयोजन को आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मंत्री श्री लिण्डा ने घोषणा की कि सिरसीता नाले क्षेत्र को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर कुंभ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थल आदिवासियों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केंद्र बनेगा। जहां लोग आत्मिक शांति और अपने दुखों से मुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि माघ पंचमी के अवसर पर हर वर्ष इस स्थल पर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज सदियों से सूर्य, चंद्रमा, धरती, जल, जंगल और प्रकृति की पूजा करता आ रहा है और यही उसकी पहचान का मूल आधार है। उन्होंने सरना धर्म को भारत सरकार से मान्यता दिलाने के लिए चल रहे संघर्ष को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि यह आयोजन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो परंपराएं स्थापित की हैं। उन्हें संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने जंगल, पहाड़ और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखना होगा।

चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के माध्यम से ऐतिहासिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। इस आयोजन से समाज अपनी संस्कृति से और अधिक जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब लोग कंकड़ों लता के ऐतिहासिक महत्व को जान सकेंगे।

सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने उन श्रद्धालुओं की भी सराहना की जो उपवास करके लंबी दूरी तय कर इस पवित्र स्थल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की शक्ति प्रकृति से जुड़ी हुई है और पर्वत एवं जंगल उनकी आस्था के प्रतीक हैं। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे और इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

समारोह में हजारों श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए और आयोजन की सराहना की।

# आपराधिक घटना को अंजाम देने को जुटे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा

- एक रायफल, एक देशी कट्टा व आठ गोली बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के पूर्वी भाग में महादेव नदी कुलाबीरा के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जुटे तीन अपराधियों को गुमला पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुलाबीरा निवासी गंदुर साहु, कुम्हरिया निवासी वृंदा साहु व भभरी निवासी कलेश्वर साहु के नाम शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक देशी रायफल, आठ जिंदा गोली और एक बाईक बरामद किया है। सोमवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली कि महादेव नदी कुलाबीरा पुल के पास हथियार लेकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने हेतु आ रहे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम मामले के सत्यापन व कार्रवाई हेतु महादेव नदी पुल के पास पहुंचकर अपराधियों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक बाईक आते दिखी। बाईक चालक पुलिस को देखते ही वाहन घूमाकर भागने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान सशस्त्र बल के जवान उन्हें पकड़ लिये। गिरफ्तार अभियुक्तों की तलाशी लेने पर गंदुर साहु के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा, दो जिंदा कारतुस, वृंदा साहु के पास से पांच जिंदा गोली व कलेश्वर साहु के पास से एक रायफल बरामद किया गया। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वे लूटपाट व फायरिंग करने के उद्देश्य से महादेव नदी कुलाबीरा आ रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि वृंदा साहु पूर्व में भी आर्म्स एक्ट व अन्य कांडों में जेल जा चुका है जबकि कलेश्वर साहु लूट व रंगदारी के कांड में जेल जा चुका है।

छापामारी टीम में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, पुअनि हिमांशु शेखर सिंह, सअनि सुनील कुमार, आईआरबी आरक्षी दीनदयाल पाल व अविनाश कुमार पांडेय शामिल थे।

## कैरो प्रखंड में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई मां शारदे की पूजा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** बसंत पंचमी के दिन सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ विद्या की देवी माँ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय व सार्वजनिक पूजा पंडालों में स्थापित माँ शारदे की प्रतिमा में सुबह से स्थानिए पुरोहितों द्वारा विधि विधान के साथ उपस्थित यजमान जिनमें अधिकांश नन्हे-मुन्हे बच्चे व सभी भक्तों को माँ का पूजा करवाया गया जिसके बाद आरती लेकर सभी भक्तों ने माता से आशीर्वाद प्राप्त किया व दिन भर प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलता रहा। इस बार कैरो बाजार टांड़ में बांस व कार्टून से निर्मित पंडाल दर्शन का केंद्र रहा, इसे स्थानिय युवकों द्वारा खुद से निर्माण किया गया और हर वर्ष कुछ अलग प्रकार से आकर्षण का केंद्र बनाया जाता है। इसके साथ डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय हनहट, सीबीएन रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल उत्का, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो, सहित सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय, सार्वजनिक स्थान व सभी गांव में शान्ती व हर्षोल्लास के साथ प्रतिमा स्थापित कर पूजा कार्यक्रम समपन्न किया जा रहा है।

कैरो में कौशलकान्त त्रिपाठी, नीरज कान्त त्रिपाठी, हनहट स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में शिक्षक कुलदीप मिश्रा द्वारा विधि विधान के साथ आयोजित पूजा करवाना भी संस्कृति और सभ्यता के प्रति जागरूक करने का एक उदाहरण है।

इधर प्रसासन भी विधि व्यवस्था को शांति बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख स्थानों में एक एक मजिस्ट्रेट व पुलिस का जवान को रखा गया है ताकि विधि व्यवस्था बनी रहे।

## मां शारदे की आराधना में डूबे लोग, भक्तिमय हुआ माहौल

- जगह-जगह पंडाल बनाकर मूर्ति स्थापित कर मां सरस्वती की हुई पूजा



मां सरस्वती की पूजा करते लोग तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज गुमला में सरस्वती पूजा में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा सोमवार को गुमला जिला में पूरे भक्ति भाव से आरंभ हुआ। चहुंओर मां की भक्ति व आराधना में लोग डूबे दिखलाई पड़े। हर गली, चौक-चौराहों पर पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान लोग मां सरस्वती से ज्ञान प्राप्ति का वरदान मांगा। पूजा को लेकर सबसे अधिक उत्साहित छोटे बच्चे दिखलाई पड़े। सोमवार की सुबह उपवास रखकर पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी पूजा पंडालों, शैक्षणिक संस्थानों व घरों में मां सरस्वती की पूजा की गई। पूजा अर्चना के बाद मां की आरती हुई। जिसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के तेली छात्रावास, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, स्टार डीपीएस स्कूल, एस.एस बालक उच्च विद्यालय, पॉलिटेक्नीक कॉलेज गुमला, सबरी आश्रम गुमला सहित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों एवं घाटो बगीचा, मुरली बगीचा, शास्त्री नगर, लोहरदगा रोड मिशन चौक, दुन्दुरिया, ज्वाहर नगर, पालकोट रोड, सिसई रोड, शांति नगर, सरना टोली, ढोढ़री टोली, तर्री आदि मुहल्लों व गांवों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सभी पूजा पंडालों में मां के भक्ति व आराधना के गीत साउंड बॉक्स में बजते रहें। युवा व बच्चे मां की आराधना में झूमते भी नजर आये। वहीं जिले के जारी,डुमरी, चैनपुर, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, कामडारा, बसिया, पालकोट प्रखंड सहित टोटो, मुरकुंडा आदि स्थानों में भी मां की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से लोगों ने पूजा अर्चना की।

## लांयस क्लब में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आंखों के विभिन्न तरह के बीमारियों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 57 मरीज ने अपनी सहभागिता निभाई और सभी लोगों का जांच कर दवा एवं दिशा निर्देश दिया गया। जिनके भी आंखों में तकलीफ है वह दोबारा लायंस क्लब से संपर्क कर अपना प्रॉब्लम बता सकते है। अगला कैंप 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद पूर्व अध्यक्ष ला. शंकर लाल जाजोदिया, संजीव उर्वशी, शशि किरण जायसवाल एवं सरस्वती देवी उपस्थित थे।

## नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए गुमला के दो खिलाड़ी दीपक और विक्रम का हुआ चयन

- स्थानीय टावर चौक से खिलाड़ियों को किया गया रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** 38 वीं राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ हो चुका है। भारत के जगह जगह से चयनित खिलाड़ी अपने अपने खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही जिले और राज्य का मान सम्मान बढ़ा रहे है । झारखंड बीच हैंडबॉल में टीम प्रबंधक के रूप में सैयद जुन्नू रैन के बाद हैंडबॉल में गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के 2 होनहार सितारे दीपक कुमार पिता गणेश साहू व विक्रम राज ठाकुर पिता अशोक ठाकुर का चयन झारखंड राज्य के तरफ से खिलाड़ी के रूप में हुआ है। गुमला से मात्र इन दोनों का ही चयन इस राष्ट्रीय खेल में हुआ है। जमशेदपुर में एक दिवसीय हैंडबॉल ट्रायल में चयन होने के बाद 10 दिन झारखंड सरकार के हैंडबॉल राष्ट्रीय कैंप पर भाग लिया। जिनमें अच्छे प्रदर्शन पर दोनों खिलाड़ी को झारखंड टीम में जगह मिली। यह स्पोर्ट्स अकादमी के लिए बड़ी उपलब्धि है । स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन जी ने बताया 7 फरवरी से 11 फरवरी तक उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले में इनडोर हैंडबॉल खेल का आयोजन किया गया है। जिसमें चयनित 8 राज्य ही शामिल होंगे । वही स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने विक्रम और दीपक के चयन पर झारखंड हैंडबॉल टीम के प्रति आभार जताया है। दोनों खिलाड़ी सोमवार को स्थानीय टावर चौक से उतराखंड के लिए रवाना हुए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन उत्सव माघ मास के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्यौहार बसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हुए ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। प्रातः कालीन सरस्वती पूजन के उपरांत रामचरितमानस प्रतिवर्ष की भांति अखंड पाठ का आयोजन शुरू हुआ। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,सचिव अजय प्रसाद,उपाध्यक्ष विनोद राय सपरिवार उपस्थिति हुए। मां सरस्वती का पूजन पंडित जनार्दन मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ। वहीं पूजनकर्ता कक्षा नवम के भैया- बहन एवं आचार्य- दीदी थे।

### मां सरस्वती की पूजा को लेकर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**भंडरा।** बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा सभी शिक्षण संस्थानों चौक चौराहा में युवाओं एवं छात्रों के द्वारा श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास पूर्ण वातावरण में किया गया. इस मौके पर सुबह से ही सरस्वती पूजा को लेकर छात्रों एवं युवाओं में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया. भंडरा में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय, प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय भंडरा, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, संस्कार वोल्ड एकेडमी सहित सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा मूर्ति स्थापित कर की गई. मूर्ति स्थापना के लिए छोटे-छोटे सुंदर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया था. इस मौके पर सभी पूजा पंडालो में दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया.सरस्वती पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन अलर्ट मोड में था. पुलिसकर्मी दिनभर विभिन्न पंडालो पर पेट्रोलिंग करते रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया सीरम पंचायत का दौरा

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के निंदेश पर सांसद प्रतिनिधी साजीद अहमद सीरम पंचायत के कोटसा , सांगोडीह, मुरमू, सिरम, बराहमनी, लगजरवा, पाहनटोली अम्बापावा इत्यादी अनेक गाँवो का भ्रमण कर ग्रामीण जनता के समस्या को जाना। उनके साथ एसटी सेल के प्रखण्ड अध्यक्ष दयानन्द उराँव, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष असलम अंसारी साथ मौजूद थे ।जनता ने सांसद प्रतिनिधी को लगजरवा टोला मे मिट्टी मोरम पथ एवं आरसीसी पुलिया निर्माण मनरेगा से करवाने की मांग की तथा बिजली के पोल तार लगवाने की बाते रखी। बराहमनी टोला मे मनरेगा से मिट्टी मोरम पथ निर्माण की बाते रखी , वही ग्राम कोटसा के ग्रामीण गाव मे बिजली की समस्या बताया और कहा की हमारे गाव मे बल्ब का सिर्फ फिलामेंट जलता है। गाँव से एक किलोमीटर से ज्यादा दूर पर ट्रासफॉर्मर है 60 से 70 घर का टोला है गाँव मे एक ट्रांसफर्मर लगवाने की माँग की साथ ही साथ पाहनटोला मे अखरा निर्माण पेयजल इत्यादी बुनियादी समस्याओ से अवगत कराया । सांसद प्रतिनिधी ने कहा की सत्र शुरू होने के कारण सांसद सुखदेव भगत दिल्ली मे है इस बीच सम्बंधित विभाग से बात करूंगा और सांसद सुखदेव भगत को आपकी समस्याओ से अवगत करायेंगे। प्राथमिकता के अधार पर ग्रामीणो की समस्याओ का निदान सांसद द्वारा किया जायेगा ।

### केंद्र सरकार कुंभ के मामले में असंवेदनशील एवं सनातन विरोधी है : सांसद सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने सोमवार को संसद परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ की घटना सामान्य घटना नहीं है। यहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गया है। सरकार मृत्यु की संख्या नहीं बता रही है उनके परिजनों को शव नहीं दिया गया है। ये मानवीय पक्ष की दृष्टिकोण से इस बातों को सरकार को चर्चा में लानी चाहिए क्योंकि संसद का सत्र चल रहा है। कांग्रेस ने इस मामले में कार्य स्थगन का प्रस्ताव लाया लेकिन सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह असंवेदनशील एवं निष्ठुर सरकार है। सरकार के प्रवृत्ति से यह सरकार सनातन विरोधी है ।12 वर्षों के बाद कुंभ आता है तो क्या सरकार 12 वर्षों के बाद चर्चा करायेगी जबकि सरकार को चलते सदन में चर्चा करानी चाहिए। राष्ट्रपति अभिभाषण में यह सब बातें तो आएगी ही लेकिन कुंभ के मामले में स्पेशल चर्चा कराने की मांग कांग्रेस ने किया क्योंकि इस प्रकार की घटना घटी है । यह घटना सरकार की नाकामी है,सरकार ने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर इस मुद्दे से भाग कर पलायनवादी दृष्टि अपना रही है। मीडिया के उन लोगों ने जो सत्य को उजागर करने का काम किया था उनके साथ सरकार ने क्या रवैया अपनाया यह सभी जानते हैं। इसलिए मैं कहूंगा कि केंद्र सरकार कहीं ना कहीं निष्ठुर, असंवेदनशील एवं सनातन विरोधी है।

# उमरा के दौरान इबादत पर खास ध्यान देंगे : मौलाना मोहम्मद शेराज

## 09 फरवरी को रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, गुमला, जमशेदपुर और आसपास से उमरा के जायरीनों का होगा प्रस्थान : हाफिज मोहम्मद इमरान

- 09 फरवरी को रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, गुमला, जमशेदपुर और आसपास से उमरा के जायरीनों का होगा प्रस्थान : हाफिज मोहम्मद इमरान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उमरा के पवित्र यात्रा पर जाने वाले भाग्यशाली तीर्थयात्रियों के लिए सईद कॉम्प्लेक्स न्यू रोड लोहरदगा में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मोहम्मद इमरान द्वारा कुरआन पाक की तिलावत से की गई। जिले से आगामी 09 फरवरी को हज उमराह पर जाएंगे और 24 फरवरी को वापसी होगी। जायारीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक जनाब अल्हाज हाफिज मुहम्मद इमरान हज एवं उमरा सर्विस लोहरदगा ने बताया कि जायरीन को हज के दौरान अरकानों को पूरा करते समय कुछ जरूरी चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। जायरीन अपने साथ जरूरत का ही सामान लेकर जाएं, सामानों की पैकिंग सही तरीके से करें, जो व्यक्ति कोई विशेष बीमारी की दवा खाता हैं तो अपनी दवा साथ ले जाए। अपने साथियों के साथ ही कैंप में रहें, कोई दिक्कत हो तो घबराएं नहीं बल्कि पूछताछ केंद्र से संपर्क करें, हज उमराह के अरकान पूरा करते समय अन्य लोगों का खास खयाल रखें आदि। इस प्रशिक्षण शिविर में मौलाना मो. शेराज ने कहा कि इस मुबारक कार्य को इबादत की नियत से पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ करें। कहा कि उमरा के दौरान इबादत पर खास ध्यान दें। अपने समय को कीमती बनाने की भरपूर कोशिश करें, दिल से दुआ करें, अपने लिए साथ ही साथ देश में अमन, चैन और खुशहाली के लिए भी दुआ करें। शरीयत की रोशनी में हर कार्य को करने का प्रयास करें। मौके पर हाजी एहरार आलम साहब, इरफान आलम, ताबिश आलम आदि ने भाग लिया। हाजी हाफीज मोहम्मद इमरान आलम ने बताया कि इस बार कुल 70 लोग हज उमरा के लिए जा रहे हैं। लोहरदगा के इस ट्रेनिंग कैंप में जायरीनों में रांची, लोहरदगा, गुमला, जमशेदपुर, हिरही, रामपुर, इटकी, जशपुर से कुल 70 मर्द और औरत जायरीन शामिल हुए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 22 से 28 फरवरी तक श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे पूज्य आचार्य राजेन्द्र जी, सुनायेंगे श्रीराम कथा

## जमशेदपुर के एक लाख घरों में आमंत्रण पत्र देकर लोगों को आमंत्रित करने में जुटे सूर्य मंदिर समिति के सदस्य

### श्रीराम मंदिर स्थापना के पांचवीं वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति करवा रही श्रीराम कथा, राम काज के लिए 10 रुपये के आर्थिक सहयोग का आह्वान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति के कार्यकारणी की एक विशेष बैठक सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम के प्रांगण में सोमवार को सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में श्रीराम मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्यरूप से मौजूद रहे। वहीं, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य ने बैठक में भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से श्रीराम मंदिर के पांचवी वर्षगांठ के सफल और व्यवस्थित आयोजन हेतु उप- समिति का गठन किया गया। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के उपाध्यक्ष के रूप में सुशांतो पांडा, बोलटू सरकार मंत्री एवं अमरजीत सिंह राजा को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक के प्रारंभ में मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने श्री राम मंदिर की स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 21 फरवरी 2025 को होगा जबकि 1 मार्च को महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा।

21 फरवरी को दोपहर 3 बजे बारीडीह मंदिर सुगना कॉलोनी से सिदगोड़ा सूर्यधाम तक भव्य नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा निकलेगी। 22 से 28 फरवरी तक लगातार सात दिन श्री राम कथा की मर्मज्ञ कथा वाचिका श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे पूज्य आचार्य राजेन्द्र जी महाराज शंख मैदान में श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगे। राम कथा प्रत्येक दिन अपराह्न 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक चलेगी।



राजेंद्र जी महाराज की फाइल फोटो।

#### श्री राम मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ हेतु उपसमिति

- >> कार्यक्रम प्रभारी-कमलेश सिंह
- >>शोभा यात्रा- मिथलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, शैलेश गुप्ता , जीवन साहू बबलू गोप पप्पू उपाध्याय।
- >>नगर सज्जा- अमरजीत सिंह राजा, कंचन दत्ता, तेजिंदर सिंह जॉनी, कुमार अभिषेक, विकाश शर्मा।
- >>महाप्रसाद प्रभारी- गुंजन यादव भूपेंद्र सिंह सुशांतो पांडा, बंटी अग्रवाल, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, सूरज सिंह, युवराज सिंह, विकाश गुप्ता।
- >> बैनर एवं पोस्टर-राकेश सिंह, नारायण पोद्दार, ओंकार सिंह।
- >>कथावाचक देखरेख -अमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल।
- >>मंच व्यवस्था प्रभारी-खेमलाल चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, कृष्ण मोहन।
- >>अतिथि सत्कार प्रभारी - रामबाबु तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, संजीव सिंह, अखिलेश चौधरी, राकेश कुमार।
- >>यातायात व्यवस्था प्रभारी -बोलटू सरकार, श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप।
- >>साउंड लाइट एवं टेंट व्यवस्था- सुशांतो पांडा, शशिकांत सिंह, बाबू यादव।
- >>प्रेस एवं मीडिया- प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा।
- >>सोशल मीडिया प्रभारी- कौस्तव राय, निर्मल गोप, अनिमेष सिंह, सतीश सिंह।

इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मंदिर के पदधारी और कार्यकर्तागण अपने-अपने क्षेत्र के घरों में जाकर धर्मप्रेमी से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें महोत्सव के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### रांची से टाटा लौट रहे युवक-युवती की कार दुर्घटना में मौत

**जमशेदपुर।** गोलमुरी नामदा बस्ती के रहने वाले ऋतुराज कुमार और जान्हवी कुमारी रांची में एक शादी समारोह में भाग लेकर कार से लौट रहे थे। रड़गांव के पास उनकी कार की टक्कर एक दूसरी कार से हो गई। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय ऋतुराज और 22 वर्षीय जान्हवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि रोहिणी नामक युवती घायल हो गई है।

### राजेश सिंह की दिवार से दब कर मौत

**जमशेदपुर।** जादूगोड़ा के राजेश सिंह अपना घर बनाने के दरमियान दीवाल से गिर जाने के बाद उनकी मौत हो गई। आज उनके शव का एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम हुआ।

### चांडिल : टाटा-छपरा ट्रेन में सवार हो रही बुर्जुग महिला गिरी, मौत

**जमशेदपुर।** भागलपुर की रहने वाली 68 वर्षीय बुर्जुग महिला शकुंतला देवी की मौत ट्रेन से गिर कर हो गई। वे बी शर्मा की पत्नी थीं और चांडिल स्टेशन पर टाटा-छपरा ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वे गिर गईं जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### मानगो : सुंदरबन फेज -2 में डॉक्टर के फ्लैट में चोरी

**जमशेदपुर।** शहर के मानगो स्थित सुंदरबन फेस 2 स्थित संजीवनी फ्लैट में डॉ दरखशां अंजुम के फ्लैट में देर रात चोरों ने चोरी कर ली। घटना के समय डॉक्टर अपने फ्लैट में नहीं थे क्योंकि वे दूसरे फ्लैट में सोने के लिए चले गए थे। इस बीच ही चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय डॉ दरखशां अंजुम अपनी पत्नी के साथ किसी दूसरे फ्लैट में सोने के लिए गए थे। घटना में जेवर और नकदी की भी चोरी हुई है। इसकी जानकारी मानगो पुलिस को दे दी गई है।

### गम्हरिया : सिख नौजवान सभा का चुनाव संपन्न

**गम्हरिया।** गुरुद्वारा प्रांगण में सिख नौजवान सभा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से सरदार शरणजीत सिंह को चेयरमैन, हरिंदर पाल सिंह को प्रधान, प्रभजोत सिंह को उप प्रधान, देवेंदर सिंह को सचिव, प्रभदीप सिंह को कोषाध्यक्ष तथा राजेंदर सिंह को अंकेक्षक चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी कमेटी में हर्षदीप सिंह, साहेब राज सिंह, सिमरप्रीत सिंह, पुनीत पाल सिंह, नवजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, हरदेव सिंह, गुरप्रीत सिंह, करण सिंह, जसप्रीत सिंह, नवनीत सिंह, शरणदीप सिंह, गौरव सिंह चन्नी और हरमन सिंह डाडवाल को सदस्य के रूप में रखा गया है। चुनाव के दौरान एसजीपीसी के सीनियर प्रधान चंचल सिंह, गम्हरिया गुरुद्वारा के प्रधान इंद्रजीत सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### हैदराबाद में सरयू राय ने प्रख्यात चिकित्सक डॉ रेड्डी को दी बधाई



**जमशेदपुर/हैदराबाद।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोइंटेरोलोजी, हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ डी नागेश्वर रेड्डी को पद्म विभूषण से सम्मानित किये जाने पर बधाई दी। गौरतलब है कि इस साल भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ रेड्डी को देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण दिये जाने की घोषणा की थी। डॉ रेड्डी उन सात लोगों में शामिल है, जिन्हें इस बार देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा हुई है। डॉ रेड्डी को एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं के विकास में उनके योगदान के लिए जाना जाता है, विशेष रूप से चिकित्सीय एंडोस्कोपी और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर प्रबंधन में। डॉ रेड्डी पहले चिकित्सक हैं, जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों मिले हैं।

# विकास कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण को समग्र विस्थापन व पुनर्वास नीति बनाये केंद्र सरकार : सांसद

## विद्युतबरण महतो ने संसद में उठाया विस्थापितों के साथ होने वाले अन्याय का मामला

**सांसद महतो ने कहा कि कि अक्सर बड़े डैम, बांध, नहर, खनन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेलवे सहित विभिन्न राष्ट्रीय हित के कार्यों के लिए भूमि का अधिग्रहण करना पड़ता है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत बरण महतो ने सोमवार को नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए झारखंड राज्य में विस्थापन एवं पुनर्वास का मामला को उठाया।

उन्होंने कहा कि आज झारखंड राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उनके अधिकारों की रक्षा के विषय पर कुछ शब्द रखना चाहता हूं। झारखंड की खनिज संपदा और औद्योगिक विकास ने राज्य को एक प्रमुख आर्थिक केंद्र बना दिया है, लेकिन इस विकास की कीमत पर जो हमारे किसान और आदिवासी भाई-बहन अपनी जमीन खो चुके हैं, उनके जीवन में अत्यधिक कष्ट और असमंजस पैदा हो रहा है। सांसद महतो ने कहा कि कि अक्सर बड़े डैम, बांध, नहर, खनन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेलवे सहित विभिन्न राष्ट्रीय हित के कार्यों के लिए भूमि का अधिग्रहण करना पड़ता है। भूमि अधिग्रहण के बिना ये सारी योजनाएं पूरी नहीं हो सकती है। हम सभी जानते हैं कि जब-जब भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होती है, तो स्थानीय समुदायों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्यवश, अब तक की कई परियोजनाओं में प्रभावित परिवारों को न तो पर्याप्त मुआवजा मिला है और न ही उनकी नई जीवनशैली के लिए उपयुक्त योजनाएं बनाई गई हैं। सांसद महतो ने कहा कि बोकारो धनबाद से लेकर संपूर्ण कोयलांचल में भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इसके अतिरिक्त चांडिल डैम से लेकर सीतारामपुर डैम में बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। उसके विस्थापन का दंश आज तक लोग झेल रहे हैं। सांसद महतो ने कहा कि ना ही उन्हें रोजगार मिला है और ना ही उन्हें मुआवजा की पर्याप्त राशि मिली है। आज भी वे लोग दर-दर की ठोकर खा रहे हैं।

सांसद ने उपरोक्त मामलों को देखते हुए कहा कि मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि प्रभावित परिवारों के लिए एक समग्र और संरचित पुनर्वास नीति बनाई जाए। सांसद महतो ने कहा पुनर्वास केवल जमीन के बदले एक घर देने तक सीमित न हो, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और अन्य बुनियादी सेवाओं की भी गारंटी मिले, ताकि वे अपने पुराने जीवन को खोने के बाद एक नई शुरूआत कर सकें। सांसद महतो ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर अधिग्रहण-विस्थापन एवं पुनर्वास-रोजगार की नीति को पुन परिभाषित एवं निर्धारित करने की अत्यंत जरूरत है। राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए एक समग्र नीति बने एवं इन नीतियों का प्रभावी कार्यान्वन हो सुनिश्चित हो यह भी प्रावधान किया जाय।



जमशेदपुर के सांसद विद्युतबरण महतो।

## एक नजर में

### भाकपा माले के वरिष्ठ नेता विनोद लहेरी का निधन



जमशेदपुर। भाकपा माले जमशेदपुर के वरिष्ठ नेता विनोद लहेरी का निधन रविवार देर रात इलाज के दौरान रिम्स, रांची में हो गया। उनका शव सोमवार की सुबह एम्बुलेंस से रहरगोडा स्थित उनके निवास स्थान पर लाया गया, जहां पहले से मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी माले के वरिष्ठ नेता, छात्र आंदोलन के समय उनके संघर्षों के साथी एस एन एस जिज्ञासु ने दी। बाद में गमगीन माहौल में परिजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों की उपस्थिति में मानगो के श्मशान घाट में उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई। इस अवसर पर माले जिला सचिव राम पालक चौधरी, पूर्व जिला सचिव एस के राय, भरत यादव, पंकज राय, शिवजी शर्मा सहित बड़ी संख्या में वामपंथी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। आल बिहार स्टूडेंट्स यूनियन के पूर्व संगठन मंत्री जिज्ञासु ने बताया कि लहेरी स्टूडेंट यूनियन के जिला सचिव, भाकपा माले के जिला सचिव और झारखण्ड प्रदेश भाकपा माले राज्य कार्यालय के सचिव कि जिम्मेवारी निभा चुके थे। मात्र पंद्रह वर्ष की उम्र से ही वे वामपंथी, क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़े और घर वॉर छोड़ कर गरीब जनता की सेवा में जुड़ गए। वे लम्बे समय से रांची में रहकर किडनी का इलाज करवा रहे थे। उनके निधन से भाकपा माले ने अपना एक बहुमूल्य कार्यकर्त्ता खो दिया है। भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा, एमएलसी शशि यादव, ऐपवा महासचिव मीना तिवारी, महिला नेता निर्मला यादव, सीएसपी यादव ने दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

### टाटा मोटर्स यूनियन का एजीएम संपन्न





जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने आज यूनियन की वार्षिक आम सभा बुलायी थी। आम सभा में सदस्यों से सहमति लेकर यूनियन द्वारा किए गए कार्य की रिपोर्ट और आकर्षित लिखा विवरण को पारित किया गया। इसके पश्चात सत्र 26 /11 /2024 से 25/11/ .27 कुल 3 वर्षों की अवधि के लिए संपन्न यूनियन की आम चुनाव परिचर्चा एवं नवनिर्वाचित पद धारक एवं कार्यकारी सदस्यों का आम सभा में चर्चा एवं आम सभा के पटल से पारित कराया गया। यह भी पारित कराया गया कि नए यूनियन सदस्य बनने के लिए आवेदिक आवेदन जो की कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित किया गया है आम सभा के पटल पर चर्चा एवं निर्णय किया जायेगा। सोशल सिक्योरिटी स्कीम के तहत लाभान्वित कर्मचारियों के नाम की जानकारी आम सभा के पटल पर रखा गया। साथ ही दिवंगत कर्मचारियों की आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ दिवंगत कर्मचारियों के लवांवित आश्रितों से कर आमसभा के सदस्यों से परिचय कराया गया।

### सी पी समिति मध्य विद्यालय केबुल बस्ती में मां सरस्वती की पूजा संपन्न



जमशेदपुर। सी पी समिति मध्य विद्यालय केबुल बस्ती में मां सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। प्रात: से ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय के महासचिव परमानंद कौशल ने पंडित के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूजन कार्य को संपन्न करवाया, प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह ने यजमान के रूप में विधि विधान के साथ पूजन कार्य किया। विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने इस अवसर पर कहां की माता सरस्वती विद्या, कला की देवी है, आज के वर्तमान और भविष्य को तैयार करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य को तैयार करने में माता सरस्वती का बहुत बड़ा योगदान रहता है लेकिन पूजा के साथ विद्या ग्रहण करने का गुण भी बच्चो में आना चाहिए। विद्यालय के संरक्षक खेमलाल चौधरी जी भी उपस्थित रहे, पूजन के पश्चात सभी बच्चों के बीच प्रसाद एवं भोग का वितरण किया गया। पूजा के समय सालिक दास देवांगन, रामनरेश साहू, संतोष कुमार, रेमन कुमार, आकाश साहू, जैसप देवांगन, सरस्वती साहू, रेखा रजक शिक्षिका के सावित्री, श्रीमती, नागश्री सामद, हीरादास मानिकपुरी, कौशिक दत्ता, अर्चना सिंह, सीमा, संगीता मेरी सुरेन, रेखा, अनुसुइया, ऋचा मिश्रा, अन्नपूर्णा प्रधान, तारकेश्वरी देवी, सुमन सिंह, निर्मला कौर, रीता शर्मा, अंजली, मुस्कान कुमारी, सारा मसीह, दीक्षा कुमारी, अर्चना सिंह, कुमकुम सिंह, कृतिका सिंह, कविता कुमारी साहू और विद्यालय के बच्चों और अभिभावकगण उपस्थित थे।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में की गई मां शारदे की अराधना



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में विद्या की देवी मां शारदे की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मां शारदा की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां सुबह-सुबह बच्चे एवं शिक्षक गणो ने मां शारदे की पूजा आराधना की। विशेष पूजा अर्चना कक्षा दसवीं एवं वारवीं के छात्र छात्राओं के लिए की गई जो इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहें हैं। छात्रों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सद्बुद्धि और विद्या का वरदान मांगा। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक शंभू नाथ महतो सह संध्या रानी महतो अध्यक्ष सुखदेव महतो प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्या अनिता महतो उपस्थित हुए।

### आरवीएस अकादमी में सरस्वती पूजा संपन्न





जमशेदपुर। आर.वी.एस. अकादमी में सरस्वती पूजा का शुभ अवसर भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर ने छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। दिन की शुरूआत विद्यालय के सभागार में पारंपरिक पूजा के साथ हुई, जिसे बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न किया गया। पूरा वातावरण धूप, फूलों की सुगंध और मंत्रों के मधुर उच्चारण से सुशोभित हो गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह जी, प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा, उपप्रधानाचार्या पूजा सुमन, समन्वयकगण, शिक्षकगण और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों और विद्यालय के समस्त स्टाफ में प्रसाद एवं मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ।

### साई देवस्थानम में की गयी मां सरस्वती की पूजा



जमशेदपुर। साई परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वाधान में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सोमवार को सरस्वती पूजा का आयोजन श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा में किया गया। इस पावन अवसर पर श्री साईनाथ देवस्थानम में स्थित विद्वान पुरोहितों के द्वारा पूजन अनुष्ठान संपन्न हुआ। पूजन अनुष्ठान में छोटे छोटे बच्चों ने विद्यारंभ संस्कार पूजन किया। इस अवसर पर आस पास के भक्तों ने अपने बच्चों के साथ पूजा में सम्मिलित हुए।

## इवनिंग क्लब, टिनप्लेट में दो दिवसीय वार्षिक शास्त्रीय संगीत समारोह 8 से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के शास्त्रीय संगीत कलाकारों का मंच जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल, जमशेदपुर एवं शहर के पुरातन सामाजिक संस्था दी इवनिंग क्लब के तत्वाधान में 8 एवं 9 फरवरी को नौवां वार्षिक शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन दी इवनिंग क्लब सभागार, टिनप्लेट में आयोजन किया जायेगा क प्रत्येक दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ संध्या 6.00 बजे से होगा। कार्यक्रमों में 8 फरवरी को समारोह के पहले दिन चार प्रस्तुतियां होगी, पहली प्रस्तुति में वर्षा चक्रवर्ती, कत्थक नृत्य पेश करेंगी जबकि दूसरी प्रस्तुति में अनिल सिंह एवं उनके शिष्यों के द्वारा उद्घाटन गायन पेश किया जायेगा। उनके साथ तबले पर कार्तिक कर्मकार संगत करेंगे। तीसरी प्रस्तुति में बिरेन्द्र उपाध्याय शास्त्रीय गायन पेश करेंगे उनके साथ तबले पर प्रदीप भट्टाचार्जी एवं हारमोनियम पर पवन चौबे संगत करेंगे। जबकि अंतिम प्रस्तुति में अशोक दास का बांसुरी वादन होगा उनको तबले पर स्वरुप मोइत्रा संगत करेंगे। 9 फरवरी 2025 को समारोह के अंतिम दिन भी 3 प्रस्तुतियीं होगी।

पहली प्रस्तुति में कार्तिकेय मिश्रा एवं आकाश रंजन के द्वारा युगल तबला वादन पेश किया जायेगा। उनको बिरेन्द्र उपाध्याय हारमोनियम पर संगत करेंगे।

## जमशेदपुर महिला विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर 4 फरवरी 2025 को अपने दूसरे दीक्षांत समारोह की मेजबानी करने जा रहा है।

कार्यक्रम की सभी तैयारियां अब अंतिम सोपान पर हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय माननीय संतोष कुमार गंगवार जी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। सिदगोड़ा स्थित विवि परिसर में आयोजित होने जा रहे समारोह की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई विभिन्न कमिटियों ने अपने-अपने कार्यों को अंतिम रूप दे दिया है। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के निर्देशन और मार्गदर्शन में यह आयोजन सिदगोड़ा कैंपस में अत्यंत भव्य तरीके से होने जा रहा है।

माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के निर्देशन में सभी कमिटियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें समारोह की तैयारियों के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। द्वितीय दीक्षांत समारोह में 872 छात्राओं का पंजीकरण हुआ है। 32 छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इस दौरान 59 रैंक होल्डर्स उपस्थित रहेंगे।

बैठक में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, प्रॉक्टर डॉ सुधीर कुमार साहु, कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल, परीक्षा नियंत्रक रमा सुब्रमण्यन, वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, विकास पदाधिकारी डॉ सलोमी कुजूर, स्पोर्ट्स और कल्चर कमिटी के चेयरमैन डॉ सनातन दीप, आइक्यूएसी डायरेक्टर, डॉ रत्ना मित्रा और सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण मौजूद थे। बीते शाम 5 बजे विश्वविद्यालय की एकेडमिक परेड की अंतिम रिहर्सल किया गया।





## एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल का वार्षिक खेलकूद संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन-3ई, प्रधान कालोनी स्थित एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल का वार्षिक खेलकूद का आयोजन लालू मैदान (हुरलूंग) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विकास सिंह, प्रिंसिपल, विकास विद्यालय, मानगो एवं सम्मानित अतिथि डॉ देवेश बहादुर, एक्स-चीफ रेडियोलॉजिस्ट, टिनप्लेट हॉस्पिटल ने संयुक्त रुप से किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जूनियर तथा सीनियर वर्ग के बच्चों ने शानदार परेड एवं आकर्षक ड्रिल प्रस्तुत किया। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता बच्चों को विकास सिंह, डॉ देवेश बहादुर के अलावा समाजसेवी केवर प्रसाद राव, लालू लोहार, अभिमन्यु सिंह आदि ने पुरस्कृत किया जिनमें प्रमोद कुमार, रंगीला सोरेन, मौसमी मुंडा, धनेश्वर महतो, अंतूराम चाकी, अनिकेत उरांव, विजय भूमिज, मिंटू कुमार साहू तथा अंजली कुमारी प्रमुख थी। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए आयोजित म्यूज़िकल चेयर खेल में काजल गोप को प्रथम, सरस्वती बेसरा को द्वितीय तथा पिंकी मुर्मू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रिंसिपल ममता कुमारी के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी व अभिभावकगण भी उपस्थित थे।



## नारायण आइटीआई में मनी सरस्वती पूजा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल प्रांगण में सोमवार को धूमधाम से सरस्वती पूजा की गई। इस अवसर पर है इस संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने छात्रा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन कई लोग नए कार्यों की शुरूआत करते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन शुरू किया गया कार्य सफल होता है। इस अवसर पर एडवोकेट निखिल कुमार, प्रिंसिपल जयदीप पांडे, शांति राम महतो, प्रकाश महतो पवन कुमार महतो, अनूप कुमार महतो, भगत लाल तेली, प्रशान्त गोप, अजय मंडल, संजीत महतो, गौरव महतो उपस्थित रहे।

## संजीव सरदार ने दो दर्जन से अधिक सरस्वती पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र टीम**

**पोटका/जमशेदपुर।** क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न सरस्वती पूजा समारोहों में शामिल होकर मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने पोटका, जमशेदपुर और डुमरिया प्रखंडों में आयोजित दो दर्जन से अधिक पूजा पंडालों का उद्घाटन किया और श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। डुमरिया प्रखंड के कसमार में आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में उन्होंने शिरकत की। पोटका प्रखंड के मुक्तेश्वरधाम उच्च विद्यालय, हरिणा में हवन और पूजन कर छात्रों और शिक्षकों के साथ मां सरस्वती वंदना की। इसके अलावा, हरिणा, कालिंदी बस्ती, पोड़ा भालकी, बुकामडीह, पांडियासाई, महलिसाई और कुत्सुरी समेत कई जगहों में आयोजित पूजा समारोहों में शामिल होकर उन्होंने मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

पोटका प्रखंड के कुत्सुरी में न्यू बॉयस क्लब द्वारा आयोजित सार्वजनिक सरस्वती पूजा में उन्होंने पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसी तरह, जमशेदपुर प्रखंड के बीडीएस क्लब और युवा क्लब द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में उन्होंने भाग लिया और विधिवत रूप से पंडालों का उद्घाटन किया।

विधायक संजीव सरदार ने क्षेत्रवासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और आयोजकों की सराहना की। उन्होंने मां सरस्वती से सभी के ज्ञान, बुद्धि और समृद्धि की कामना की तथा इस तरह के धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## झारखंड दिवस स्थापना समारोह भव्यतापूर्वक हुआ संपन्न

**दुमका।** 46 वां झारखंड दिवस स्थापना समारोह रविवार को देर रात संपन्न हुआ। समापन पर खिजुरिया स्थित प्रमंडलीय कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई ने प्रेसवार्ता आयोजित कर नगर वासियों एवं कार्यकत्ताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी ने स्थापना दिवस समारोह उत्सापूर्वक संपन्न होने पर नगर वासियों एवं जिला कार्यकत्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भव्यता पूर्वक आयोजन में सभी का सहयोग रहा है। खास तौर पर स्थानीय विधायक बसंत सोरेन की महत्ती भूमिका रही है। जिन्होंने स्वयं मौजूद रखकर बारिकीयों से हर कार्य को देखा और आवश्यक निर्देश देते हुए भव्यता से शांतिपूर्ण तरीके से सफल आयोजन हुआ। उन्होंने नगर कमेटी के दायित्वों के निर्वहन और व्यवस्थित तरीके कार्यक्रम संपन्न होने में सराहनीय भूमिका बताया। उन्होंने कहा कि सरकार स्थापना दिवस पर पार्टी सुप्रीमों शिबू सोरेन के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## सूबे के मुख्यमंत्री निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बोकारो





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक निजी व्यक्तिगत समारोह में शामिल होने बोकारो पहुंचे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी व विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य थे। एक विशेष विमान से बोकारो एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक श्रीमती सोरेन को गुलदस्ता देकर पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र सुरेंद्र झा बोकारो उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी आदि ने स्वागत किया। मौके पर उपस्थित बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे थे।

# सीएम ने सुनी समस्याएं दिया समाधान का भरोसा

### खिजुरिया आवास पर अपनी समस्याएं लेकर उमड़े लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को दुमका स्थित खिजुरिया आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में एक बार पुनः मजबूत सरकार का गठन हुआ है। आपकी समस्याओं का निराकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए और उसका त्वरित निष्पादन भी हुआ।

अधिकारियों ने आपके घर के दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया। वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जो भी वादे किए, उन सभी वादों को पूरा करते हुए राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का काम कार्य हो रहा है।

### खबर एक नजर में

## रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सहयोग विलेज के बच्चों के साथ मनाया अन्नपूर्णा दिवस

**बोकारो।** स्वर्गीय सूरज देवी चोपड़ा की जयंती पर आई टी आई मोड़ स्थित सहयोग विलेज के सभी बच्चों को भोजन कराया गया। मौके पर रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों के प्रति सद्भावना और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराना ही सच्ची पूजा है। क्लब की चयनित अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन होता है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य मानवता की सेवा है। रोटरी चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की समाज के हर वर्ग से जुड़ना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत और कविताएं भी सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा मुकेश अग्रवाल डिंपल कौर संजय बैद प्रेम शंकर सिंह मंजीत सिंह हरबंस सिंह प्रेम कुमार ललिता चोपड़ा सूमी कौर श्वेता रस्तोगी अर्चना सिंह का अहम योगदान रहा।

## उपराजधानी में धूमधाम से मनी विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों एवं गली-मुहल्लों में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई। सोमवार को लोगों ने विद्या, कला व संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना भक्ति भावपूर्वक की। पूजा के मौके पर मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। लोगों ने अहले सुबह स्नान कर अपने-अपने घरों में मां सरस्वती की तस्वीर रख कर पूजा अर्चना की। वहीं छात्रों ने अपने-अपने विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। विभिन्न सरस्वती पूजा समितियों के सदस्यों ने रंग-बिरंगे व आकर्षक पंडाल बना कर तथा बेहतर साज सज्जा कर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की और मां सरस्वती को प्रसाद के रूप में गाजर, मिश्रीकंद, बैर, सेब, केला, नारंगी, अंगूर, बंदिया का भोग लगाया।

## एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

### स्थायीकरण, आश्रितों को अनुकंपा का लाभ देने समेत अन्य मांग है शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



गांडेय विधायक को मांगपत्र सौंपते एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ प्रतिनिधिमंडल

**दुमका।** फुलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष एनीशवेता टुडू, सचिव एली बागे, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोरेन एवं सुसरना सोरेन ने संयुक्त रूप से की। सीएम को सौंपे मांगपत्र में एनएचएम अनुबंध कर्मियों को प्रत्येक माह के 2 तारीख को मानदेय भुगतान करने, अनुबंध कर्मचारी लॉयल्टी बोनस 15 प्रतिशत मूल मानेदय जोड़ते हुए बकाया राशि एरियर के रूप में देने, एनएचएम अनुबंध कर्मचारी को राज्य कर्मचारी घोषित करते हुए समान काम का, समान वेतन लागू करने, कोविड-19 में कार्य किए सभी एनएचएम अनुबंध कर्मचारियों को लंबित प्रोत्साहन राशि भुगतान करने, एनएचएम अनुबंध कर्मचारी के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ देते हुए तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थ वर्गीय नौकरी देने, एनएचएम अनुबंध कर्मचारियों को 20 लाख रुपया का सरकारी बीमा योजना कराने, एनएचएम अनुबंध कर्मचारी का स्थायीकरण करने एवं एनएचएम अनुबंध कर्मचारी सेवानिवृत होने के बाद प्रत्येक माह 20 हजार पेंशन भुगतान करने का मांग किया।

## दुमका से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा : सीएम हेमंत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा की बहुत जल्द दुमका हवाई अड्डा से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसको लेकर सरकार प्रयासरत है। हवाई सेवा शुरू करने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। दो दिवसीय दौरे पर दुमका से रांची जाने के दौरान सीएम ने कहा कि छोटे बड़े शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने का मंशा राज्य सरकार का भी है और भारत सरकार का भी है। जिस तरह का आधरभुत संरचना है। उसी अनुरूप यहां सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास जारी है और इसको लेकर हमलोगों ने बात बढ़ाई है कि यहां बड़ी नहीं तो छोटी फ्लाइट का व्यवस्था हो। जिससे यहां के लोगों का यात्रा सुगम हो सके। अगल बगल राज्यों और जिलों को जोड़ा जा सके।

बहुत जल्द यह प्रयास होंगी कि हवाई सेवा चालू हो। उराजधानी दुमका में हवाई सेवा शुरू होने को लेकर झारखंड सरकार ने केबिनेट मे भी पास किया है। जिससे यहां के लोग हवाई सेवा का लाभ ले सके। सीएम जेएमएम के 46 वें झारखंड दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पहुचे थे। आज सीएम हवाई मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान कर गये। सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन भी साथ में रांची के लिए रवाना हुए।

## रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर मेले का आयोजन

**बेरमो।** रूक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, फुसरो के प्रांगण में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बाल मेला 2025 का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद बच्चों द्वारा हुआ। इसके बाद बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं विभीन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मेले में विभीन्न प्रकार के विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं हस्त कला से संबंधित प्रदर्शनी की गई। विज्ञान में कक्षा दशम से नमन गुप्ता ने इलेक्ट्रीसिटी जेनेरेशन थु वेस्टेज, गणित में आकांक्षा सिन्हा, वर्ग आठ से पाइथागोरस थियोरम। सामाजिक विज्ञान से लूनर इकलिप्स वर्ग 3 के इफत अंजुम, हस्त कला में शिवम कुमार राव ने राम मंदिर के प्रारुप को तैयार किया।

## एक खुनी कार ने तीन को मारी टक्कर, दो की हालत गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /जारंगडीह।** इन दिनों बेरमो कोयलांचल में मानो दुर्घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। इस सड़क पर दौड़ने वाली हाइवा की बातें तो दुर अब चार पहिया वाहन भी लोगो को दुर्घटना का शिकार बनाने मे अव्वल साबित हो रही है।

इसी तरह का एक मामला बीते देर शाम जारंगडीह मुख्य मार्ग पर देखने को मिली जब एक खुनी कार संख्या जेएच 09 ए जेड 5264 ने अपनी तेज रफ्तारी का शिकार तीन लोगो को बनाया जिसमे दो ससुर व दामाद बताये जाते है जिसकी हालत काफी गंभीर बताई जाती है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते देर शाम सबसे पहले उपरोक्त कार जारंगडीह भगत सिंह चौक पर एक बाइक सवार को टक्कर मार भागने के चक्कर में जारंगडीह कांटा घर के समीप एक और बाइक संख्या जेएच 09 के 6662 को अपना शिकार बनाया जिसमे दो लोग सवार थे।

दोनों चलकरी बस्ती का रहने वाला बताया गया। पहले बाइक पर सवार व्यक्ति को मामुली चोट आई पर दुसरे बाइक को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी की बाइक के परखच्चे उड़ गये और इस पर सवार दोनो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। आनन फानन में लोगो ने दोनो को ढोरी रिजनल अस्पताल पहुंचाया मगर दोनो की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बोकारो बीजीएच भेज दिया।

## विधायक श्वेता सिंह ने शहरी विकास सचिव को बताई समस्याएं, मिला सकारात्मक आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** रांची प्रवास के दौरान बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनहित के विभिन्न मामलों को लेकर प्रोजेक्ट भवन रांची में शहरी विकास एवं आवास विभाग सह पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से भेंट की।

इस मुलाकात में श्रीमती सिंह ने सर्वप्रथम चास नगर निगम में व्याप्त सीवरेज की गंभीर समस्या पेयजल कालोनियों में सुदृढ़ सड़क स्वच्छता के तमाम जनसमस्याओं से सचिव को अवगत करवाया। श्रीमती सिंह ने कहा कि उक्त मामले पिछले 10 वर्षों से लंबित हैं जिसके कारण चास नगर निगम क्षेत्र की जनता लगातार दिक्कतों का सामना कर रही है। विधायक ने कहा कि सीवरेज अव्यवस्थित होने के कारण क्षेत्र में बीमारियों का फैलना आम बात सी हो गई है।

वहीं कई ऐसे मुहल्ले हैं जहां नई सड़क के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सड़कों के जीर्णोद्धार की भी आवश्यकता है।

जुस्को द्वारा पेयजलापूर्ति के कार्यों में तीव्र गति लाने की आवश्यकता है ताकि तय समय पर जनता को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके। विधायक के अनुसार वार्ता के क्रम में सुनील कुमार ने आश्वासन दिया है कि तमाम जनसमस्याओं और सीवरेज की समस्या को प्राथमिकता में रखते हुए और इसके निवारण हेतु जल्द ही डीपीआर बनाकर तथा इसके बाद टेंडर जारी कर इन सभी मामलों का जनहित में निष्पादन किया जाएगा।

## बसंत पंचमी पर बाबा के तिलकोत्सव में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर, दुमका।** बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को देवघर स्थित बाबा बैजनाथ और बासुकीनाथ धाम मंदिर में जल अर्पण करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों के साथ-साथ मिथिलांचल से आये श्रद्धालु जल अर्पण के बाद तिलकोत्सव में शामिल होकर उत्साह मना रहे हैं। बसंत पंचमी के दिन बाबा भोलेनाथ और मैया पार्वती का परम्परा के अनुसार विधि विधान पूर्वक तिलक उत्सव मनाया जाता है। मिथिलांचल से महिला और पुरुष कांवरियां पूरे नियम पूर्वक सुल्तानगंज से जल लेकर गाजे-बाजे के साथ आते हैं और बाबा पर तिलक चढ़ाते हैं। उन लोगों की ऐसा मानयता है की माता पार्वती का माइका मिथिलांचल ही था, इसलिए मिथिलांचल के लोग ही आकर बाबा पर तिलक चढ़ाते हैं और उत्साह मनाते हैं।

बाबा पर तिलक चढ़ाने के साथ ही होली की भी शुरूआत हो जाती है। बसंत पंचमी के दिन से ही लोग मंदिर में अबीर गुलाल लगाकर खुशी मनाते हैं।

स्थानीय प्रशासन और मंदिर पंडा समाज भी बाबा के तिलक उत्सव में शालि रहा। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए अरघा लगाया गया। लोगों ने अरघा के माध्यम से बाबा पर जलार्पण किया। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री संजय झा ने कहा कि बासुकीनाथ मंदिर में वर्षों से चली आ रही परंपरा का हम लोग नियम पूर्वक निर्वहन करते हैं।

## डीपीएस चास के 12वीं के छात्र-छात्राओं को मिली विदाई

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विदाई दी गई। 11वीं के विद्यार्थियों के आकर्षक संगीत व नृत्य की प्रस्तुति ने माहौल को आकर्षक बना दिया। तत्पश्चात कक्षा बारहवीं के छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हेड गर्ल राजेश्वरी सिंह तनुश्री हांसदा एवं हेड बॉय दीप्तांशु प्रकाश ने अपनी भावनाओं और स्कूल में बिताए क्षणों के अनुभव साझा किए। अमित कुमार शर्मा मास्टर स्टाइल अंबरीन फरेहा मिस स्टाइल सोमादीप चौधरी मास्टर पॉपुलर राजेश्वरी सिंह मिस पॉपुलर राधिका श्रीवास्तव मिस वसेर्टाइल के खिताब से नवाजे गए। डॉ तिवारी ने विदा हो रहे छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### झामुमो के स्थापना दिवस में

## कसमार से हजारों झामुमो कार्यकर्ता होंगे शामिल




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** धनबाद में झामुमो का 53वां स्थापना दिवस के भव्य आयोजन के निमित्त कसमार प्रखंड के झामुमो कार्यकताओं ने कसमार में पार्टी के वरीय नेता फारूख अंसारी के नेतृत्व में अयोजित बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि इस बार का स्थापना दिवस समारोह ऐतिहासिक होगा। झामुमो की अगुवाई में हेमंत सरकार द्वारा राज्य के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। खासकर मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना से महिलाएं प्रभावित हैं। स्व बिनोद बिहारी महतो शिबू सोरेन और एके राय के नेतृत्व में गठित झामुमो ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने का कार्य किया है। झामुमो ने आपकी सरकार आपके योजना के माध्यम से राज्य के सभी वर्गों का समन्वित कार्य कर रही है। मौके पर सिकंदर कपरदार जगेश्वर महतो महेंद्र सिंह राजेश महतो मनोहर महतो शिवनंदन महतो एकराम अंसारी दिलीप गंझू राजेन्द्र मुर्मू दिलीप तूरी आजाद अंसारी जानी बाबू परमेश्वर सिंह देवाशीष मुखर्जी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बोकारो में सरस्वती पूजनोत्सव सोल्लास सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ज्ञान विद्या व संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजनोत्सव बोकारो-चास सहित आसपास के इलाके में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे नन्हें विद्यार्थियों के साथ-साथ नवयुवक छात्र-छात्राओं ने कई दिनों से चली आ रही तैयारियों के इस आयोजन को मूर्त रूप दिया। शहर में जगह-जगह छोटे-बड़े आकर्षक पंडालों के बीच मां शारदे की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गयीं तथा उनकी विधिवत पूजा की गयी। मुहल्ले भर के बच्चों अपनी-अपनी किताबें, कापियां आदि देवी सरस्वती के चरणों में रखकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की तथा विद्या की वरदान मांगा। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्य स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती और विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी की देखरेख में पूरा विद्यालय परिवार सफल आयोजन में लगा रहा। चिन्मय विद्यालय बोकारो में मां शारदे की पूजा-अर्चना व भक्ति संगीत के साथ वसंत ऋतु का भव्य स्वागत किया गया।

## रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने मनाया अन्नपूर्णा दिवस

**बोकारो।** स्वर्गीय सूरज देवी चोपड़ा की जयंती पर आई टी आई मोड़ स्थित सहयोग विलेज के सभी बच्चों को भोजन कराया गया। मौके पर रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों के प्रति सद्भावना और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराना ही सच्ची पूजा है। क्लब की चयनित अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन होता है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य मानवता की सेवा है। रोटरी चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की समाज के हर वर्ग से जुड़ना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत और कविताएं भी सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा मुकेश अग्रवाल डिंपल कौर संजय बैद प्रेम शंकर सिंह मंजीत सिंह हरबंस सिंह प्रेम कुमार ललिता चोपड़ा सूमी कौर श्वेता रस्तोगी अर्चना सिंह का अहम योगदान रहा।

## बीजीएच के सेवानिवृत्त डॉ श्रवण को चास रोटरी ने दी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बीजीएच के ब्लड बैंक प्रभारी एवं रोटरी क्लब चास के संस्थापक सदस्य डॉ श्रवण के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन रोटरी भवन चीरा चास में किया गया। अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा एवं सचिव मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से डॉ श्रवण के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्होंने ईमानदारी पूर्वक चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कार्य किया। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने डॉ श्रवण के पेशेवर दृष्टिकोण एवं कर्मठता की प्रशंसा करते हुए सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी।

डॉ श्रवण ने केक काटकर जीवन के नए अध्याय की शुरूआत की। वरीय सदस्य नरेंद्र सिंह एवं माधुरी सिंह ने शॉल ओढ़ाकर डॉक्टर को सम्मानित किया। डॉ श्रवण ने सम्मानित किए जाने पर रोटरी क्लब चास एवं उसके सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोकारोवासियों से उनको बहुत प्यार मिला और भविष्य में भी वे अपनी सेवाएं समाज को देते रहेंगे।

रोटरी क्लब चास के बिनोद चोपड़ा मुकेश अग्रवाल डॉ सुमन डॉ पुष्पा नरेंद्र सिंह मंजीत सिंह माधुरी सिंह प्रेम शंकर सिंह डिंपल कौर श्वेता रस्तोगी कविता मल्लिक अर्चना सिंह ललिता चोपड़ा रितु अग्रवाल राखी चौधरी ने डॉ श्रवण के सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेज एक का शेष

### झारखंड व आंध्र...

इस मामले में नैक निरीक्षण टीम के चेयरमैन, को-आर्डिनेटर और कई सदस्य शामिल पाये गये। इस मामले में सीबीआई ने दो दिनों तक देश के 20 शहरों में छापेमारी कर लाखों की नकदी, कागजात व उपकरण बरामद किए हैं। सीबीआई ने जिन 20 ठिकानों पर छापेमारी की, उनमें चेन्नई, बेंगलुरु, विजयवाड़ा, पलामू (झारखंड), संबलपुर (ओडिशा), भोपाल (मध्य प्रदेश), बिलासपुर (छत्तीसगढ़), गौतमबुद्धनगर और दिल्ली शामिल हैं।

### अमृत स्नान पर ...

केवल स्नान और गंगा पूजन करेंगे। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए उनकी टीम ने सोमवार को रिहर्सल भी किया। तैयारी देखने मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ भी प्रयागराज पहुंचेगे। वह भूटान नरेश के साथ संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

**सेक्टर-20 में बैलून फटा, 6 घायल :** बसंत पंचमी के अमृत स्नान के मौके पर सेक्टर-20 में बैलून फटने से छह लोग घायल हो गये। सभी को एसआरएन की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है।

स्पीड न्यूज

### जापान ने नई पीढ़ी के एच3 रॉकेट से नेविगेशन उपग्रह किया लॉन्च

**टोक्यो।** जापान ने अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को और मजबूत करते हुए रविवार को एच3 रॉकेट के माध्यम से एक महत्वपूर्ण नेविगेशन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। यह उपग्रह जापान की अधिक सटीक और स्वायत्त स्थान निर्धारण प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मिचिबिकी-6 नामक इस उपग्रह को तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया, जो जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप पर स्थित है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (खअअ) ने पुष्टि की कि लॉन्च के सभी चरण सफलतापूर्वक पूरे हुए और उपग्रह को सही कक्षा में स्थापित कर दिया गया। वर्तमान में जापान की अर्ध-जेनिथ उपग्रह प्रणाली (देरर) चार उपग्रहों के साथ कार्यरत है, जिसे 2018 में पूरी तरह सक्रिय किया गया था। यह प्रणाली अमेरिकी जीपीएस तकनीक के साथ मिलकर स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, समुद्री नेविगेशन और ड्रोन संचालन के लिए उच्च-स्तरीय स्थान संबंधी जानकारी प्रदान करती है।

### सऊदी के शाह और सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति ने मुलाकात की

**रियाद।** सऊदी के शाह एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने रविवार को रियाद में द्विपक्षीय संबंधों और सीरिया में नवीनतम विकास पर समीक्षा के लिए एक दूसरे से मुलाकात की ।सऊदी प्रेस एजेंसी ने बताया कि दोनों पक्षों ने सीरिया की सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाने के तरीकों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय विकास और उन्हें संबोधित करने के लिए चल रहे प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सऊदी के शाह ने श्री अल-शरा को सीरिया का राष्ट्रपति पद संभालने पर बधाई दी और सीरियाई लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी सफलता की कामना की।

### दक्षिण अफ्रीका को वित्तीय सहायता देना बंद करेंगे ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका को वित्तीय सहायता देना तब तक के लिए बंद कर देंगे, जब तक कि अमेरिका उन कुछ वर्गों के लोगों की जांच नहीं कर लेता, जिनके साथ वहां बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। श्री ट्रंप ने सबूतों का हवाला दिए बिना दावा किया है कि दक्षिण अफ्रीका में कुछ वर्गों के लोगों के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जा रहा है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में कहा, ह्लदक्षिण अफ्रीका जमीन जब्त कर रहा है और कुछ वर्ग के लोगों के साथ बहुत बुरा व्यवहार कर रहा है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा, हम कार्रवाई करेंगे।

# महाकुम्भ के तीसरे अमृत स्नान में उमड़ा आस्था का जनसमुद्र

## 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**महाकुम्भ नगर।** पंचाक्षरी मंत्र की अनुगूंज, मधुर भजन स्वर लहरी, हर-हर गंगे के जयघोष के मध्य कुम्भ के तीसरे अमृत (शाही) स्नान बंसत पंचमी पर्व पर सोमवार को अखाड़ों और नागा संन्यासियों की अवधूती शान से संगम पर सनातनी आस्था का वैभव मुखर हो उठा। उमंग-उत्साह के बीच बैरागी अखाड़ों के वैराग्य का रंग और नागा संन्यासियों का आकर्षण अलग अलौकिक आध्यात्म की अनुभूति करा रहा था।

महाकुम्भ के अंतिम एवं तीसरे अमृत स्नान के मौके पर प्रयागराज में करोड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। देश के कोने-कोने से यहां पहुंचे अलग-अलग वेशभूषा, बोलचाल, रंग-ढंग के लोगों ने भावनात्मक एकता का शानदार परिचय दिया। बसंत पंचमी के दौरान प्रयागराज की सर्दी श्रद्धालुओं की आस्था के आड़े न आ सकी। आधी रात से संगम में श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगाने के लिए जुटने लगे थे। ये सिलसिला भोर से लेकर दिनभर चला और अभी भी जारी है। मेला प्रशासन ने बताया कि 02 फरवरी की रात्रि से बसंत पंचमी के स्नान मुहूर्त आरंभ हो गया। इस दौरान 40 घाटों पर शाम 06 बजे तक 2.33 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। अभी रात्रि तक स्नान जारी रहेगा। श्रद्धालु लगातार स्नान कर रहे हैं।

तीसरे अमृत स्नान पर अखाड़ों के साधु-संत निर्धारित क्रम एवं समय के अनुसार गाजे-बाजे के साथ संगम तट की ओर प्रातः 4 बजे बढ़े। साधु-संतों और नागा साधुओं की झलक देखने के लिए लाखों श्रद्धालु मार्ग में खड़े थे। साधु-संतों और नागाओं को देखते ही श्रद्धालुओं की भीड़ हर-हर महादेव का जयकारा जोर से लगाती रही। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ अखाड़ों ने अंतिम और तीसरा शाही स्नान किया।

इस अखाड़े ने किया पहला स्नानवर्षों से चली आ रही परम्परा को इस बार भी दोहराया गया। महानिवार्णी एवं शम्भू पंचायती अटल अखाड़ा को स्नान का पहला अवसर मिला। ऐसे में आज सुबह 5 बजे पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी ने अमृत स्नान किया। इसके पीछे अब निरंजनी अखाड़ा, आनन्द अखाड़ा, जूना अखाड़ा, दशनाम आवाहन अखाड़ा और पंचाग्नि अखाड़ा, पंच निमोर्ही, पंच दिगंबर, पंच निवार्णी, अनी अखाड़ा, नया उदासीन अखाड़ा बड़ा उदासीन व अन्य अखाड़े अमृत स्नान कर रहे हैं।

हेलिकाप्टर से पुष्पवर्षा, अभिभूत हुए संत, संन्यासी व श्रद्धालु महाकुम्भ के अंतिम अमृत स्नान में संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। पुष्प वर्षा की शुरूआत सुबह 6.30 बजे से ही हो गई और सायं तक चलती रही, जब तक अखाड़ों का अमृत स्नान जारी रहा।

# रोजगार की स्थिति पर युवाओं को जवाब नहीं दे पा रही है सरकार : राहुल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में विनिर्माण क्षेत्र साठ साल में सबसे कमजोर हुआ है और जिन मोबाइल बनाने का हम दावा कर रहे हैं उसके सारे पुर्जे चीन से आते हैं इसलिए देश के युवाओं को रोजगार पर स्पष्ट जवाब सरकार से नहीं मिल रहा है।

श्री गांधी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र की मतदाता सूची में बहुत अंतर आया है। हजारों नये मतदाता जोड़े गये हैं और भाजपा जहां जीती है उन सीटों पर यह फेरबदल ज्यादा देखने को मिला है इसलिए चुनाव आयोग को यह सूची कांग्रेस, राकांपा तथा शिवसेना को सौंपनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश में भले ही विकास की बात की जा रही है और कहा जा रहा है कि मोबइल भारत मे बनता है, ड्रोन बनाए जा रहे हैं लेकिन सच यह है कि इन सबकी तकनीकी चीन के पास है। भारत में इनके पुर्जों को एसेम्बल कर मोबाइल बनाया जा रहा है और इस तरह से अपने युवाओं को रोजगार के सवाल पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा सकता है।



श्री गांधी ने लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के द्वारा तय होना है इसलिए युवाओं की बात पर सबका फोकस होना चाहिए। देश तरक्की कर रहा है भले ही तेजी से नहीं लेकिन बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। किसी भी सरकार ने देश के युवाओं को उनके सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया है। सरकार कहती है कि विकास हो रहा है लेकिन विनिर्माण गिर रहा है और विनिर्माण उद्योग की वृद्धि दर 60 साल में सबसे नीचे है और सरकार इसे रोकने में असफल हो रही है। उन्होंने कहा , किसी भी देश में उपभोग और उत्पादन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता होती है। पहले उपभोग को व्यवस्थित करना होता है और फिर उत्पादन को व्यवस्थित किया जा सकता है और उपभोग को नये परिवेश में नयी तकनीकि सेवा के जरिए व्यवस्थित किया जा सकता है।

## मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है : खरगे

नयी दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के नारे- सबका साथ विकास विकासह्व को खोखला करार देते हुए सोमवार को कहा कि यह अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बना रही है।

श्री खरगे ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार ह्ल सबका साथ सबका विकासह्व की बात करती है लेकिन गरीबों का विकास नहीं हो रहा है। केवल अमीरों का विकास हो रहा है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज के दाम नहीं मिल रहे हैं।

युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारी नौकरी की 40-50 लाख रिक्तियां हैं। उन भर्तियां नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबके विकास के लिए सरकारी नौकरियों पर भर्ती कर आवश्यक है। विपक्ष के नेता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को सशक्त नहीं करना चाहती हैं और इसलिए सरकारी पदों पर भर्ती नहीं करती है। यह सरकार कृषि को अर्थव्यवस्था का इंजन नंबर एक बताती है लेकिन किसानों को बजट में पर्याप्त पैसा नहीं दिया जा रहा है। किसान अन्नदाता है और वह देश की जनता का पेट भरता है। सरकार को उसकी जरुरतों को पूरा करना चाहिए। श्री खरगे ने कहा कि डालर की तुलना में रुपए की कीमत लगातार गिर रही है जबकि सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। देश में लगातार मंहगाई बढ़ रही है और सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है। सरकार की नीतियां विफल हो रही है।

## विपक्ष के नेता ने गलत तथ्य सदन में रखे हैं : गोयल



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर सदन में गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुये सोमवार को कहा कि विपक्ष के नेता ने नःन सिर्फ देश की छबि अंतराष्ट्रीय स्तर पर खराब की है बल्कि महाकुंभ जैसे आयोजन पर भी राजनीति करने की कोशिश की है।

श्री खरगे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि महाकुंभ में हुयी भगदड़ में हजारों लोगों की मृत्यु हुयी है लेकिन राज्य सरकार आंकड़े छुपा रही है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकाड्र्स ब्यूरो का हवाला देते हुये कहा कि देश में बड़े पैमाने पर किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

श्री खरगे की इन्हीं बातों पर श्री गोयल ने कहा कि विपक्ष के नेता गलत तथ्य रखकर भारत की छबि खराब की है। उन्होंने ब्यूरो के आंकड़े का हवाला देते हुये कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल की तुलना में इससे पूर्ववर्ती सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में 57 प्रतिशत अधिक किसानों से आत्महत्या की थी।

उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री कार्यकाल में तीन फरवरी 1954 को मौनी अमावश्या के दिन कुंभ में मची भगदड़ में 800 लोगों की मौत हुयी थी। श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्रीकाल में 1986 में भी कुंभ में हुयी भगदड़ में 200 लोगों की जाने गयी थी। श्री वीर बहादुर सिंह के मुख्यमंत्रीकाल में अन्य मुख्यमंत्रियों को लेकर कुंभ में जाने से मची भगदड़ में 200 लोगों की मौत हुयी थी। इसके अतिरिक्त 2013 में आयोजित कुंभ में भगदड़ में 42 लोगों की मौत हुयी थी। अभी 40 करोड़ से अधिक लोग आये हैं।

## कांग्रेस नेताओं ने ली स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की शपथ

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी की दिल्ली इकाई का घोषणा पत्र केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वर्णिम दिल्ली बनाने और नागरिकों के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने दिल्ली का वायु प्रदूषण दूर करने, साफ पानी का प्रबंध करने, दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने और यमुना की सफाई करने तथा स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा ली। इसके साथ ही गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और पूर्वांचल के लोगों के हितों का संरक्षण करने, बहनों के खाते में 2,500 रुपये प्रति माह डालने, लोगों को 25 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने, युवाओं की पहली नौकरी पक्की करने, लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने, महंगाई से मुक्ति दिलाने, 500 रुपए में गैस सिलिंडर और राशन किट देने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और वह मजबूती के साथ कांग्रेस के साथ खड़ी है।

## सोनाक्षी सिन्हा ने बेचा अपना बांद्रा पश्चिम का मकान

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने मुंबई में अपना एक मकान 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है। यह घर बांद्रा पश्चिम के एमजे शाह ग्रुप 81 ओरिएंटल इलाके में स्थित था। इस इलाके में सुनील शेट्टी, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे कुछ बड़े अभिनेताओं के घर भी हैं। एमजे शाह ग्रुप 81 ऑरियट परियोजना 4.48 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें कई 4 बीएचके मकान हैं। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने 2020 में यह मकान 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब उन्होंने उसी घर को 22.50 करोड़ रुपये में बेच दिया है।


अफीम की खेती की रोकथाम के लिए झारखड पुलिस की अपील!



अफीम की खेती को ना कहें, नशे के खतरों से भविष्य को बचाएं, इसके खिलाफ अभियान में सहयोग करें...

झारखंड पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अफीम की खेती के खिलाफ अभियान में सहयोग करें। अफीम की खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होती है तथा जलस्त्रोत दूषित होता है। इससे मानव जीवन और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि आपके निजी खेत में अफीम का फसल लगायी गयी है, तो आप सभी स्वयं नष्ट कर लें।

अफीम की खेती करने वालों के विरूद्ध NDPS एवं PITNDPS अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। अफीम की खेती करने पर 20 वर्ष आजीवन कारावास तक की सजा एवं भारी जुर्माना हो सकता है। अफीम की खेती, परिवहन एवं दुरूपयोग से निपटने के लिए इस गतिविधि में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अर्जित अवैध संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा।

निवेदक,
झारखंड पुलिस

PRNO 345665 (Police) IPRD 24-25


# दो दशक से बंद उप स्वास्थ्य केंद्र पोटाली फिर हुआ बहाल, डब्ल्यूएचओ ने माना बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पोटाली नक्सली हिंसा के कारण करीब 20 वर्षों से बंद पड़ा था जो फिर से बहाल हो गया है। दुरूह नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र पोटाली के पूरी तरह से कार्यशील होने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया है।

भारत सरकार के अस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम, छत्तीसगढ़ सरकार की नियाद नेल्लानार योजना और डब्ल्यूएचओ इंडिया के सहयोग से इस उप स्वास्थ्य केंद्र को आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह केंद्र अब तीन गांवों के 2,583 निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में छह बेड का वार्ड के साथ ही एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एक ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी और 26 आशा कार्यकताओं को (मितानिन) पदस्थ किया गया है। पोटाली में उप स्वास्थ्य केंद्र 2003 में बनाया गया था, लेकिन नक्सलियों की धमकियों के कारण इसे कभी चालू नहीं किया जा सका। इसके चलते स्वास्थ्य सेवाएं 10 किमी दूर किकरी पारा गांव के एक अस्थायी केंद्र से संचालित की जा रही थीं, जिससे ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वर्ष 2021 में सरकार ने इसे आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र के रूप में विकसित करने का फैसला किया और विश्व स्वास्थ्य संगठन इंडिया ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

अप्रैल 2023 में अरनपुर में आईईडी विस्फोट में 10 सुरक्षाकर्मियों की मौत के बाद निर्माण कार्य रुक गया और ठेकेदारों ने डर के कारण काम बंद कर दिया। इसके बाद नवंबर 2023 में जब इसे दोबारा शुरू करने की कोशिश की गई, तो परियोजना का नेतृत्व कर रहे जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य जोगा राम की हत्या कर दी गई, जिससे विकास कार्य एक बार फिर बाधित हो गया। स्थानीय निवासियों, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के मजबूत इरादों के चलते इस परियोजना को पुनः गति मिली और अंततः यह स्वास्थ्य केंद्र अब पूरी तरह से बहाल हो गया।